डालटनगंज
(मेदिनीनगर)
शुक्रवार
04.11.2022
कार्तिक शुक्ल पक्ष 11
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

www.rastriyanaveenmail.com | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | वर्ष-29 अंक-20 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

रश्मि प्रवाह

खुद को काटकर भी रख दोगे, तब भी ये दुनिया आपसे खुश नहीं होगी, इसलिए वह करो जो दिल चाहे, वह मत करो जो दुनिया चाहे, क्योंकि दुनिया की पसंद को बदलते वक्त नहीं लगता है।



सीएम हेमंत सोरेन ने ईडी को दी खुली चुनौती

आओ, मुझे गिरफ्तार कर लो...

नवीन मेल संवाददाता

रांची। ईडी द्वारा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को समन जारी करने के विरोध में गुरुवार को रांची के मोरहाबादी मैदान में झामुमो कार्यकर्ताओं का महाजुटान हुआ। इस दौरान रांची का मोरहाबादी मैदान झारखंड मुक्ति मोर्चा के आक्रोश का गवाह बना। प्रदेश भर से आये कार्यकर्ताओं ने ईडी की हालिया कार्रवाई का जमकर विरोध किया। पार्टी कार्यकर्ताओं को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अलावा कई अन्य नेताओं ने संबोधित किया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि भाजपा प्रदेश की मौजूदा सरकार को अस्थिर करने के कई प्रयोग पहले भी कर चुकी है, लेकिन असफल होने पर अब केंद्रीय एजेंसियों का दुरूपयोग कर रही है। श्री सोरेन ने खुली चुनौती देते हुए कहा कि अगर मैं गलत हूं, तो पूछताछ नहीं बल्कि सीधे-सीधे ईडी मुझे गिरफ्तार कर ले। उन्होंने कहा कि झारखंड वीरों की भूमि है और हमें अपने पुराने जज्बे को फिर से बहाल करना होगा। श्री सोरेन ने कहा कि

विपक्ष लाख जतन कर ले, लेकिन राज्य की जनता के मिले समर्थन से यह सरकार अपना कार्यकाल पूरा करेगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि ईडी की ओर से समन भेजना एक साजिश का नतीजा है, वो डरनेवाले नहीं हैं, ईडी आये और मुझे गिरफ्तार करे। उन्होंने कहा कि आदिवासी नृत्य महोत्सव में शामिल होने के लिए उनका गुरुवार को रायपुर जाने का कार्यक्रम पूर्व निर्धारित था। इसके बावजूद ईडी ने जान-बूझकर आज का दिन चुना। सीएम ने कहा कि हम घबरानेवाले नहीं हैं, हमें गिरफ्तार करके दिखाये। श्री सोरेन ने कहा कि अगर हमने जेल अभियान शुरू किया, तो जेल में जगह नहीं बचेगी। विरोधियों पर तीखा प्रहार करते हुए श्री सोरेन ने कहा कि विपक्ष कभी राजभवन, तो कभी ईडी ऑफिस का चक्कर लगा रहा है ताकि किसी तरह इस सरकार को घेरा ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

इंतजार करते रहे ईडी अफसर, सीएम ने मांगा तीन हफ्तों का वक्त

रांची। झारखंड में एक हजार करोड़ से अधिक के अवैध खनन के मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गुरुवार की सुबह 11.30 बजे ईडी के जोनल ऑफिस में हाजिर नहीं हुए। उन्होंने शाम तीन बजे विशेष दूत के माध्यम से संदेश भिजवाया कि वह झारखंड स्थापना दिवस समेत कई कार्यक्रमों में व्यस्त हैं, ऐसे में वह तीन हफ्तों के बाद ईडी के समक्ष हाजिर हो सकते हैं। सीएम के पत्र मिलने के बाद ईडी ने टाइम पीटिशन पर कोई आधिकारिक फैसला नहीं लिया है। ईडी अधिकारियों ने इस मामले की जानकारी मुख्यालय को दी है। मुख्यालय के निर्देश के बाद इस संबंध में ईडी आगे की कार्रवाई को लेकर फैसला लेगी।

ईडी के अधिकारी करते रहे इंतजार, बढ़ा दी गयी थी सुरक्षा : ईडी जोनल कार्यालय में गुरुवार को दिल्ली से आये अधिकारियों के साथ-साथ स्थानीय डिप्टी डायरेक्टर व असिस्टेंट डायरेक्टर स्तर के अधिकारियों की टीम इंतजार कर रही थी। इस दौरान ईडी के कार्यालय के बाहर सुबह से ही सुरक्षाबलों की भारी संख्या में तैनाती की गयी थी। सीआरपीएफ व पुलिस के जवानों को ईडी कार्यालय के बाहर तैनात किया गया था, ताकि कोई अवांछित व्यक्ति कार्यालय में प्रवेश न कर सके। ईडी को सूचना मिली थी कि कार्यालय के बाहर भी प्रदर्शन हो सकता है, ऐसे में सुरक्षा की ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

पलामू में महिला को जिंदा जलाने का प्रयास, रांची रेफर

घटना विश्वासिया गांव की, थाने में मामला दर्ज

नवीन मेल संवाददाता

हैदरनगर। पलामू के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के विश्वासिया गांव में एक महिला ने अपने गांव के ही लोगों पर अपनी बेटी को पेट्रोल छिड़ककर जिंदा जलाने का आरोप लगाया है। घटना बुधवार भोर की बतायी जा रही है। इस संबंध में महिला की माँ कुंती कुँवर ने हुसैनाबाद थाना में एक लिखित आवेदन दिया है। जिसमें उसने यह आरोप गांव के पंचम यादव, प्रवेश यादव, समुद्री देवी पर लगाया है। उक्त महिला के आवेदन के आलोक में हुसैनाबाद थाना में नामजद अभियुक्तों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है। महिला ने दर्ज प्राथमिकी में लिखी है कि हमारी बेटी बेबी देवी बुधवार रात्रि के भोर में सुबह करीब 4:30बजे घर से निकसार के लिए निकली थी । इसी क्रम में उक्त तीनों लोगों ने हमारी बेटी के ऊपर पेट्रोल डाल कर आग लगा दी। जिससे वह पूरी तरह झुलस गई है। उसके चिल्लाने की आवाज सुनकर जब हमलोग बाहर निकले तो देखा की मेरी बेटी आग में जल रही है। किसी तरह आग बुझाई। तब तक वह पूरी तरह से झुलस गई थी। ग्रामीणों की मदद से उसे तत्काल हुसैनाबाद अनुमंडलिय अस्पताल में लाया गया। जहाँ चिकित्सकों ने प्राथमिकी उपचार के बाद उसकी हालत को देखते हुए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। महिला ने उक्त सभी लोगों पर पूर्व में भी परिवार के सदस्यों के साथ बेवजह मारपीट एवं गाली गलौज करने का आरोप लगाया है। समाचार लिखे जाने तक सूत्रों से जानकारी मिली है कि महिला की स्थिति काफी गम्भीर है। जिसे रांची भेज रेफर कर दिया गया है। इधर इस संबंध में थाना प्रभारी जगन्नाथ धान ने बताया कि लिखित शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है। शीघ्र ही आरोपियों की गिरफ्तार कर ली जायेगी।

न्यूज गैलरी

खूंटी में राष्ट्रपति महिला सम्मेलन को करेंगी संबोधित

खूंटी। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू (खूंटी) में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के प्रस्तावित कार्यक्रम पर प्रसन्नता जताते हुए उनका हार्दिक स्वागत किया है। श्री मुंडा ने कहा कि देश की प्रथम जनजातीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का उलिहातू और खूंटी आना खूंटीवासियों के लिए गौरव की बात होगी। राष्ट्रपति उलिहातू में भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धासुमन अर्पित करने के बाद खूंटी में महिला सम्मेलन सह जनजातीय महिला स्वयं सहायता समूहों को संबोधित करेंगी।

स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस में चढ़ने के दौरान गिरा युवक, मौत

चंदवा। बरकाकाना-बरवाडीह सीआईसी सेक्शन अंतर्गत टोरी जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या चार पर फुट ओवरब्रिज के समीप गुरुवार देर शाम दर्दनाक हादसा हो गया। बताया जाता है कि एक युवक स्वर्ण जयंती एक्प्रेस में चढ़ने की कोशिश कर रहा था तभी उसका पैर फिसला और वह ट्रेन के पहिये के निचे आ गया जिससे कि उसकी मौत मौके पर हो गई।घटना की सूचना मिलते ही टोरी आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार, उप निरीक्षक मणिकांत कुमार घटनास्थल पर पहुंचे और शव को ट्रैक से किनारे कराया। पुलिस को मृतक के पास से कोई भी आईडी प्रूफ नहीं मिला जिससे कि उसकी पहचान हो सके।खबर लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई थी।

रायपुर में आदिवासी नृत्य महोत्सव कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने की शिरकत

रांची/रायपुर। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आदिवासी नृत्य महोत्सव कार्यक्रम में शिरकत की। इस दौरान छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। श्री सोरेन ने कहा कि हमारा आदिवासी समाज समृद्ध ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

पलामू सेन्ट्रल जेल में बंद अपराधी के लिए कौन करता था थ्रेट कॉल?

एटीएस ने कर ली आवाज की पहचान

मेदिनीनगर। झारखंड पुलिस के लिए सिरदर्द बना गैंगस्टर अमन साहू के गुर्गों तक पहुंचने के लिए एटीएस लिंक तलाश रही है। इसके लिए एटीएस की एक टीम ने मेदिनीनगर सेंट्रल जेल में आकर साव से पूछताछ की है। पूछताछ और जांच में यह तथ्य सामने आया है कि गिरिडीह के जेल अधीक्षक, मेदिनीनगर के जेल अधीक्षक और जमशेदपुर जेल के अधिकारियों को धमकी देने और रंगदारी के लिए कई व्यवसायियों-ठेकेदारों को धमकाने वाले शख्स की आवाज एक ही है। इस आवाज का टोन यूपी के मेरठ साइड का है। हालांकि अमन ने पूछताछ में कुछ और ही बताया है। पिछले दिनों राजधानी रांची के एक कारोबारी से रंगदारी मांगी गई थी। इसके बाद एटीएस ने पलामू समेत राज्य के 12 जिलों में अमन साव से जुड़े लिंक की तलाशी के लिए छापेमारी की थी। पलामू में भी कई ठिकानों पर छापेमारी हुई और कुछ लोगों से पूछताछ की गई। इसके बाद एटीएस ने रांची के साथ ही चतरा जिले के एक मामले को लेकर पलामू पहुंचकर मेदिनीनगर सेंट्रल जेल में बंद अमन साहू से पूछताछ की है। मेदिनीनगर सेंट्रल जेल में बंद अमन साहू से पूछताछ के दौरान मेदिनीनगर समेत विभिन्न जेलों के अधिकारियों और व्यवसायियों को धमकी की आवाज अमन साहू को सुनाई गई। पूछा गया- यह कौन है और कहां से धमकी दे रहा है। अमन साव ने बताया कि धमकी देने वाला कनाडा में रहता है। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

पीएम मोदी का जांच एजेंसियों को बड़ा आदेश, भ्रष्टाचारी बचने नहीं चाहिए

नयी दिल्ली (एजेंसी)। भ्रष्टाचार रोधी एजेंसियों के प्रति बेहिचक समर्थन जताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों के विरूद्ध कार्रवाई करनेवाले संगठनों को ना तो रक्षात्मक होने की और ना ही अपराध बोध में जीने की जरूरत है, क्योंकि निहित स्वार्थ वाले उनके काम में बाधा डालने और उन्हें बदनाम करने की कोशिश करते रहेंगे। यहां विज्ञान भवन में केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) के सतर्कता जागरूकता सप्ताह के उपलक्ष्य में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी कीमत पर भ्रष्टाचारी बचने नहीं चाहिए और उन्हें राजनीतिक व सामाजिक प्रश्रय भी नहीं मिलना चाहिए। मोदी ने कहा कि भ्रष्ट लोग कितने भी शक्तिशाली क्यों न हों, उन्हें किसी भी परिस्थिति में नहीं बचाना चाहिए, यह आप जैसे संगठनों की जिम्मेदारी है। किसी भी भ्रष्ट व्यक्ति को राजनीतिक-सामाजिक समर्थन न मिले, हर भ्रष्ट व्यक्ति को समाज कटघरे में खड़ा करे, ऐसा माहौल बनाना भी जरूरी है। उन्होंने भ्रष्टाचार को

एक बड़ी बुराई बताया और सभी को इससे दूर रहने की सलाह दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई करनेवाले सीवीसी जैसे संगठनों और एजेंसियों को रक्षात्मक होने की कोई जरूरत नहीं है, क्योंकि देश की भलाई के लिए काम करनेवालों को अपराध बोध में जीने की जरूरत नहीं है। गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में अपने अनुभव साझा करते हुए मोदी ने कहा कि देश के लिए ईमानदारी से काम करते समय कुछ भी अगर इस प्रकार के विवाद खड़े होते हैं तो आपको रक्षात्मक होने की जरूरत ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

रेलवे निर्माणाधीन फ्रेट कॉरिडोर पर बढ़ाई गई सुरक्षा, कई बार हो चुका है हमला

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू रेलवे के सेंट्रल इंडस्ट्रियल कोर सेक्शन के सोननगर से पतरातू तक निमार्णाधीन फ्रेट कॉरिडोर पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सोननगर से पतरातू तक करीब 250 किलोमीटर लंबी रेल लाइन है। इस रेलखंड पर तीसरी पटरी बिछाई जा रही है। एक हफ्ते पहले लातेहार के चंदवा में माओवादियों ने रेलवे के फ्रेट कॉरिडोर का निर्माण कर रही कंपनी पर हमला किया था। इस हमले में तीन मजदूर गंभीर रूप से जख्मी हुए थे। इस हमले के बाद रेलवे फ्रेट कॉरिडोर पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। लातेहार में नक्सल नक्सल गतिविधि को ध्यान में रखकर जबकि पलामू में आपराधिक गतिविधि को ध्यान में रखकर सुरक्षा बढ़ाई गई है। पलामू रेंज के डीआईजी राजकुमार लकड़ा ने कुछ दिनों पहले चंदवा के इलाके में दौरा कर सुरक्षा की समीक्षा की थी। डीआईजी राजकुमार लकड़ा ने बताया कि रेलवे फ्रेट कॉरिडोर बना रही कंपनी को सुरक्षा दी गई है और सभी बिंदुओं पर पुलिस अलर्ट है। दरअसल निमार्णाधीन रेलवे फ्रेट कॉरिडोर पर अब तक आधा दर्जन बार हमले हो चुके हैं। पलामू के इलाके में निमार्णाधीन कंपनी से रंगदारी के लिए सुजीत सिन्हा और अमन साव गिरोहों ने तीन बार हमले करवाए हैं। यह हमले पलामू के पड़वा थाना क्षेत्र के कजरी हैदरनगर और मोहम्मदगंज के इलाके में हुआ है। जबकि नक्सल के द्वारा लातेहार और चंदवा के इलाके में हमले हुए हैं। कुछ महीने पहले केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मामले में संज्ञान लिया था। सुरक्षा को लेकर पुलिस मुख्यालय में बड़ी बैठक हुई थी। उस दौरान कहा गया था कि निर्माण कार्य कर रही कंपनी पर हमला हुआ तो संबंधित क्षेत्र के थानेदार जिम्मेदार होंगे।

युवक-युवतियां इश्कबाजी के चक्कर में पड़ रहे हैं बीमार

- आरएनएम

नयी दिल्ली। 12वीं का एक छात्र बीमार रहने लगा, तो मां-बाप को चिंता हुई। उसे भूख लगनी कम हो गयी। हर समय तनाव में रहता। तनाव से बेहोश तक

लवेरिया के कारण हो रही है जिंदगी तबाह

होने लगा। इसे परीक्षा का तनाव मानकर मां-बाप जब मनोचिकित्सक के पास पहुंचे, तो मामला कुछ और ही निकला। छात्र ने काउंसलर को बताया कि उसकी गर्लफ्रेंड ने उससे बात करना बंद कर दिया है, उससे यह बर्दाश्त नहीं हो रहा है। चिकित्सकों का कहना है कि इन दिनों लगभग दस प्रतिशत केस ऐसे ही आ रहे हैं। इसे चिकित्सकीय भाषा में डिसोसिएटिव डिसऑर्डर कहते हैं। ये कई तरह के होते हैं। इनमें एक स्थिति ऐसी है जब इंसान अपनी दुनिया में खो

जाता है। ये विघटनकारी विकार मनोवैज्ञानिक आघात से उत्पन्न होते हैं। इसके शिकार लोगों में किशोर-किशोरियों और युवक-युवतियों की संख्या बराबर है। पिछले तीन-चार सालों में यह परेशानी बढ़ी है। सोशल मीडिया पर रिश्ते आसानी से बन रहे हैं, लेकिन जब इनमें धोखा मिलता है तो युवक-युवतियां न तो किसी से मन की बात साझा कर पाते हैं और न ही इस स्थिति को सहन कर पाते हैं। ऐसे में तनाव से बीमार पड़ जाते हैं। इसी तरह बीटेक की एक छात्रा की तबीयत अचानक बिगड़ती चली गयी, वह बेहोश हो गयी। डॉक्टर को दिखाया गया, लेकिन तबीयत ठीक नहीं हुई। उसे चक्कर आते, सिर में दर्द रहता और बुखार आ जाता। मां-बाप को लगा कि तनाव पढ़ाई का है, क्योंकि परीक्षा नजदीक थी। लेकिन जब मनोचिकित्सक को दिखाया तो पता चला कि उसे दोस्ती में दगा मिली है। उसने मनोचिकित्सक को बताया कि उसकी जिस युवक से दोस्ती थी, वह उसे ब्लैकमेल करने की ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

इन हालात में माता-पिता, क्या करें

- बच्चों के साथ दोस्ताना व्यवहार करें ताकि वह अपने मन की बात साझा करने में हिचक महसूस न करें।
- बच्चों पर अपने फैसले न थोपें, इससे वे तनाव में आते हैं और फिर दूरी बनाने लगते हैं।
- बच्चों से 24 घंटे में कम से कम एक बार बात जरूर करें, उनके व्यवहार में बदलाव आये तो इसे समझें।
- बच्चों को भावनात्मक जुड़ाव महसूस करायें, वे कोई गलती करें तो प्यार से समझायें।

गुजरात में एक और पांच दिसम्बर को वोटिंग

आठ दिसम्बर को हिमाचल के साथ ही आयेंगे नतीजे

नयी दिल्ली (एजेंसी)। गुजरात में विधानसभा चुनाव के लिए दो चरणों में एक और पांच दिसम्बर को मतदान होगा और मतों की गिनती हिमाचल प्रदेश के साथ ही आठ दिसम्बर को होगी। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने प्रेस कॉनफ्रेंस में गरुवार को यह घोषणा की। गुजरात की कुल 182 सदस्यीय विधानसभा के लिए पहले चरण में 89 सीटों पर और दूसरे चरण में 93 सीटों पर मतदान होगा। भाजपा ने गुजरात में पिछले छह विधानसभा चुनावों में लगातार जीत दर्ज की है। साल 2017 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 99 सीट जीती थीं जबकि कांग्रेस को 77 सीट मिली थीं। प्रतिशत के लिहाज से देखा जाये तो उस चुनाव में भाजपा को 49.05 प्रतिशत मत मिले थे जबकि कांग्रेस को 42.97 प्रतिशत मत मिले थे। पिछले विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस के कई विधायक भाजपा में शामिल हो गये। इस वजह से विधानसभा में भाजपा के सदस्यों की संख्या बढ़कर 111 हो गयी जबकि कांग्रेस के सदस्यों की संख्या घटकर 62 पर पहुंच गयी। इस बार के विधानसभा चुनाव में दिल्ली की सत्ताधारी आम आदमी पार्टी भी अपना ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

कर संग्रहण के नाम पर नप कर रहा भयादोहन

सुविधा नगण्य, पेयजलापूर्ति तक भी नहीं करता

नवीन मेल संवाददाता

बिश्रामपुर। नगर परिषद कर संग्रहण के नाम पर आम लोगों का भयादोहन कर रहा है। नगर परिषद द्वारा आम लोगों को मिलने वाली सुविधा लगभग नगण्य है। यहां तक की नगर परिषद द्वारा पेयजलापूर्ति तक भी नही की जाती। टैक्स हर चीज में कड़ाई से वसूली जा रही है। ताजा मामला चापानल गड़वानें पर भी टैक्स वसूलने का है। पेयजल के लिए तरस रहे लोग जब अपने निजी खर्च से चापानल गड़वा रहे तो उनसे भी टैक्स वसूला जा रहा है । जिसके चलते आम लोगों पर लगभग पांच हजार रूपए का अतरिक्त बोझ पड रहा है। जिसके चलते आम लोगों में नगर परिषद प्रशासन के खिलाफ रोष बढ़ता जा रहा है।

कर संग्रहण के नाम पर बनाया नया नियम : जिसके तहत नगर परिषद से निबंधित वोर गाड़ी ही बोरिंग करेगी। निबंधन के लिए बोर गाड़ी मालिकों से 50 हजार रुपए लिया गया। इसके अलावा पेयजल के लिए बोर करा रहे लोगों से भी दो हजार टैक्स लिया जा रहा है। अब निबंधित गाड़ी मालिक नगर परिषद क्षेत्र में बोर का रेट एका एक डेढ़ गुना बढ़ा दिए। जिसके चलते आम लोगो को पेयजल के लिए एक बोर कराने पर पांच हजार रुपया ज्यादा भरना पड़ रहा है। इस अतरिक्त बोझ से आम लोग कराह रहे हैं। निवर्तमान नप जनप्रतिनिधियों का आरोप है कि कुछ चहेते गाड़ी मालिकों को फायदा पहुंचाने के लिए यह नया नियम लाया गया है। इसके लिए पूरा प्लान तैयार किया गया। अब स्थित यह है कि सिर्फ एक निबंधित गाड़ी ही नप क्षेत्र में बोर कर रही है और ग्रामीणों से मानमाना पैसा वसूल रही है। जिसमे नप कार्यालय का भी हिस्सा होता है। इस आरोप की सच्चाई को सामने लाने के लिए जांच की जरूरत है। जांच की मांग को लेकर जल्द ही निवर्तमान नप प्रतिनिधियों का एक प्रतिनिधिमंडल नगर विकास विभाग के सचिव से मिलेगा। मुख्यमंत्री को भी पूरे मामले से अवगत करायेगा।

नप कार्यालय का फरमान जजिया कर की याद दिलाता है : हलीमा बीबी

निवर्तमान नप अध्यक्ष हलीमा बीबी ने कहा कि नगर परिषद प्रशासन पूरी तरह से मनमानी पर उतर गया है। नप क्षेत्र में पेयजल की किल्लत है। उसके लिए पेयजलापूर्ति करने के बजाए अपने चहेतों के माध्यम से वसूली करवा रहा है। नप का यह नया फरमान जजिया कर की याद दिला रहा है।

नियम के दायरे में हो रहा सभी कार्य : मो. प्रवेज : बिश्रामपुर नगर परिषद के सहायक नगर आयुक्त मो. प्रवेज ने कहा कि सभी कार्य नियमों के दायरे में हो रहा है। नप क्षेत्र में दस दस फीट के अंतराल में बोर कराकर लोग जलस्तर को प्रभावित कर रहे थे। इस नियम से भू-गर्भ जलस्तर का दोहन भी रुकेगा और नगर परिषद को राजस्व भी प्राप्त हो रहा है। अगर निबंधित बोर गाड़ी मालिक कुछ गलत कर रहा है तो उसकी शिकायत करें,उचित कार्रवाई होगी।

मुक्ति के लिये रामनाम का जाप जरूरी : रविन्द्र

हुसैनाबाद। पलामू जिले के हुसैनाबाद सिटी के जेपी चौक स्थित पूर्व उप प्रमुख यमुना सिंह के आवास परिसर में आयोजित अष्टजाम अखंड कीर्तन का गुरुवार को विसर्जन किया गया। इस अष्टजाम कार्यक्रम में सिटी के अलावा पोलडीह, बेडौलिया, मांडर, कोशी, सिंदुरिया, अलीनगर, निमहत, टोंगरा समेत दर्जनों गांव के श्रद्धालु शामिल हुए। विसर्जन कार्यक्रम की शुरूआत अयोध्या विवहूति भवन के शिष्य व परिकर चंद्रदीप सिंह ने रामधुनी व मंगलाचरण से की। उन्होंने कहा कि कलियुग में इस तरह के रामनाम का जाप से ही विश्व का कल्याण होगा। भृगुनाथ सिंह ने कई कर्णप्रिय भजन प्रस्तुत करते हुए कहा कि मोक्ष का यह सबसे सरल मार्ग है। मौके पर भाजपा नेता रविंद्र कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह ने कहा कि प्रतिवर्ष अक्षय नवमी तिथि को यह आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र व समाज में सुख शांति व समृद्धि की कामना से इस आयोजन में दर्जनों गांव के कीर्तन मंडली शामिल होते हैं।

न्यूज गैलरी

ट्रांसपोर्ट गोदाम में आग लगने से 80 लाख का नुकसान

हरिहरगंज। बंजारी मोहल्ला स्थित ब्लूमिंग बड्स ग्लोबल स्कूल परिसर में झारखंड-बंगाल फ्राइट कैरियर प्राइवेट लिमिटेड के गोदाम में बुधवार की रात आग लगने से लगभग 80 लाख का समान जलकर खाक हो गया। गोदाम में बुधवार की शाम एक ट्रक ट्रांसपोर्ट का माल उतरा था। गोदाम संचालक अरूणजय ठाकुर ने अज्ञात लोगों द्वारा आग लगाने की संभावना जताई है। गोदाम के बाहर खड़े मारुति वैन भी जलकर पूरी तरह नष्ट हो गया है। साथ ही स्कूल के ऑफिस को भी आंशिक क्षति पहुंची है। गुरुवार की सुबह आसपास के लोगों ने गोदाम से धुआं उठता देख संचालक को इसकी सूचना दी। बाद में लोगों ने मोटर पंप तथा डीजल पंप के सहारे आग पर काबू पाया। आग लगने की सूचना पाकर एसआई प्रकाश कुमार गुप्ता घटनास्थल पर पहुंचे। जांच के दौरान उन्होंने पाया कि स्कूल के मेन गेट के समीप लगे सीसीटीवी कैमरा को उखाड़ दिया गया है। इससे किसी व्यक्ति के द्वारा आग लगाये जाने की संभावना प्रबल हो गयी है। वही आग लगने की सूचना पाकर बड़ी संख्या में लोग घटना स्थल पर जुटें। साथ ही बदहवास पीड़ित परिवार को लोगों ने सांत्वना दिया।

प्रखंड अध्यक्ष सुनीता को पति शोक

बिश्रामपुर। प्रखंड स्थित गुरहा ग्राम भाजपा महिला मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष सुनीता सिंह के पति शंकर सिंह का निधन विगत रात्रि हो गया। वे कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। निधन की सूचना पाकर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उनके घर पहुंचे। और परिवार वालों से मिलकर ढांढस बंधाया एवं हर तरह से सहयोग करने की बात कही । दिवंगत आत्मा के लिए ईश्वर से प्रार्थना की डॉक्टर सागर चंद्रवंशी ने आर्थिक मदद करते हुए कहा कि मैं हर समय आपके दुख में साथ हूं। मौके पर विश्रामपुर मंडल अध्यक्ष रमेश तिवारी, उपेंद्र तिवारी, रामानंद तिवारी, प्रमोद दीक्षित उपस्थित थे।

हेल्पलाइन सेंटर कार्यालय का उद्घाटन

छत्तरपुर। नगर पचांयत के लोग कई गंभीर समस्याओं से जूझ रहे है। वहीं राहत पंहुचाने के लिये नगर पंचायत मुख्यालय के ठाकुरबाड़ी के सामने हेल्पलाइन सेंटर की स्थापना नगर पंचायत के पूर्व और भावी प्रत्याशी अरविंद गुप्ता चुनमुन के द्वारा की गयी है। जिसका उद्घाटन स्थानीय गणमान्य लोगों ने किया। उद्घाटनकर्ताओं में छत्तरपुर के पूर्व मुखिया, पुखराज सिंह, मानकी चन्द्रवंशी, हरिचरन प्रजापति, जगदीश बैठा, जय गुप्ता, गोपाल चन्द्रवँशी, तौहीर अंसारी, सुनील गुप्ता, नौशाद खान, रौशन हुसैन ने संयुक्त रूप से फीता काट कर और नारियल फोड़ कर किया। मौके पर अरविंद गुप्ता ने कहा कि नगर में व्याप्त कुव्यवस्था और जनसमस्याओं से निबटने में यह हेल्पलाइन सेंटर और हेल्पलाईन नम्बर 9304883801 बेहतर कार्य करेगा। लोग अपनी समस्या फोन के द्वारा या कार्यालय में आ कर दर्ज करा सकते हैं । जिसके निराकरण की कोशिश यह हेल्पलाइन सेंटर करेगा। वहीं उपस्थित अतिथियों ने हेल्पलाइन नम्बर की शुरूआत पर प्रसन्नता व्यक्त की और इसके शुरूआत के लिए अरविंद गुप्ता और उनकी पूरी टीम को धन्यवाद दिया।

आपकी योजना आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

उटांरी रोड। प्रखंड के जोगा पंचायत में गुरुवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार के तहत एकदिवसीय शिविर का आयोजन हाई स्कूल जोगा खेल मैदान के प्रांगण में किया गया। जिसका उद्घाटन बीडीओ ललित राम, बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक सिंह, बीपीओ अरबिंद सिंह, मुखिया प्रतिनिधि रामकृष्ण पाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में मामलों का निपटारा ऑन स्पॉट किया गया। शिक्षा विभाग द्वारा दी जाने वाली बच्चों का ड्रेस एवं असहाय गरीब लोगो के बीच बीडीओं ने कम्बल का वितरण किया गया। मौके पर प्रधान सहायक प्रित्तम प्रफुल एक्का, नजीर राकेश यादव, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार गुप्ता, रोजगार सेवक अवधेश विश्वकर्मा, दिनेश कुमार, मकबूल अंसारी, अंचल निरीक्षक राजकुमार प्रसाद, ओपरेटर अनुज कुमार, अरिफ अंसारी, निपेन्द् कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

बीजेएमसी जिलाध्यक्ष विश्रामपुर नप अध्यक्ष पद का लड़ेंगे चुनाव

विश्रामपुर। भारतीय जनता मजदूर सेल के जिलाध्यक्ष ऋतुराज मिश्रा बिश्रामपुर नगर परिषद के अध्यक्ष पद का चुनाव लडेंगे। इसकी घोषणा उन्होंने आज छिपादोहर गांव स्थित अपने पैतृक आवास पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में किया। श्री मिश्रा ने कहा कि जिस सपने के साथ पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी ने बिश्रामपुर नगर निकाय का गठन कराया था। वह आज भी अधूरा है। जिसका मुख्य कारण अब तक चुने हुए नप प्रतिनिधियों की अकर्मण्यता रहा है। लेकिन इस बार तस्वीर बदलेगा। जानता अच्छे सोच वाले व्यक्ति को मौका देगी। उन्होंने कहा कि बिश्रामपुर नगर परिषद के पूर्ण विकास का विजन लेकर चुनाव लड़ने जा रहा हूं । जानता का सहयोग और समर्थन भी मिलेगा।

प्रधानाध्यापक पर चावल गबन का आरोप

नवीन मेल संवाददाता

हैदरनगर । प्रखंड क्षेत्र के अपग्रेड मध्य विद्यालय सरगड़ा हैदरनगर दक्षिण भाग के प्रधानाध्यापक श्यामलाल राम पर मध्यान भोजन का चावल बेचकर राशि गबन करने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले को लेकर सैकड़ों ग्रामीणों ने एक हस्ताक्षर युक्त आवेदन बीईओ हैदरनगर एवं समन्वयक को देकर उक्त प्रधानाध्यापक श्यामलाल राम पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की हैं । ग्रामीणों ने इस पत्र की प्रतिलिपि डीएसी पलामू,बीडीओ हैदरनगर, जिला परिषद सदस्य हैदरनगर,बीईओ हैदरनगर, एवं पंचायत समिति सदस्य चौकड़ी ,मुखिया चौकड़ी पंचायत को भी दिया हैं। पत्र में आरोप हैं कि उत्क्रमित मध्य विद्यालय सरगड़ा के प्रधानाध्यापक श्यामलाल राम के द्वारा सितम्बर 2022 में बच्चों का मध्यान्ह भोजन बिना खिलाये ही उपयोगिता प्रमाण पत्र दिखा कर राशि की निकासी कर ली है । ग्रामीणों ने पत्र में यह भी कहा हैं कि इतना ही नही उक्त प्रधानाध्यापक के द्वारा इससे पूर्व में भी अप्रैल ,मई , जून में 19 किविंटल चावल बेच दिया था। ग्रामीणों ने कहा कि यह गड़बड़ी एमडीएम के ऑपरेटर से मिल कर पैसे की बंदरबांट की जाती रही हैं । जब सितम्बर में भोजन नही मिला है तो अंडा फल व अन्य मेनू की उपयोगिता कैसे दिखाई गई हैं। ग्रामीणों ने कहा हैं कि पूर्व में इन्हें बच्चों को मिलने वाली पुस्तक बेचने का आरोप भी सही पाया गया था । 2017 में पलामू डीएसी के निर्देश पर इन्हें निलंबित किया गया था । लेकिन भष्टाचार की जड़े इतनी मजबूत है कि ये पैसे के बल पर पुनः इस विद्यालय में पदस्थापित हो गए । ग्रामीणों ने उच्च स्तरीय जांच करी इस विद्यालय से ऐसे भ्ष्टाचार प्रधानाध्यापक को जल्द हटाने की मांग की हैं। अगर उक्त शिक्षक के खिलाफ करवाई नही हुई तो हमलोग इसकी शिकायत शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो एवं सचिव मानव संसाधन एवं शिक्षा विभाग रांची भी जाएंगे । बरहाल यह मामला बहुत गम्भीर हैं और यह बच्चों के भविष्य से जुड़ा हुआ मामला हैं।

सरकार की इस मुहिम से अधिक से अधिक लोग लाभ उठायें : जिला उपाध्यक्ष

नवीन मेल संवाददाता

हैदरनगर। आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दूसरे चरण मे बुधवार को प्रखण्ड क्षेत्र के ग्राम पंचायत पथरा, पंचायत सचिवालय में आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में पलामू जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह,मुखिया नरेश पासवान बीडीओ रतन कुमार सिंह ,झामुमो नेता,वशिष्ठ सिंह आदि लोगो ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर मध्य जीप सदस्य और पलामू जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ने जनता को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार के इस कार्यक्रम का लाभ अधिक से अधिक लोग उठाए,उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से जनता की हर समस्याओं को गम्भीरता से लेने के लिए कहा। मुखिया नरेश पासवान ने कहा कि मैं पूरी निष्ठा पूर्वक अपने पंचायत की जनता को लाभ दिलाना चाहता हूं । विकास में आपका सहयोग अपेक्षित हैं सरकार की हर योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति को मिले,यही मेरा लक्ष्य हैं । बीडीओ रतन कुमार सिंग ने एक एक कर सभी योजनाओं को विस्तृत जानकारी देते हुए कई लाभुकों के आवेदन पर त्वरित करवाई किया। मौके पर उपस्थित अतिथियों ने कंबल, सावित्री योजना, बकरी पालन, गाय पालन, बृद्धा पेंशन सहित कई जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया गया। मौके पर पंचायत के सभी वार्ड सदस्य, बीपीओ अमन कुमार, पंचायत सचिव एवं सभी विभाग के कर्मी,एवं पंचायत के अधिक से अधिक जनता ने उपस्थित थे।

नव युवक संघ ने दुगोला का आयोजन किया

नवीन मेल संवाददाता

छतरपुर। नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नं 15 करमाकला भैरवाडीह में बुधवार को लक्ष्मी पूजा एवं छठ पूजा के शुभ अवसर पर नव युवक संघ भैरवाडीह के द्वारा दुगोला महा मुकाबला का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की शुरूआत नगर उपाध्यक्ष सुभाष मिश्रा नगर अध्यक्ष पद के पूर्व प्रत्याशी अरबिंद गुप्ता , विजय राम , जितेंद्र कुमार ,रंजीत सिंह ,सुरेश कुमार ,पनु यादव मानकी चंद्रवंशी ,विजय सिंह ,अश्विनी कुमार,रिंकू सिंह ,मित्तल सिंह ,सुरेंद्र गुप्ता ,सुदामा चंद्रवंशी ,संतोष यादव ,कमेटी के अध्यक्ष हरीहर यादव आदि ने संयुक्तरूप से दीप प्रज्वलित कर किया । इस दुगोला कार्यक्रम में रात भर लोग आनन्द विभोर होते रहे । धनबाद के ब्यास शिव शंकर यादव एवं छतरपुर नगर पंचायत क्षेत्र लोहराही के स्थानीय ब्यास राहुल सिन्हा के बीच महामुकाबला हुआ। बीच बीच मे उदघोषक रामप्रवेश यादव उर्फ व्यास ने लोगो को शायराना अंदाज से ओत प्रोत करते रहे। दोनो चर्चित कलाकरों द्वारा एक से बढ़ कर एक पारंपरिक गीतों का गायन किया गया। दुगोला महा मुकाबला में रात भर लोग गीत संगीत का लुत्फ लेते रहे। उक्त कार्यक्रम में आगंतुक अतिथियों को कमेटी की ओर से अंग वस्त्र देकर एवं पुष्प माला पहनाकर सम्मानित किया।

इस महा मुकाबला में दोनों टीम बराबर विजेता बनी : धनबाद के ब्यास शिव शंकर यादव एवं छतरपुर नगर पंचायत क्षेत्र लोहराही के ब्यास राहुल सिन्हा के बीच हुए मुकाबले में दोनों टीम को जस्टिस करने वाले सदस्यों ने बराबर बराबर विजेता की उपाधि देते हुए दोनों टीम को विजयी घोषित कर दिया। दोनो विजेता टीम को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। साथ ही दोनों कलाकारों के साथ मे आये अन्य कलाकारों को भी कमेटी की ओर समानित किया।

कड़ी से कड़ी जोड़ कर कार्यकर्ता काम करें: ईश्वर सागर

नवीन मेल संवाददाता

बिश्रामपुर। पांडू प्रखंड के सभागार 3 नवंबर को नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन मंडल अध्यक्ष प्रेम सागर सिंह की अध्यक्षता में किया गया। जिसका संचालन मनोरंजन गुप्ता ने किया। सम्मान समारोह में मुख्य रूप से विकास पुरुष कहे जाने वाले पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी एवं भावी विधायक प्रत्याशी डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, विधायक जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव ने संयुक्त रूप दीप प्रज्वलित कर सम्मान समारोह का शुभारंभ किया। सभी पंचायत प्रतिनिधियों व भाजपा प्रखंड कमेटी के साथ पत्रकार बंधुओं को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। मौके पर विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि विकास के लिए कोई भी प्रतिनिधि छोटा या बड़ा नहीं होता सभी का मान सम्मान बराबर है। कार्यक्षेत्र में बड़ा हो सकता है। विधायक ने उम्मीद जताते हुए पंचायत प्रतिनिधियों को अपने अधिकार व कर्तव्य को समझते हुए ईमानदारी से कार्य करने की सलाह दी। विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि पांडु प्रखंड में समुचित विकास करते हुए। कई योजनाएं को भी स्वीकृति प्रदान करा दिया गया है। साथ ही सभी जनप्रतिनिधियों के सहयोग से ही पंचायत व गांव का हरसंभव विकास होगा। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के जरिये पंचायत प्रतिनिधियों के साथ सीधा संवाद स्थापित होगा और क्षेत्र का समूचित विकास होगा। विकास के लिए सबकी भागीदारी सुनिश्चित होनी जरूरी है। वही आने वाले समय के दौरान भावी विधायक प्रत्याशी के रूप डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि सभी जनप्रतिनिधियों एवं पार्टी के वरीय पदाधिकारी के साथ मुख्य सदस्य एवं कार्यकर्ता सभी कड़ी से कड़ी जुड़ कर क्षेत्र के समुचित विकास किया जायेगा। मैं 24 घंटे आपके सेवा में शामिल है। सम्मान समारोह के दौरान प्रमुख नीतू सिंह, जिला परिषद सदस्य मीना देवी, मुखिया प्रतिनिधि पांडू पिंटू सिंह, मंडल अध्यक्ष प्रेम सागर सिंह मौके पर उपस्थित थे।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा

अतिअल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण

अतिअल्पकालीन ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/LOHARDAGA/E-15/2022-23

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

क्र० सं०	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	भण्डरा प्रखण्ड के ग्राम अकाशी के सरली चौरा नहर में पुलिया निर्माण योजना।	36,46,850.00	73000.00	5000.00	4 माह
2	भण्डरा प्रखण्ड के ग्राम अकाशी के बनदोहा नहर में पुलिया निर्माण योजना।	36,36,750.00	73000.00	5000.00	4 माह
3	लोहरदगा प्रखण्ड के ग्राम जोरी मोड़ से ग्राम चेरगाटोली तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण योजना।	62,07,950.00	125000.00	10000.00	4 माह

2	वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि	:-	09.11.2022
3	ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय	:-	16.11.2022 अपराह्न 5:00 बजे तक
4	ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate एवं Affidavit (Section X) जमा करने की तिथि एवं समय	:-	17.11.2022 अपराह्न 02:30 बजे तक
5	निविदा खोलने का स्थान	:-	ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा
6	तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय	:-	18.11.2022 अपराह्न 2:00 बजे
7	निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता	:-	कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा।
8	ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०	:-	06526-223686, 9801557189 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)

9. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा के पदनाम से देय हो देना होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,लोहरदगा

PR 281273 Lohardaga(22-23).D

कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह -मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, चतरा

"प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना" अन्तर्गत आगामी वित्तीय वर्ष 2023–24 हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना

"प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना" के भारत सरकार द्वारा निर्गत परिचालन मार्गदर्शिका की कंडिका 15.3 के आलोक में **आगामी वित्तीय वर्ष 2023–24** के लिए **"प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना"** के अन्तर्गत चतरा जिला के मात्स्यिकी से जुड़े कृषकों से विहित प्रपत्र में **दिनांक 05.12.2022** तक आवेदन आमंत्रित किए जाते है।

उक्त योजना का मुख्य ध्येय मछली उत्पादन एवं उत्पादकाता में वृद्धि, गुणवता, तकनीकी, आधारभूत संरचना एवं प्रबंधन के अन्तर को पाटना, मूल्य श्रृंखला का आधुनिकीकरण एवं सुदृढीकरण, मजबूत मत्स्य पालन प्रबंधन ढ़ाचा की स्थापना एवं मछुआरों का कल्याण है, जिससे मछुआरों एवं मत्स्य कृशकों की आय दोगुनी होगी और इस प्रकार यह सामाजिक, भौतिक एवं आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने में सहायता होगा।

निजी क्षेत्र की लाभुकोन्मुख योजनाओं में लाभुकों का अंशदान आवश्यक है। सामान्यत : लाभुकोन्मुख योजना में लाभुक का अंशदान कुल परियोजना लागत का 60% (सामान्य कोटि के लिए) होगा, किन्तु सभी कोटि के महिलाओं अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के लाभुकों के लिए योजना में लाभुक का अंशदान परियोजना लागत का 40% होगा। इस योजना अन्तर्गत चिन्हित लाभुक–जनित कार्यक्रमों की सूची एवं विवरण निम्नाकित है :–

क्र0	योजना का नाम	ईकाई	ईकाई लागत (लाख में)	सरकार का अनुदानीत राशि	
				सामान्य जाति (40%)	अनु0जा0 /अनु0ज0जा0 /महिला (60%)
1	2	3	4	5	6
1	कार्प हैचरी अधिष्ठापन	(सं0में)	25.00	10.00	15.00
2	रियरिंग तालाब निर्माण (नर्सरी/बीज रियरिंग तालाब)	(हे0में)	7.00	2.80	4.20
3	ग्रो आउट तालाब निर्माण	(हे0में)	7.00	2.80	4.20
4	मिश्रित मत्स्य पालन, पंगेशियस एवं तिलापिया पालन के लिए इनपुट (क0सं0 03 अंतर्गत निर्मित नये तालाबों के लिए)	(हे0में)	4.00	1.60	2.40
5	बायोफ्लोक तालाब का निर्माण (4 लाख प्रति हे0 इनपुट सहित)	0.1हे0	14.00	5.60	8.40
6	जलाशय में अंगुलिकाओं की संचयन @1000 अंगुलिकाए प्रति हे0 (3.0 लाख/एक लाख अंगुलिकाएँ)	(हे0में)	Rs.@03/ Figerling	Rs.@1.20/ Fingerling	Rs.@1.80/ Fingerling
7	बैकयार्ड सजावटी/अलंकारी मछलीयों की रियरिंग ईकाई	(सं0में)	3.00	1.20	1.80
8	मध्यम आकार के सजावटी/अलंकारी मछलियों की रियरिंग इकाई	(सं0में)	8.00	3.20	4.80
9	समेकित सजावटी/रंगीन/अलंकारी मत्स्य इकाई (ब्रीड़िग एवं रियरिंग हेतु)	(सं0में)	25.00	10.00	15.00
10	मीठे जल हेतु सजावटी/रंगीन/अलंकारी मछलियों के ब्रुड बैंक का स्थापना	(सं0में)	100.00	40.00	60.00
11	मात्स्यिकी संबंधी मनोरंजन मत्स्य गतिविधियों का संवर्द्धन (Promotion of Recreational Fisheries)	(सं0में)	50.00	20.00	30.00
12	बडे आर0ए0एस0 (रिसर्कुलेट्री एक्वा कल्चर सिस्टम) इकाई की स्थापना (कम से कम 90 घनमीटर प्रति क्षमता वाले 08 टैंक एवं 40 टन/ कार्प मछली उत्पादन की क्षमता)	(सं0में)	50.00	20.00	30.00
13	मध्यम आर0ए0एस0 (रिसर्कुलेट्री एक्वा कल्चर सिस्टम) इकाई की स्थापना (कम से कम 30 घनमीटर प्रति क्षमता वाले 06 टैंक एवं 10 टन/ कार्प मछली उत्पादन की क्षमता)	(सं0में)	25.00	10.00	15.00
14	छोटे आर0ए0एस0 (रिसर्कुलेट्री एक्वा कल्चर सिस्टम) इकाई की स्थापना (100 घनमीटर क्षमता का 01 टैंक)	(सं0में)	7.50	3.00	4.50
15	बैकयार्ड लघु आर0ए0एस0 (रिसर्कुलेट्री एक्वा कल्चर सिस्टम) इकाई की स्थापना	(सं0में)	0.50	0.20	0.30
16	04 मी0 व्यास एवं 1.5 मी0 उच्चाई के 50 टैंक वाले बड़े बायोफ्लॉक की स्थापना	(सं0में)	50.00	20.00	30.00
17	04 मी0 व्यास एवं 1.5 मी0 उच्चाई के 25 टैंक वाले बायोफ्लॉक की स्थापना	(सं0में)	25.00	10.00	15.00
18	04 मी0 व्यास एवं 1.5 मी0 उच्चाई के 7 टैंक वाले बायोफ्लॉक की स्थापना	(सं0में)	7.50	3.00	4.50
19	जलाशय में केज की स्थापना	(सं0में)	3.00	1.20	1.80
20	आर0एफ0एफ0/पेन कल्चर द्वारा मत्स्य पालन	(हे0में)	3.00	1.20	1.80
21	कम से कम 10 टन क्षमता वाले शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज)/आईस प्लांट निर्माण	(सं0में)	40.00	16.00	24.00
22	कम से कम 20 टन क्षमता वाले शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज)/आईस प्लांट निर्माण	(सं0में)	80.00	32.00	48.00
23	कम से कम 30 टन क्षमता वाले शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज)/आईस प्लांट निर्माण	(सं0में)	120.00	48.00	72.00
24	कम से कम 50 टन क्षमता वाले शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज)/आईस प्लांट निर्माण	(सं0में)	150.00	60.00	90.00
25	शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज)/आईस प्लांट का आधुनिकीकरण	(सं0में)	50.00	20.00	30.00
26	रेफ्रीजेरेटेड (प्रयीतित) वाहन	(सं0में)	25.00	10.00	15.00
27	इनसुलेटेड (तापरोधक) वाहन	(सं0में)	20.00	8.00	12.00
28	आईस बॉक्स के साथ मोटरसाईकिल	(सं0में)	0.75	0.30	0.45
29	आईस बॉक्स के साथ साईकिल	(सं0में)	0.10	0.04	0.06
30	मछली बिक्री के लिए आईस बॉक्स के साथ तीन चक्का वाहन (ई–रिक्शा भी)	(सं0में)	3.00	1.20	1.80
31	जिन्दा मछली बिक्री केन्द्र	(सं0में)	20.00	8.00	12.00
32	लघु फीश फिड मिल (प्रतिदिन 02 टन उत्पादन क्षमता)	(सं0में)	30.00	12.00	18.00
33	मध्यम फीश फिड मिल (प्रतिदिन 08 टन उत्पादन क्षमता)	(सं0में)	100.00	40.00	60.00
34	बडा फीश फिड मिल (प्रतिदिन 20 टन उत्पादन क्षमता)	(सं0में)	200.00	80.00	120.00
35	फीश फिड प्लांट (प्रतिदिन 100 टन उत्पादन क्षमता)	(सं0में)	650.00	260.00	390.00
36	मछली के खुदरा बाजार (सजावटी/रंगीन/अलंकारी मछली एवं एक्वेरियम सहित) का निर्माण	(सं0में)	100.00	40.00	60.00
37	फीश किओस्क (सजावटी/रंगीन/अलंकारी मछली एवं एक्वेरियम सहित) का निर्माण	(सं0में)	10.00	4.00	6.00
38	जलाशय के मछुआरों को नाव तथा जाल के क्रय हेतु सयहोग	(सं0में)	5.00	2.00	3.00

नोट : प्रत्येक योजना अंतर्गत भारत सरकार द्वारा तय अहर्त्ताओं के अनुरूप आवश्यकतानुसार तालाब निर्माण हेतु आवेदन के साथ LPC/Registered Lease copy तथा योजना आधारित DPR (Detail Project Report) लाभुकों को स्वयं के आय पर उपलब्ध कराना होगा।विशेष जानकारी के लिये इच्छुक आवेदक जिला मत्स्य कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। वित्तीय वर्ष 2020–21 , 2021–22 एवं 2022–23 के बचे हुए शेष लाभुकों को वित्तीय वर्ष 2023–24 के DLC में प्राथमिकता दी जायेगी।

आवेदन प्रपत्र प्राप्त करने एवं जमा करने का स्थान :– जिला मत्स्य कार्यालय, चतरा।

आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि : 05.12.2022

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,चतरा

PR 281297 Fish(22-23).D

पलामू में आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आज, मुख्यमंत्री लेंगे भाग

पुलिस लाइन स्टेडियम में व्यापक तैयारी, सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू में 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम का जिलास्तरीय आयोजन पुलिस लाइन स्टेडियम में आज होगा। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भाग लेंगे। आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम एवं मुख्यमंत्री के प्रस्तावित पलामू जिला आगमन तथा मेगा परिसंपत्ति वितरण योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन को लेकर पुलिस लाइन स्टेडियम में व्यापक तैयारी की गयी है। कार्यक्रम के तहत विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया जायेगा। साथ ही जिला स्तर के आंकड़ों एवं आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के अद्यतन प्रगति से संबंधित एक बुकलेट का भी लोकार्पण किया जायेगा। मेगा परिसंपत्ति वितरण के तहत सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लाभुकों को ऑन-स्पॉट दिया जायेगा। साथ ही उनके बीच परिसंपत्ति का वितरण भी किया जायेगा। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर तीन नवंबर की शाम आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर पुलिस लाइन स्टेडियम में उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे, पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा, उप विकास आयुक्त मेघा भारद्वाज, प्रशिक्षु आईएएस विस्पुते श्रीकांत यशवंत, अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह, सदर अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार साह,आपूर्ति पदाधिकारी शब्बीर अहमद, नजारात उप समाहर्ता शैलेश कुमार सिंह, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी संध्या रानी, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी रणवीर सिंह सहित अन्य वरीय पदाधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल पुलिस लाइन स्टेडियम का निरीक्षण कर अबतक किए गए तैयारियों का जायजा लिया। साथ ही शीघ्र तैयारी पूर्ण करने का निर्देश दिया। उपायुक्त पलामू आंजनेयुलू दोड्डे ने सभी पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मियों को भी निर्देशित किया कि वे प्रतिनियुक्ति स्थानों पर पूरी तन्मयता के साथ ड्यूटी का निर्वहन करें और जारी संयुक्त आदेश का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि चिन्हित लाभुक, जिन्हें योजनाओं का ऑन -स्पॉट लाभ दिया जायेगा, उन लाभुकों को मुख्य मंच तक व्यवस्थित तरीके से लायें और उन्हें पुनः निर्धारित स्थल पर बैठाना सुनिश्चित करायें। सभी दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं जवान अलर्ट मोड़ में रहें। पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने कहा कि कार्यक्रम स्थल के लिए तीन द्वार है। एक पब्लिक/जेनरल गेट है। दूसरा वीआईपी व मीडिया एवं तीसरा वीवीआईपी गेट है। वीआईपी गेट पर बिना पास किसी का प्रवेश नहीं हो। गेट पर अवांक्षित स्थिति उत्पन्न नहीं होने दें। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात किए गए मजिस्ट्रेट एवं पुलिस कर्मियों को दिशा-निर्देश दिया। वीआईपी, प्रेस, लाभुक, जनप्रतिनिधि एवं अन्य जनसामान्य व्यक्तियों के प्रवेश सहित अन्य जानकारी दी। साथ ही मजिस्ट्रेट, पुलिसकर्मी एवं पदाधिकारियों को आपसी समन्वय एवं तालमेल के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। प्रशासनिक पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारियों, पुलिस कर्मियों को जानकारी दी गई कि आमंत्रण पत्र ही वीआईपी का पास के रूप में मान्य है। साथ ही प्रेस/ मीडिया के बंधुओं को अलग से पास निर्गत किया गया है। जिनका प्रवेश आयुक्त कार्यालय के सामने वाले पुलिस लाइन स्टेडियम के वीआईपी द्वार से होना है। कार्ड एवं पास देखकर ही वीआईपी द्वार से प्रवेश दिलाया जाए। ड्यूटी पर तैनात सभी व्यक्तियों को पूरी मुस्तैदी के साथ अपना कर्तव्य निर्वहन का निर्देश दिया गया। उन्हें यह भी कहा गया कि आमजनों को किसी तरह की कोई असुविधा या परेशानी नहीं होनी चाहिए। सभी के साथ संवेदनशीलता की भावना रखें और समय के साथ पूरी अनुशासन में रहते हुए ड्यूटी करें। उप विकास आयुक्त मेघा भारद्वाज ने कहा कि अधिकारी एवं जवान सक्रियता से भीड़ नियंत्रित करें। किसी लाभुक एवं जनप्रतिनिधि एवं अन्य लोगों के आगमन पर सभी जगह शांतिपूर्ण तरीके से बैठना सुनिश्चित करें, ताकि लोगों को किसी तरह कोई कठिनाई नहीं हो। उन्होंने प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को ससमय कर्तव्य निर्वहन की बातें कही। नजारत उप समाहर्ता शैलेश कुमार सिंह ने सभी प्रतिनियुक्त वरीय एवं कनीय अधिकारियों को समन्वय स्थापित करते हुए बेहतर तरीके से कर्तव्य निर्वहन की स्पष्ट जानकारी दी।

विभिन्न माध्यमों से होगा प्रसारण : आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का लाइव प्रसारण टीवी पर किया जायेगा। इसके साथ ही @डीसी पलामू के फेसबुक एवं यूट्यूब पर लाइव प्रसारण किया जायेगा। साथ ही जिले के अन्य संबंधित पंचायतों में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सोशल मीडिया जैसे-व्हाट्सएप, यूट्यूब, फेसबुक आदि माध्यमों से प्रसारण किया जायेगा।

विहंगम योग विश्व शांति वैदिक महायज्ञ 8 नवम्बर को होगा संपन्न

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। सदगुरू सदाफल देव विहंगम योग संस्थान की पलामू जिला इकाई ने 7 एवं 8 नवंबर को विहंगम योग समारोह का आयोजन किया है। दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान 8 नवंबर को 2101 कुंडीय विश्व शांति वैदिक महायज्ञ संपन्न होगा। जिला मुख्यालय मेदिनीनगर के बीस फूटा पुल चौक के समीप बैजनाथ सिंह सेवा आश्रम परिसर में समारोह आयोजित किया गया है। संस्थान के पलामू जिला संयोजक गिरिजा प्रसाद सिंह ने बताया कि इस महायज्ञ में संस्थान के द्वितीय परंपरा सदगुरू आचार्य श्री स्वतंत्रदेव जी महाराज एवं संत प्रवर विज्ञानदेव जी महाराज मुख्य रूप से भाग लेंगे। इस कार्यक्रम को लेकर जिले के सभी प्रखंडों में भक्तजनों के द्वारा प्रचार प्रसार किया जा रहा है। संस्थान से जुड़े भक्तजन महायज्ञ को सफल बनाने में सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं। दो दिवसीय विहंगम योग समारोह सह महायज्ञ की सफलता को लेकर तैयारी जोरों पर चल रहा है। जिला मुख्यालय मेदिनीनगर में कई जगहों पर तोरण द्वार बनाया गया है। इसके अलावा जिले के सभी प्रखंड मुख्यालयों में बैनर पोस्टर लगाया गया। संस्थान के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह,महामंत्री ललित कुमार सिंह,जिला परामर्शक नंदलाल पासवान, मराछु प्रसाद की देखरेख में कार्यक्रम की तैयारी चल रही है। समारोह स्थल पर भी तैयारी शुरू कर दिया गया है। समारोह को सफल बनाने में संस्थान के उपदेष्टा मनोरमा द्विवेदी,रविंद्र श्रीवास्तव, जिला सह संयोजक यशवंत सिंह, बनारसी प्रसाद यादव, राजेंद्र प्रसाद अरोड़ा,रामपति राम , भानु प्रताप देव, विशुनदेव मेहता सहित जिला ,प्रखंड एवं ग्राम स्तर के सेवा प्रभारी सक्रिय हैं।

पलामू किला में दो दिवसीय मेला संपन्न

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। फुलवरिया गांव के मैदान में लगा दो दिवसीय जतरा मेला बुधवार को संपन्न हो गया। मेले में करीब पांच से सात करोड़ के कारोबार होने का अनुमान लगाया गया है। हजारों की संख्या में परंपरागत देसी हथियार के अलावे देसी मिठाई ,बादाम, मांस मदिरा की दुकानों पर अप्रत्याशित भीड़ खाने-पीने वाले लोगों को लगी रही। बताते चलें कि मंगलवार को मनिका विधायक रामचन्द्र सिंह ने मेला का उद्घाटन किया था। साथ ही आयोजन स्थल का जायजा लिया था। इस दौरान सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त किए गए थे। जगह जगह पर सतबरवा थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार राय के नेतृत्व में पुलिस बल के जवानों के साथ पुलिस पदाधिकारी लगाए गए थे। मेले में हजारों लोगों का आगमन हुआ। कई दुकानें लगाई गई थी। मेला देखने आए हजारों लोगों ने औरंगा नदी के तट तथा पलामू किले का दीदार किया। इस दौरान किला के पत्थरों पर दर्शनार्थियों के द्वारा अपना अपना नाम अंकित भी किये गये। मेला में पहुंचे हजारों लोगों ने यह संकल्प भी लिया कि मेला आन बान और शान का प्रतीक है। इसे शांतिपूर्वक ढंग से निर्वहन कराना लोगों की प्राथमिकता है। जिसमें पलामू किला मेला आयोजन समिति सफल रहा और इस दौरान कहीं से कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। मेले में पहुंचे लोगों के लिए काफी खुशी मनाया। लोगों के मनोरंजन हेतु लक्ष्मण झूला के अलावा ब्रेक डांस, हवाई यात्रा तथा थिएटर और अन्य तरह के मनोरंजक के साधन लगाए गए थे। मेला आयोजन समिति अध्यक्ष उमेश सिंह चेरों ने बताया कि मेला शांति सुरक्षा और एकात्मवाद का संदेश दे गया है। अगले साल निश्चित तौर से इस वर्ष से बेहतर मेले का आयोजन किया जायेगा। इस मौके पर विनोद यादव, अरविंद सिंह चेरों, अनिल सिंह, प्रवीण सिंह, विनय सिंह राजनाथ सिंह, यमुना सिंह, गणेश्वर सिंह, दिनकर सिंह, विश्वनाथ सिंह, गंगेश्वर सिंह, प्रदीप सिंह समेत आयोजन समिति के सैकड़ों सदस्यों ने खुशी जाहिर की। साथ ही मेला के सफलतापूर्वक आयोजन पर बधाई दी।



पलामू में कांग्रेस का पांच से शुरू होगा भारत जोड़ो यात्रा

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू जिला कांग्रेस कमेटी की एक अति आवश्यक बैठक गुरुवार को स्थानीय सर्किट हाउस के सभागार में आहूत की गई। जिसकी अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन ने किया । जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पलामू जॉन के कोऑर्डिनेटर भीम कुमार उपस्थित थे। बिट्टू पाठक और भीम कुमार ने बैठक को संबोधित करते हुवे कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा उदयपुर में नवसंकल्प शिविर में भारत जोड़ो यात्रा शुरू करने का निर्णय लिया गया था । जिसमें 7 सितंबर से भारत जोड़ो यात्रा कन्याकुमारी से जारी है । जो 12 राज्य एवं 3 केंद्र शासित प्रदेशों से 3570 किलोमीटर की दूरी तय कर जम्मू कश्मीर में समाप्त होगी। जिन प्रदेशों से होकर भारत जोड़ो यात्रा नहीं गुजरेगी वहां भी प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा बूथ स्तर तक भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम आयोजित करना है। उसी परिपेक्ष में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में भारत जोड़ो यात्रा 5 नवंबर से पलामू प्रमंडल में भारत जोड़ो यात्रा का शुरूआत हो रहा है । जिसमें झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर कांग्रेस विद्यायक दल के नेता आलमगीर आलम भारत जोड़ो यात्रा के झारखंड के कोडिनेटर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, बादल पत्रलेख , बनना गुप्ता ,कार्यकारी अध्यक्ष गीता कोड़ा ,बंधु तिर्की ,शहजादा अनवर एम, जिला के प्रभारी गण शामिल होंगे।

भारत जोड़ो यात्रा का रूपरेखा : पांच को स्थानीय गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय से टाउन हॉल राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रतिमा के समक्ष समापन होगा । इस यात्रा में प्रदेश के पदाधिकारी सहित पलामू जिला के मंत्री पूर्व मंत्री पूर्व विधायक जिला के पदाधिकारी प्रखंड अध्यक्ष के पदाधिकारी एवं हजारों की संख्या में कार्यकर्ता भाग लेंगे

आज अंतिम दिन अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्र की होगी जांच

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। रसायन व जीव विज्ञान विषय के अभ्यर्थियों का प्रमाण पत्र की जांच बुधवार से शुरू किया गया है। कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा आज भी रसायन और जीव विज्ञान विषय के अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्र की जांच होगा। सभी अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों का जांच दोनों पालियों में किया जा रहा है। आयोग के द्वारा सभी अभ्यर्थियों को समय पर सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्रों के साथ समय पर आने को कहा गया है। पलामू सहित सभी जिलों के दो सौ से अधिक अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्रों के जांच के लिए बुलाया गया है। पहले दिन आयोग में उपस्थित अभ्यर्थियों की संख्या अधिक नही हो रही है। बुलाये गए अभ्यर्थियों में औसत से कम ही अभ्यर्थी प्रमाण पत्र के जांच में पहुंच रहे है। अनुपस्थित अभ्यर्थियों के लिए आयोग की ओर से 11 अक्टूबर को अंतिम अवसर दिया गया है।

सोलह वर्षीय युवक एक सप्ताह से लापता

नवीन मेल संवाददाता

हैदरनगर। प्रखण्ड क्षेत्र के दंगवार ओपी अंतर्गत ग्राम बरवाडीह का16 वर्षिय युवक नीरज कुमार पासवान एक सप्ताह से गायब हैं । जिसको लेकर उक्त युवक की मां साबित देवी ने अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी हुसैनाबाद कार्यालय में एक लिखित आवेदन देकर उसे खोजने में मदद की फरियाद किया है। पत्र में उन्होंने कहा हैं कि मेरे बेटा गांव के ही लाइट एवं टेन्ट हाउस चलाने वाले व्यक्ति अजित पासवान पिता राम बचन पासवान के साथ 25 अक्टूबर को हैदरनगर थाना क्षेत्र के बेलासपुर टोला बनाही में काम करने गया था। तब से अभी तक घर नही लौटा हैं । वह जन्म से ही गुंगा हैं । हमलोग अपने स्तर से काफी खोजबीन किया ,परन्तु उसका कही पता नही चला। पीड़ित महिला ने बताया कि पहले हमलोग हैदरनगर थाना गए थे। लेकिन वहां के थाना से हमलोगों को स्थानीय थाना हुसैनाबाद में भेज दिया गया। प्रशासन की इस तरह की कार्रवाई से असंतुष्ट होकर हमलोग एसडीपीओ कार्यालय में पूज्य प्रकाश को आवेदन देकर खोजबीन करने का फरियाद लगाई है।

शहीद नीलांबर पीतांबर के वंशजों ने थामा युवा जागृति केंद्र का हाथ

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। भंडरिया प्रखंड के अत्यंत दुर्गम क्षेत्र सन्या गांव जहां शहीद नीलांबर पीतांबर का जन्म हुआ था । जहां से उन्होंने अंग्रेजों के विरुद्ध स्वतंत्रता संग्राम प्रारंभ किया था । उस शहीद के वंशजों ने केंद्रीय अध्यक्ष राजन सिन्हा की उपस्थिति में युवा जागृति केंद्र की सदस्यता ग्रहण की। साथ ही युवा जागृति केंद्र समिति का गठन भी किया गया। मौके पर शहीद नीलांबर पीतांबर के वंशजों को सम्मानित किया गया। केंद्रीय अध्यक्ष राजन सिन्हा ने कहा कि शहीद नीलांबर पीतांबर युवा जागृति केंद्र के प्रेरणा स्रोत रहे हैं। शहीद नीलांबर पीतांबर के बलिदान को यदि सच्ची श्रद्धांजलि देनी है तो उनके वंशजों को भी सम्मान देना होगा। अत्यंत विडंबना की बात है कि इन शहीदों के वंशज आज भी दयनीय जीवन जी रहे हैं। संगठन में स्वागत करते हुए राजन सिन्हा ने कहा कि शहीदों के वंशजों के साथ संगठन के संघर्ष को नई मजबूती मिलेगी। केंद्रीय सचिव मुकेश विश्वकर्मा ने कहा कि सुदूर एवं दुर्गम क्षेत्रों में युवा जागृति केंद्र के सिद्धांतों के प्रति आमजन की निष्ठा का प्रसार हो रहा है। भंडरिया प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र विश्वकर्मा ने कहा कि राष्ट्रवाद के सिद्धांत को लेकर संगठन अत्यंत दुर्गम क्षेत्रों में भी जनमानस तक पहुंच कर एक मजबूत विकल्प के रूप में उभरा है। भंडरिया प्रखंड सचिव विजय सिंह ने बताया कि युवा जागृति केंद्र सभी गांवों में समितियां बनाकर राष्ट्र भावना एवं सेवा भावना का प्रसार करेगी। कार्यक्रम में काशीनाथ सिंह को अध्यक्ष, संतोष सिंह को उपाध्यक्ष, शविना गुड़िया को सचिव, संजय सिंह को उपसचिव, जगदेव सिंह को कोषाध्यक्ष, शिव बली मुंडा को उप कोषाध्यक्ष बनाया गया। मौके पर विशेष रूप से सूर्यवंशी देवनाथ सिंह भोक्ता एवं हरिहर सिंह भोक्ता को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में इंद्रदेव सिंह, मदन सिंह, सुरेंद्र सिंह, बनारसी सिंह, विजय सिंह, तिलकधारी सिंह, महेंद्र सिंह, आशीष सिंह, विजेंद्र सिंह, इंद्र सिंह, हरिहर सिंह, नंद धारी मिस्त्री, हरि चरण सिंह, अरुण सिंह, शिव कुमार सिंह, रघुराज सिंह, कोदू प्रधान, पूर्ण चंद्र अन्य कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

आज मनेगी पलामू में देवउठनी एकादशी, शुरू होंगे मांगलिक कार्य

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू में आज देवउठनी एकादशी सह तुलसी विवाह मनाया जायेगा। कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की एकादशी को भगवान विष्णु चार महीने की योग निद्रा के बाद जागते हैं। इसलिए इस एकादशी को देवउठनी एकादशी कहते हैं। वैसे तो हर एकादशी व्रत का विशेष महत्व है, लेकिन देवउठनी एकादशी पर किए गए व्रत और पूजा से विष्णु जी प्रसन्न होते हैं और भक्तों की हर मनोकामना पूरी करते हैं। इस दिन पूजा और व्रत के अलावा पूरे विधि विधान से तुलसी का विवाह करने से विष्णु जी का विशेष आशीर्वाद मिलता है। हिंदू धर्म की मान्यताओं के अनुसार, कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को भगवान विष्णु चार महीने बाद कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को देवउठनी एकादशी पड़ती है। जिसके बाद द्वादशी तिथि को भगवान विष्णु के शालीग्राम रूप के साथ माता तुलसी का विवाह भी किया जाता है। जिसे तुलसी विवाह भी कहा जाता है। इस साल एकादशी तिथि दो दिन पहुंचने के कारण देवउठनी एकादशी और तुलसी विवाह की तारीख को लेकर लोगों के बीच दुविधा है।

शुरू होंगे सभी मांगलिक कार्य : देवउठनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु चार माह के शयन काल के बाद जागते हैं और अपना कार्यभार संभालते हैं। कहते हैं कि इस दिन से मांगलिक कार्यों की शुरूआत हो जाती है। इस दिन भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना की जाती है। साल में पड़ने वाली 24 एकादशियों में से सबसे बड़ी एकदाशी होता है देवउठनी एकादशी।

शुभ मुहूर्त कब है : शुभ मुहूर्त के अनुसार पुरोहित ओम पाठक ने बताया कि एकादशी तिथि गुरुवार की शाम 07 बजकर 30 मिनट से शुरू होगी, जो कि 04 नवंबर को शाम 06 बजकर 08 मिनट पर समाप्त होगी। वही देवउठनी एकादशी व्रत तोड़ने का शुभ समय 05 नवंबर को सुबह 06 बजकर 36 मिनट से सुबह 08 बजकर 47 मिनट तक है। पारण तिथि के दिन द्वादशी समाप्त होने का समय 05 बजे तक है।

न्यूज गैलरी

प्लस टू में नियुक्ति को लेकर होगी बैठक

मेदिनीनगर। प्लस टू शिक्षक प्रतिभागी संघ झारखंड के तत्वाधान में 11 नवंबर को सुबह 10 बजे से राजभवन के धरना स्थल के समीप सभी जिले के अभ्यर्थियों की बैठक बुलाई गई है। जिसका मुख्य उद्देश्य राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र ,मानव शास्त्र, दर्शनशास्त्र एवं जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा(संथाली कुडुख मुंडारी हो खड़िया कुरमाली खोरठा पंचपड़गानिया नागपुरी में सरकारी प्लस 2 स्कूलों में इन महत्वपूर्ण विषयों में राज्य निर्माण के बाद शिक्षकों की नियुक्ति नहीं हुई है। जबकि इन विषयों में पढ़ने वाले छात्रों की संख्या लाखों लाख में है । उपर्युक्त विषयों की गंभीरता को देखते हुए संघ के द्वारा सभी छात्रों को बैठक स्थल में पहुंचकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा गया है।

वरीय अधिवक्ता शंभू नाथ तिवारी का निधन ,शोक सभा

मेदिनीनगर। वरीय अधिवक्ता शंभू नाथ तिवारी के निधन पर गुरुवार को प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश के इजलास में शोक सभा का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता पलामू के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार चौबे ने की । मौके पर उन्होंने कहा कि शंभू नाथ तिवारी एक नेक दिल इंसान थे। वे मुवक्किल का पक्ष मजबूती के साथ रखते थे । उनके निधन से अधिवक्ता समुदाय को अपूरणीय क्षति पहुंची है। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव ने कहा कि शंभू नाथ तिवारी मृदुभाषी, सहज, सरल स्वभाव के व्यक्ति थे । वे गरीबों की मदद के लिए हमेशा तैयार रहते थे। उनके अंदर सहयोग की भावना कूट-कूट कर भरी थी। गरीब लाचार लोगों को कानूनी मदद करते थे। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय तिवारी अपने पीछे पत्नी एक पुत्र व छह पुत्रियां को छोड़ गए हैं। मौके पर महासचिव सुबोध कुमार सिन्हा, उपाध्यक्ष मन्धारी दुबे ,कोषाध्यक्ष वरुण कुमार सिंह ,संयुक्त सचिव प्रशासन अजय कुमार पांडे, शशि भूषण दुबे ,राजेंद्र तिवारी, जयशंकर प्रसाद ,संतोष कुमार पांडे, शलभ कुमार, मधुलता रानी सुधा पांडे,अमित तिवारी ,लालू प्रसाद सिंह, मोहम्मद जावेद, गाजी शाहनवाज हसन, वीरेंद्र तिवारी ,सत्य प्रकाश दुबे,नरेन्द्र कुमार पांडेय,समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे ।इस मौके पर दो मिनट का मौन रखकर मृत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

भाजयुमो ने हेमंत सरकार पर हल्ला बोला

मेदिनीनगर। भारतीय जनता युवा मोर्चा,पलामू ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार पर हल्ला बोलते हुए मुख्यमंत्री श्री सोरेन को अकर्मण्य बताया। मोर्चा जिलाध्यक्ष ज्योति पांडेय ने बताया कि-राज्य की वर्तमान सरकार चुनाव में राज्य की भोली-भाली जनता को बड़े-बड़े एवं झूठे दिवास्वप्न दिखाकर सत्ता की चाबी मिलते ही सभी वादों से मुकर गई। राज्य सरकार द्वारा खानापूर्ति के नाम पर तरह-तरह की घोषणाएं कर राज्य वासियों को दिग्भ्रमित करने का काम किया जा रहा है। हेमंत सरकार में राज्य की विधि व्यवस्था पूरी तरह से चौपट है। अपराधियों, उग्रवादियों, सड़क लुटेरों एवं असामाजिक तत्वों का ही इस सरकार में बोलबाला है। आए दिन हम सब ऐसी घटनाओं से जरूर रूबरू होते ही रहते हैं। राज्य भर में कई दिनों से राजस्व और प्रखंड कार्यालय के कर्मचारी आंदोलन पर हैं पर उनकी सुध लेने की फुर्सत सरकार को नहीं है। उनके आंदोलन से राज्य भर में सभी तरह के प्रमाण पत्र के साथ-साथ कई आवश्यक कार्य लंबित पड़े हैं। जिसका सीधा असर राज्य वासियों पर पड़ा रहा है। छात्रों को छात्रवृत्ति के साथ-साथ जरूरतमंदों को स्थानीय एवं चरित्र प्रमाण पत्र से वंचित होना पड़ रहा है। हेमंत सोरेन सरकार में खनिज संपदाओं की लूट अनवरत जारी है । सरकार द्वारा एनजीटी के रोक लगाने के करीब 1 महीने बाद भी बालू जैसे अति आवश्यक चीज पर कोई आवश्यक कदम नहीं उठाया गया । जिससे कई विकास के कार्य बाधित है। माफियाओं के गठजोड़ से बालू की अवैध बिक्री सरेआम हो रही है। हेमंत सरकार के द्वारा चलाया जा रहा आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम केवल आई वास है। सरकार द्वारा राज्य वासियों को बरगलाने के लिए नए-नए हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। सरकार की पोल खुल चुकी है।

आज मनेगी स्वर्गीय मधु सिंह की जयंती

मेदिनीनगर। गरीबों के मसीहा जन जन के नेता दलित ,पीड़ित , शोषित के आवाज , झारखंड सरकार के प्रथम भूमि सुधार राजस्व निबंधन मंत्री स्वर्गीय मधु सिंह का जयंती समारोह का आयोजन 4 नवम्बर को स्थान डॉ बीरेंद्र कृष्ण रामबलि उच्च विद्यालय कोनवाई के प्रांगण में समय 10 बजे दिन से मधु सेवा संस्था के द्वारा किया गया है। इस अवसर पर झारखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री सत्यानंद भोगता मुख्य अतिथि, एवम पांकी विधान सभा के लोकप्रिय विधायक डॉ शशिभूषण मेहता, डाल्टनगंज विधान सभा के विधायक आलोक चौरसिया एवम पांकी अनुमंडल संघर्ष समिति के संयोजक पूर्व पांकी विधान सभा विधायक प्रत्याशी लाल सूरज , विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। समाज के सभी वर्गों से निवेदन होगा की इस अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनायें।

अभाविप ने एनपीयू में किया विरोध प्रदर्शन

मेदिनीनगर। अभाविप द्वारा एनपीयू में अपनी मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया । साथ ही अभाविप के कार्यकर्ताओं ने कंट्रोलर,रजिस्टार एवं डिएसडब्लू का घेराव किया। परिषद के कार्यकर्ताओं ने पूर्व मांगो को रखते हुए कहा कि स्नातकोत्तर सत्र 2020-22 की परीक्षा पुस्तिका का पुनः मूल्यांकन कर परीक्षा परिणाम प्रकाशित करना। आउटसोर्सिंग कंपनी एनसीसीएफ की इतनी गलती होने के बावजूद विश्वविद्यालय प्रशासन का उसे बर्खास्त ना करना एवं उनकी मिलीभगत को दिखाती है। विश्वविद्यालय प्रशासन एनसीसीएफ को क्यों बर्खास्त नहीं कर रही है, इसकी ठोस वजह बताएं। विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित द्वितीय दीक्षांत समारोह में हुई कुल खर्चों को सार्वजनिक किया जाए एवं विश्वविद्यालय में एक ही जगह पर लंबे समय से कार्यरत कर्मचारियों,अधिकारी की अन्य जगह प्रतिनियुक्ति की जाए। इस मांग को लेकर अभाविप कार्यकर्ता लगातार दो घंटे तक विश्वविद्यालय गेट के समक्ष धरना दिया। दीक्षांत समारोह में हुए भारी बंदरबांट को सार्वजनिक करना अति आवश्यक है । क्योंकि इतने बड़े बजट होने के बावजूद भी दीक्षांत समारोह में इतनी अव्यवस्था दुर्भाग्यपूर्ण है । इसकी जांच आवश्यक रूप से होनी चाहिए। नगर मंत्री रामा शंकर पासवान ने कहा कि विश्वविद्यालय का परीक्षा विभाग शुरू से ही सुर्खियों में रहा है। एसएफडी प्रमुख सुमित पाठक ने कहा कि महाविद्यालयों विश्वविद्यालयों के लगातार गलतियों की वजह से हजारों छात्रों का भविष्य अधर में लटका हुआ है। मौके पर मुख्य रूप से प्रादेशिक विश्वविद्यालय प्रांत सह प्रमुख आनंद पांडे,एसएफडी सह प्रमुख गोविंद मेहता,नगर सह मंत्री नीतीश दुबे,अभिषेक रवि,नगर लॉज प्रमुख प्रकाश पांडे, मुकेश कुमार सिंह, अशोक कुमार यादव सिकंदरपुर, सतीश, चंदन कुमार, अंकित रॉय, मनीष कुमार, अरुण कुमार, शुभम पांडे,अवधेश कुमार, उज्जवल तिवारी, रंजीत कुमार, संजीत कुमार ,सविता कुमारी, नीरज कुमार, प्रिया आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

कार्यकर्ताओं ने मनाया विधायक जन्मदिन, मांगी लंबी उम्र की कामना

विशुनपुरा/गढ़वा। विशुनपुरा भाजपा प्रखंड कार्यालय में बुधवार को भवनाथपुर विधायक भानु प्रताप शाही का 45 वां जन्मदिन भाजपा मण्डल के सभी कार्यकर्त्ताओ ने पुरे हर्षोउल्लास साथ केक काटकर जन्मदिन मनाया। भाजपा नेता राम अवध सिंह के द्वारा केक काटा गया उसके बाद भाजपा के सभी कार्यकर्त्ताओ ने एक-दूसरे को केक व मिठाई खिला कर जन्मदिन मनाया गया। वहीं सभी कार्यकताओं ने दूरभाष पर विधायक भानु को बधाई दी। बधाई देने वाले मे से विधायक प्रतिनिधि अशोक पासवान, उप प्रमुख प्रतिनिधि अजय पाल, जिला सोशल मिडिया प्रभारी जितेंद्र दीक्षित, मण्डल उपाध्यक्ष अशोक मेहता,मण्डल महामंत्री कुंदन चौरसिया,मण्डल संयोजक लक्ष्मण पासवान,मिडिया प्रभारी विकास चंद्रवंशी, पंचायत अध्यक्ष रामलखन मेहता, मुकेश बियार, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता,अनिरुद्ध मेहता आदि कई कार्यकर्ता थे।

खरौंधी प्रखंड कार्यालय के कर्मियों ने 28 सूत्री मांग को लेकर काला बिल्ला लगाकर किया कार्य

खरौंधी(गढ़वा)। गुरुवार को प्रखंड कर्मियों ने अपने 28 सूत्री मांग के समर्थन में काला बिल्ला लगाकर कार्यों का निष्पादन किया। जिसमें नाजीर शैलेश कुमार ने बताया संघ के आह्वन पर झारखंड सरकार के विरोध में काला बिल्ला लगाकर कार्य का निष्पादन किया गया। पूर्व में झारखंड राज अनुसचिवीय संघ द्वारा समाहरनालय संवर्ग की ज्वलंत समस्याओं के समाधान हेतु झारखंड सरकार के पास 28 सूत्री मांग पत्र रखी थी। लेकिन झारखंड सरकार अभी तक इस पर कोई सार्थक पहल नहीं की। जिससे झारखंड राज अनुसचिवीय संघ के लोगो में आक्रोश व्याप्त है। संघ ने प्रखंड कार्यालय से काला बिल्ला लगाकर कार्य करने का निर्देश दिया था। जब तक सरकार हमलोगो की सभी मांगों को पूरा नहीं कर देती तब तक हमलोग काला बिल्ला लगाकर विरोध करते रहेंगे। विरोध प्रदर्शन करने वालो में प्रधान सहायक सत्य नारायण बैठा, सहायक राजेश्वर सिंह, अंचल नजीर कौशलेश शुक्ला, सहायक मयंक विश्वकर्मा का नाम शामिल है।

जिप सदस्य ने ग्रामीणों को परेशानी से बचाव के लिए आवेदनों को सरल व सुविधायुक्त बनाने की मांग की

भवनाथपुर। प्रखंड अंतर्गत पंचायत भवन मकरी में आपकी योजना, आपकी-सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य सह अध्यक्ष ग्राम विकास समिति झारखंड प्रदेश के रंजनी कुमारी उर्फ शर्मा रंजनी ने ने कहा कि आप सभी अपनी-अपनी समस्या को इस कार्यक्रम में अलग-अलग लगे सभी विभागों के स्टॉल में संबंधित विभाग में अपनी के आवेदन पत्र जमा करते समय आपना आवेदन पत्र में मोबाइल नंबर अवश्य लिखें। शर्मा रंजनी ने कार्यक्रम में उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी से क्षेत्र की लाभुकों की सुविधा के लिए इस पंचायत के साथ-साथ सभी पंचायत भवनों में संबंधित जनप्रतिनिधि, संबंधित सभी विभाग के कर्मचारी, पदाधिकारी का नाम, पदनाम एवं मोबाइल नंबर के साथ अंकित कर ग्रामीणों की भटकने से सुविधा सरल बनाने की बात कही है। वही सभी कर्मी को निर्देशित किया गया कि यदि प्राप्त आवेदन में किसी प्रकार की कर्मी द्वारा अनियमिता बरतते हुए आवेदन को अस्वीकृत किया जायेगा तो इसकी भी जवाब संबंधित कर्मी को समीक्षा के दौरान देना होगा। प्रखंड अंतर्गत सभी पंचायतों में आपकी - योजना, आपकी - सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में प्राप्त आवेदनों पर की गई कार्रवाई को लेकर समीक्षा बैठक रखने की बात प्रखंड विकास पदाधिकारी से कहीं गई है। जिला परिषद सदस्य शर्मा रंजनी द्वारा संबोधन के दौरान बोलते हुए एवं लिखित देकर सभी विभागों के साथ प्रखंड सभागार में समीक्षा बैठक दिनांक 17 / 11 / 2022 को रखने की आग्रह की गई है।

मकरी में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में ग्रामीणों ने किया विरोध

भवनाथपुर। प्रखंड क्षेत्र के मकरी पंचायत के पंचायत सचिवालय परिसर में सरकार की महत्वकांक्षी कार्यक्रम आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन श्री बंशीधर नगर अनुमंडल पदाधिकारी आलोक कुमार, प्रखंड प्रमुख शोभा देवी, बीडीओ जयपाल महतो, सीओ रामा शंकर श्रीवास्तव, जिला परिषद सदस्य रजनी शर्मा, मुखिया सरिता देवी,सांसद प्रतिनिधि इंद्रदेव प्रसाद यादव एवं झामुमो प्रखंड अध्यक्ष चंदन ठाकुर के ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान विभिन्न विभाग के स्टाल लगाये गये। जिसमें लाभुकों ने जरूरत के हिसाब से संबंधित स्टोलों में जाकर अपना आवेदन जमा किया।

कार्यक्रम को लेकर कई ग्रामीणों ने विरोध किया : मकरी पंचायत के मनोज पाल, अखिलेश पासवान,बब्लू गोसाई, प्रमोद कुमार जितेंद्र कुमार सहित कई लोगों ने बीडीओ से विरोध करते हुए कहा की कई बार हमलोगो ने पीएम आवास के लिए आवेदन दिया था, लेकिन हमलोगो का आवेदन फाड़ दिया जाता है। यहां दूसरे जगह से आकर बसे लोगों को पैसा लेकर प्रधानमंत्री आवास कोर्डिनेटर द्वारा दे दिया जाता है। हमलोग पैसा नहीं देते है तो आवास नहीं मिल पता है। वही झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष चंदन ठाकुर ने श्री बंशीधर नगर अनुमंडल पदाधिकारी आलोक कुमार से वन विभाग एवं विद्युत विभाग पर कार्रवाई करने बात रखी। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी आलोक कुमार ने कहा किअपने पंचायत में आयोजित शिविर का लाभ उठाएं। सरकार आपके द्वार आपको लाभ देने पहुंची है। कहा कि सरकार जन कल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ लाभुकों को मिलेगा। अनुमंडल पदाधिकारी आलोक कुमार द्वारा आदिम जनजाति के लोगों के बीच कंबल वितरण किया'श्रम कार्ड 25लोगों को, कुटीर उद्योग विभाग से शैलेन्द्र विश्वकर्मा को 3लाख 61हजार का चेक, वहीं जेएसएलपीएस के सखी मंडल की महिलाओं को रोजगार के लिए 10लाख का चेक दिया ' कार्यक्रम का संचालन रोजगार सेवक तहमिद अंसारी एवं जयराम पासवान ने किया। मौके पर बीपीओ दयानंद प्रजापति, पंचायत सेवक विष्णु प्रसाद, अजीत सिंह, सतीश सिंह, भुनेश्वर प्रसाद सिंह, बीपीएम नीरज कुमार, श्रम मित्र नागेंद्र शर्मा, सिराज अहमद आदि मौजूद थे।

नप अध्यक्ष व उपाध्यक्ष ने दो विकास योजनाओं का किया शिलान्यास

क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत हूं

नवीन मेल संवाददाता

श्री बंशीधर नगर। नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 4 में लगभग 29 लाख 44 हजार रुपए की लागत से दो योजनाओं का शिलान्यास नगर पंचायत अध्यक्ष विजयालक्ष्मी देवी, उपाध्यक्ष लता देवी एवं वार्ड पार्षद राजकुमार प्रसाद ने संयुक्त रूप से भूमि पूजन,नारियल फोड़ एवं शिलापट्ट का अनावरण कर किया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष विजयालक्ष्मी देवी ने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र में सर्वांगीण विकास के लिए में लगातार प्रयासरत हूं।उन्होंने कहा की लगभग 30 लाख रुपए की लागत से बनने वाले वार्ड नंबर चार स्थित जयुदीन खान के घर से अपग्रेडेड मध्य विद्यालय चेरवाड़ी तक पीसीसी पथ निर्माण, एनएच 75 के बगल भिखु साल के घर से मिलेनियम पब्लिक स्कूल तक आरसीसी नाली पटिया निर्माण का शिलान्यास किया गया है। उन्होंने कहा कि चेरवाडीह स्कूल तक पीसीसी पथ बन जाने से चेरवाड़ी निवासियों को काफी सहूलियत होगी। वार्ड नंबर 4 का यह इलाका बहुत ही पिछड़ा इलाका कि श्रेणी में था। जिसको हमने अपनी तत्परता के साथ यहां के निवासी पढ़ने वाले बच्चों को देखते हुए यह पीसीसी पथ कार्य का आवंटन करा कर यहां की मुख्य समस्या को खत्म किया है। 10 दिनों के अंदर यह पीसीसी पथ तैयार होकर जनता को समर्पित कर दिया जाएगा।

एक करोड़ की लागत से पार्क का होगा निर्माण

नप अध्यक्ष विजयालक्ष्मी देवी ने कहा की वार्ड नंबर 4 स्थित राजा पहाड़ी शिव मंदिर अपनी मनोरम छटा को बिखेरे हुए भगवान भोलेनाथ के प्रांगण में लगभग एक करोड़ की लागत से पार्क का निर्माण शीघ्र ही किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय जो हमने वादा किया था। उसे हमने समय रहते हुए अपने कार्यकाल के दौरान पूरा किया है। प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना का शत प्रतिशत लाभ वार्ड वासियों को मिला है। महिला समूह के द्वारा महिला सशक्तिकरण प्रोत्साहन राशि वितरण कर महिलाओं को स्वावलंबी बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान घूम घूम कर वहां की स्थिति को देखा और समझा गया था उसके बाद पहली बोर्ड की बैठक से ही विकास कार्य को गति देने में निरंतर प्रयास कर विकास कार्य को धरातल पर उतारा जा रहा है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि अशोक सेठ, कनीय अभियंता उदय शंकर, वार्ड पार्षद राजकुमार प्रसाद, ललिता देवी, मदन प्रसाद, संतु दुबे, मुन्ना गुप्ता, रामचरण चेरो, बुधन चेरो, सीआरपी इशरत खातून, विनीत कुमार प्रसाद सहित अन्य लोग मौजूद थे।

मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना का लाभ ले: कुमुद

नवीन मेल संवाददाता

गढ़वा। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में छह दिवासीय दुकानदारों का स्वरोजगार हेतु शॉपकीपर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखड विकाश पदाधिकारी कुमुद झा,संस्था के निदेशक प्रियरंजन, बीपीओ शेखर सत्यकेतु, जेएसएलपीएस के अभिज्ञान ने सयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि झारखंड सरकार युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए झारखण्ड मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना का आरंभ किया गया है। इस योजना के माध्यम से झारखंड के युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। सरकार ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्र के नागरिकों को स्वरोजगार प्रदान करने के लिए 25 लाख रुपए तक का ऋण प्रदान कर रहा है। यह ऋण कम ब्याज पर प्रदान किया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत सरकार द्वारा 40 प्रतिशत तक का अनुदान भी प्रदान किया जाएगा। अनुदान की अधिकतम राशि 5 लाख रुपए है। इस योजना का लाभ अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक, पिछड़ा वर्ग तथा आप सभी लोग उठा सकते है। आप प्रखंड कार्यालय में आकर आवेदन कर सकते है। निदेशक प्रिय रंजन ने कहा कि आप ट्रेनिंग का लाभ उठाए।

सीआरपीएफ ने सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत स्वास्थ्य शिविर आयोजित की

नवीन मेल संवाददाता

बड़गड़। जिले के भंडरिया थाना अंतर्गत घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में स्थापित बड़गड़ प्रखंड के बुढ़ा पहाड़ के झाउल डेरा कैंप तथा पुंदाग गांव सहित टेहरी पंचायत के हेसातू एवं मदगड़ी च पंचायत के संगाली पुलिस पिकेट कैंपों में सीआरपीएफ 172 बटालियन के द्वारा सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। सीआरपीएफ 172 बटालियन के कमांडेंट आशीष कुमार झा के दिशा - निर्देशन में द्वितीय कमान अधिकारी अमरेन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में आयोजित उक्त कार्यक्रम में सहयोग नामक कार्यक्रम के तहत संगाली कैंप में 44 लाभार्थियों के बीच सोलर लैंप, 10 लाभार्थियों को बर्तन सेट तथा 37 लोगों के बीच मच्छरदानी का वितरण किया गया। इसी प्रकार हेसातु कैंप 37 लोगों को मच्छरदानी तथा दस लोगों को बर्तन सेट प्रदान किया गया। वहीं बुढ़ा पहाड़ के झाउल डेरा एवं पुंदाग गांव में भी उपरोक्त सामग्रियों का वितरण किया गया। इस मौके पर हेसातू में स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया। जिसमें कई के एक सौ से अधिक लोगों का एस एम ओ डाक्टर आस्था कोहली के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवा का वितरण किया गया। मौके पर सहायक कमांडेंट अश्वनी कुमार, वजीर डॉगी कुलविंदर कुमार, मोहम्मद सरफराज तथा संगाली में आयोजित कार्यक्रम में उप कमांडेंट नवल किशोर, इंस्पेक्टर धीरज पवार आदि मौजूद थे।

बीईईओ ने विभिन्न विद्यालयों का किया निरीक्षण, कहा

गुणवत्तापूर्ण रूप से शिक्षा व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाएं

नवीन मेल संवाददाता

बड़गड़। प्रखण्ड के विभिन्न प्रारम्भिक विद्यालयों और सीआरसी का प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विद्यासागर मेहता ने गुरुवार को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बीईओ श्री मेहता ने राजकिय मध्य विद्यालय बड़गड़, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय नवाटोली परसवार, मध्य विद्यालय बिंजपुर, प्राथमिक विद्यालय झपियाही टेहरी, प्राथमिक विद्यालय खिराखाड़ टेहरी, प्राथमिक विद्यालय रुद का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, शिक्षकों की उपस्थिति, शैक्षणिक गुणवत्ता, साफ सफाई,मध्यान भोजन आदि का निरीक्षण किया। मौके पर उन्होंने सभी विद्यालय प्रधान को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरतने का सख्त निर्देश दिया। साथ ही विद्यालयों में एमडीएम समय पर बच्चों को उपलब्ध कराने और गुणवत्ता के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने सभी स्कूलों में छात्रों की उपस्थिति को बढ़ाने का भी निर्देश दिया। औचक निरीक्षण के दौरान बीईओ ने बताया कि स्कूलों में छात्रों की उपस्थिति कम देखी जा रही है। उपस्थिति बढ़ाने के लिए सभी प्रधानाध्यापकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था को हर हाल में पटरी पर लाने के लिए भरसक प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा की बड़गड़ प्रखण्ड के सुदूरवर्ती विद्यालय तुमेरा , तुरेर, खपरीमहुआ, बहेराटोली , हेसातु , सरुअत आदी सुचारु रुप से पठन-पाठन व संचालित हो उसके लिये वे गंभीर हैं । अगर उन्हें सूचना मिलती है कि वहां नियमित शिक्षण कार्य नहीं हो रहे है तो वहां कार्यरत शिक्षकों पर सख्त कार्रवाई कि जायेगी । बीईओ के औचक निरीक्षण से शिक्षकों के बीच हड़कंप मचा रहा। मौके पर बोडरी सीआरपी ब्रह्मदेव राम, बड़गड़ सीआरपी पीएन प्रसाद आदि उपस्थित थे ।

पूर्व मध्य रेल

शुद्धि पत्र

शुद्धि पत्र सं. डब्लयु 584/ई-टेंडरिंग/160-DHN-22-23 धनबाद, दिनांक 20/10/2022

यह पुनः सूचित किया जाता है कि ई-निविदा सं. 160-DHN-2022-23 दिनांक 30.09.2022 को प्रशासनिक कारणों से **निरस्त** की जाती है।

मंडल रेल प्रबंधक (अभियंत्रण), पूर्व मध्य रेल, धनबाद

पीआर/01370/डीएचएन/ईजी०/सी/22-23/12

योजना के तहत लगे पौधा व जाली को किया क्षतिग्रस्त

नवीन मेल संवाददाता

भवनाथपुर। प्रखण्ड अंतर्गत भवनाथपुर देकुलिया में सरकारी बृक्षारोपण योजना से लगे पौधा और जाली को दबंगई के बल पर उखाड़ कर फेंक दिए जाने तथा योजना स्थल में मजदूरों को लगा कर घेरावा किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में योजना के लाभुक सुजीत सिंह ने बीडीओ को आवेदन दे कर कारवाई करने की मांग की गई है। इसके बावजूद बीडीओ द्वारा अब तक कोई कारवाई नही किया गया। जानकारी के मुताबिक सरकार के अति महत्वाकांक्षी योजना मनरेगा के तहत 2020-21 में 3 लाख 73 हजार के लागत से देकुलिया टोला में लाभुक सुजीत सिंह के द्वारा अपने निजी जमीन में बृक्षारोपण का कार्य कराया गया था। उसके बाद लाभुक के चाचा विकेश सिंह के द्वारा उक्त जमीन को केतार थाना क्षेत्र के बांसडीह काला निवासी मनोज राम से नियम विरुद्ध बेच दिया। जिस में क्रेता और बिक्रेता द्वारा योजना स्थल में लगे पेड़ पौधा सहित जाली को दबंगई के बल पर उजाड़ कर फेंक दिया गया। वहीं उस मे जमीन कब्जा करने को लेकर दर्जनों मजदूर लगा कर उस मे चार दिवारी का कार्य कराया जा रहा है। जिसकी शिकायत लाभुक के द्वारा दो दिन पूर्व बीडीओ जयपाल महतो से किया गया। जिस पर बीडीओ ने बीपीओ एवं रोजगार सेवक को योजना स्थल पर भेजा था उक्त कर्मियों ने योजना स्थल पर जा कर चारदीवारी का हो रहे कार्य को बंद करने का निर्देश दिया था इसके बावजूद बिक्रेता के सह पर क्रेता द्वारा कर्मियों के निर्देश का अवहेलना करते हुए चार दिवारी का निर्माण जारी रखे हुए हैं जिसे लेकर लाभुक पुनः दुबारा बीडीओ को लिखित आवेदन देकर चाचा बिकेश सिंह एवं जमीन क्रेता मनोज राम पर कारवाई की मांग की लेकिन बीडीओ द्वारा अब तक कोई कारवाई नही किया गया। आपको बता दे कि लाभुक की भूमि सी एन टी एक्ट के तहत आती है इसके बावजूद क्रेता द्वारा खरीदा गया। जब कि यह नियम विरुद्ध है। इस संबंध में जमीन खरीदा मनोज कुमार ने बताया की हम एग्रीमेंट के तहत लाला सिंह उर्फ विकेश सिंह से 4लाख में दश कट्ठा जमीन खरीदे है। हमने पेड़ पौधे को नहीं उखाड़ा है। इस मामले में पूछे जाने पर प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो ने कहा की जांच करवाई जा रही है। जो भी जाँच में दोषीपाए जाएगे उन पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

न्यायालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी,लातेहार

राजसात वाद संख्या- 28 / 2022

नोटिस बनाम्

1. राजू उरांव, पिता- धनराज उरांव,
   सा0- मुरपा, भगिया थाना-बालूमाथ, जिला- लातेहार।
2. कलिन्दर यादव, पिता- अनहत यादव,
   सा0- मुरगी, मुरूपिरी, थाना- बुढ़मू, जिला- रांची।
3. जगजिवन यादव, पे0- मुंशी यादव,
   सा0- भगिया, मुरपा, थाना-बालूमाथ, जिला- लातेहार।
4. मंगरा मुण्डा पिता- धनराज मुण्डा,
   सा0- सारले, थाना- बुढ़मू, जिला- रांची :- विपक्षी

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अवैध रूप से कोयला का खनन एवं परिवहन कार्य में पकड़े गये ट्रेलर का राजसात की कार्रवाई से संबंधित मामले में बार-बार नोटिस तामिला किये जाने के बावजूद भी आपलोग लगातार अनुपस्थित हैं।

अतएव अंतिम रूप से आपलोगों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 29.11.2022 को निश्चित रूप से स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपायुक्त -सह- जिला दण्डाधिकारी, लातेहार के न्यायालय में उपस्थित होकर पक्ष रखना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित तिथि को अनुपस्थित रहने पर यह माना जायेगा कि इस संबंध में आपको कुछ नहीं कहना है तथा अभिलेख में उपलब्ध दस्तावेज के आधार पर एक पक्षीय आदेश पारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से नोटिस निर्गत किया गया।

प्रभारी उप समाहर्त्ता,
जिला विधि शाखा, लातेहार

PR 281364 Latehar(22-23).D

गरबांध पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

ऑन-द-स्पॉट निष्पादित हुआ 455 आवेदन

नवीन मेल संवाददाता

श्री बंशीधर नगर। प्रखण्ड के गरबांध पंचायत सचिवालय परिसर में गुरुवार को आपकी योजना,आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण राम,प्रखण्ड बीससूत्री अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे, अंचलाधिकारी अरुण कुमार मुंडा, जिप सदस्य बाला रानी, विधायक प्रतिनिधि लाल मोहन यादव,ने संयुक्तरूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण राम ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम लोगो तक पहुंचाना तथा उन योजनाओं का लाभ योग्य लाभुकों को दिलाना है। सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी विस्तार से देते हुये कहा कि आप सभी अपनी समस्याओं को लिखित रूप से सम्बंधित विभाग के लगे स्टॉल पर जमा करावें। आपकी समस्याओं का समाधान शीघ्र करने की दिशा में पहल किया जायेगा। डीआरडीए निदेशक दिनेश सुरिन कार्यक्रम का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने पेंशन स्वीकृति लोगो के बीच वितरण भी किया।

बिससूत्री अध्यक्ष शैलेश चौबे ने कहा कि सभी डीलर तोल कर राशन लीजिए और लाभुक को एक दाना भी कम नहि दीजिए अगर लाभुकों के द्वारा शिकायत मिली तो डीलर के विरुद्ध कारवाई किया जाएगा।

जिप सदस्य बाला रानी ने कहा कि सरकार के द्वारा 16 महत्वकांक्षी योजनाएं चलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी लोगो से सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की।

कार्यक्रम में कुल 755 आवेदन प्राप्त हुए

आपकी योजना, आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से सम्बंधित कुल आवेदन 705प्राप्त हुये। जिसमें 455लोगो का समस्या का निष्पादन किया गया। जिसमे प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए236, सावित्री बाई फुले बालिका समवृद्धि योजना के तहत78, आजीविका मिशन 124, केसीसी के लिये68 ,पीडीएस से संबंधित105, भूमि सुधार से संबंधित5, पेयजल से संबंधित6, विभिन्न प्रकार के पेंशन से संबंधित53, ई श्रम कार्ड के लिये18, तथा 15 वें वित्त से संबंधित12 आवेदन प्राप्त हुये। मौके पर प्रखण्ड पंचायत राज समन्वयक कौशल कुमार, पीएम आवास के प्रखण्ड समन्वयक स्नेहा सिंह,प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी सोसलिस्ट राम, सीडीपीओ रीना साहू,सीएचओ एकता बम्बेवारल आदि मौजूद थे।

कार्यालय नगर पंचायत, हुसैनाबाद (पलामू)

Email:- nphussainabad@gmail.com

Azadi Ka Amrit Mahotsav

-:आमसूचना स्वचछ सर्वेक्षण 2023:-

एत्द् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत हुसैनाबाद द्वारा आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण- 2023 के मापदंडों को पूर्ण रुप से पालन करने हेतु दृढ़ संकल्पित है। उक्त के आलोक में सभी नागरिकों को उद्यान अपशिष्ट (Garden Waste) निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट (Construction &Demolation Waste) एवं घरेलुई-वेस्ट (Electronic Waste) को अलगसंग्रहित किया जाना है।उक्त कार्य के लिए निम्नलिखित प्रकिया का पालन किया जाना है-

1. उद्यान अपशिष्ट(Garden Waste) :-उद्यान अपशिष्ट के निष्पादन हेतु नागरिकों से अपेक्षा की जाती है कि वे नगर पंचायत हुसैनाबाद के स्वच्छता पर्यवेक्षक के मोबाईल नम्बर-9608702990 पर सूचित कर निष्पादन सुनिश्चित कराऐंगे।अपने उद्यान अपशिष्ट के निष्पादन हेतु ऑटोट्रीपर के प्रति ट्रीप हेतु 500.00 रु0 (पॉच सौ रु0) एवं प्रति ट्रैक्टर प्रति ट्रीप 1000.00 रु0 (एक हजार रुपये) के अनुसार सेवा शुल्क का भुगतान करना सुनिश्चित करेंगे।
2. निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट (Construction and Demolation Waste/Building Material)- C&D अपशिष्ट के निष्पादन हेतु नागरिकों से अपेक्षा की जाती है कि वे नगरपंचायत हुसैनाबाद के स्वच्छता पर्यवेक्षक के मोबाईल न0 -9608702990 पर सूचित कर निष्पादन सुनिश्चित कराऐंगे।अपने C&D अपशिष्ट के निष्पादन हेतु ऑटोट्रीपर के प्रति ट्रीप 500.00 रु0 एवं प्रति ट्रैक्टर प्रति ट्रीप 1000.00 रु0 के अनुसार सेवा शुल्क का भुगतान करना सुनिश्चित करेंगे।
3. घरेलु ईवेस्ट (Electronic Waste):- घरेलु ईवेस्ट के निष्पादन हेतु नागरिकों से अपेक्षा की जाती है कि वे नगर पंचायत हुसैनाबाद के स्वच्छता पर्यवेक्षक के मोबाईल न0-8292867561पर सूचित कर निष्पादन सुनिश्चित कराऐंगे।अपने ई-वेस्ट का निष्पादन संबंधी सेवा शुल्क की जानकारी आदि के लिए स्वच्छता पर्यवेक्षक के मोबाईल नम्बर-9608702990 पर सूचित कर उचित भुगतान करना सुनिश्चित करेंगे।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत हुसैनाबाद

PR 281338 District(22-23).D

न्यूज गैलरी

बारेसांढ़ में सिविल एक्शन प्रोग्राम के तहत सामग्री का किया वितरण

गारू। गारू प्रखंड के बारेसांढ़ अति उग्रवाद प्रभावित ग्राम में बुधवार को सीआरपीएफ 218 बटालियन के तत्वाधान में कैंप लगाकर सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सीआरपीएफ के कमांडेंट मो० खालिद खान के निर्देश पर बारेसांढ़ थाना प्रभारी जमील अंसारी की मौजूदगी में शिविर लगाकर मच्छर दानी, छाता, सरसों,मटर, चना, आलू के साथ यूरिया और डीएपी खाद सामग्री का वितरण किया गया। इस मौके पर सीआरपीएफ के कमांडेंट खालिद खान ग्रामीणों को बताया कि ग्रामीण एवम पुलिस व सुरक्षा बलों के बीच समन्वय स्थापित करने एवम भटके लोगों को समाज की मुख्य धारा में लाने के लिए इन शिविरों का समय-समय पर आयोजन किया जाता है, इसलिए इस प्रकार के कार्यक्रम के आयोजन से सीआरपीएफ तथा आम लोगों के बीच अपनत्व संबंध स्थापित करना है। जिससे क्षेत्र में नक्सलवाद की खात्मा एवं लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास कायम होगी।
उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम सीआरपीएफ आयोजित कर लोगों को विभिन्न प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराती रहेगी। वही इस मौके पर सिविक एक्शन शिविर में ग्रामीणों के उत्तम जलपान की व्यव्यस्था भी सीआरपीएफ 218 बटालियन की ओर से की गयी थी। इसके अलावा शिविर में सीआरपीएफ चिकित्सा प्रभारी द्वारा चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें ग्रामीणों को आवश्यक दवाइयां उपलब्ध काराई गई।

मासियातू पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में परिसंपत्ति का वितरण

बालूमाथ। प्रखंड के मासियातू पंचायत सचिवालय में गुरुवार को आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर लगाकर सैकड़ों आवेदन प्राप्त किए गए। लातेहार अपर समाहर्ता आलोक शिकारी कच्छप,जीप उपाध्यक्ष अनीता देवी, अंचलाधिकारी आफताब आलम,प्रखंड विकास पदाधिकारी राजश्री ललिता बाखला संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। मौके पर अपर समाहर्ता आलोक शिकारी कच्छप ने कहा कि यह कार्यक्रम का उद्देश्य है। जरूरतमंदों तक सरकार द्वारा चलाए जा रहे कल्याणकारी योजना का लाभ दिलाना। ग्रामीणों से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि आप इस शिविर में आवेदन के माध्यम से अपनी समस्या? को रखें।जिला प्रशासन निश्चित रूप से आपके समस्या को नियमसंगत दूर करने की कोशिश की जाएगी। अंचलाधिकारी आफताब आलम ने कहा कि सरकार की यह एक महत्वकांक्षी योजना है। आमजन इस शिविर में पहुंचकर लाभ उठाए।

मयूरहंड में आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन, महिला समूहों में 18 लाख की परिसंपत्ति का वितरण

मयूरहंड (चतरा)। गुरुवार को जिले के मयूरहंड प्रखंड मुख्यालय स्थित पंचायत सचिवालय परिसर में आयोजित सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम में 18 लाख की परिसंपतियों का वितरण विभिन्न महिला समूहों के बीच किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रमुख मिक्की देवी, भूमि उप समाहर्ता गोरांग महतो, बीडीओ साकेत कुमार सिन्हा, जिप सदस्य देवेंद्र चंद्रवंशी, 20सूत्री अध्यक्ष रामभरोस यादव, मुखिया मृदुला देवी, पंसस सत्या सिंह, विधायक प्रतिनिधि अनिल कुमार सिंह द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में जिला जनसंपर्क सूचना विभाग के तत्वावधान में मांदर की थाप पर जनजाति महिला-पुरुष रामगढ़ द्वारा जनजातीय नृत्य के साथ नुक्कड़ नाटक का मंचन कर लोगों को सरकार द्वारा संचालीत कार्यक्रमों व योजनाओं की जानकारी दी गई। इसके पश्चात पदाधिकारी व जनप्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रूप से वृद्ध और नि:शक्त महिला-पुरुषों के बीच कंबलका वितरित किया गया। साथ ही जेएसएलपीएस के तत्वावधान में आजीविका मिशन के तहत महिला समूहों के बीच 18 लाख रुपए की परिसंपति वितरित की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में नोडल पदाधिकारी सह पंचायत सचिव सतीश कुमार मिश्रा, समाजिक सुरक्षा के मुकेश कुमार, मनरेगा के चंदन कुमार, जेई छोटू कुमार, बीएफटी व रोजगार सेवक के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल थे।

कुंदा में धरना-प्रदर्शन को लेकर भाजपाईयो ने की बैठक

कुंदा(चतरा)। गुरुवार को भापजा की आवश्यक बैठक कुंदा प्रखंड मुख्यालय चौक स्थित महावीर मंदिर परिसर में कार्यक्रम प्रभारी यदुनंदन यादव की उपस्थिति में की गई। जिसमें वर्तमान हेमंत सरकार के भ्रष्टाचार का पोल खोल कार्यक्रम को लेकर आगामी 11 नवम्बर को प्रखंड कार्यलय में धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। मौके पर धरना प्रर्दशन कार्यक्रम को सफल बनाने पर चर्चा करने के साथ कार्यकर्ताओ को जिम्मेवारी दी गई। बैठक में अम्बिका सिंग, गंदौरी साव, संसाद प्रतिनिधि जितेन्द्र यादव, अजित यादव, मंडल अध्यक्ष अनिता देवी, महामंत्री मनोज यादव, ओबीसी मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष अनुज गुप्ता, घनश्याम यादव, रविन्द्र भारती, जगमोहन महतो, प्रमोद गुप्ता, भीम महतो, रामस्वरूप यादव आदि मौजूद हुए।

विभिन्न प्रखंडों में आयोजित आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल हुए श्रम मंत्री, कहा

अंतिम पायदान पर खड़े लोगों को योजनाओं से लाभान्वित करना हमारी पहली प्राथमिकता

नवीन मेल संवाददाता

चतरा। राज्य सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने रोस्टर अनुसार गुरुवार को टंडवा प्रखंड के कोयद पंचायत, सिमरिया के पुंडरा, गिद्धौर के द्वारी, पत्थलगडा के मेराल पंचायत में आयोजित आपके द्वारा कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में राज्य के श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता शामिल हुए। कार्यक्रम में मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार जन कल्याण के लिए गांव-गांव पहुंच रही है, ताकी सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंद लोगों को मिले और लोगों को मुख्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े, उन्हे हर जरूरत की सुविधाएं पंचायत सचिवालय में ही उपलब्ध हो यही सरकार का लक्ष्य है। ग्रामीण एवं

पिछड़े क्षेत्रों में रहने वाले योग्य लाभुकों को जिला मुख्यालय एवं प्रखंड मुख्यालय तक पहुंचने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। जिस कारण वे योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाते थे। सरकार ने शत प्रतिशत योग्य लाभुकों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से पंचायत स्तर पर आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन कर ऑन स्पॉट या जल्द से जल्द लाभान्वित करने का कार्य कर रही है। इसके पश्चात ग्रामीणों से प्रधानमंत्री आवास, राशन कार्ड, सड़क, बिजली, पानी, पुल, पुलिया समेत अन्य समस्याओं से मंत्री श्री भोक्ता अवगत हुए। मौके पर कई समस्याओं का त्वरित निष्पादन करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया। मंत्री ने कार्यक्रम में कंबल, जॉब कार्ड, पेंशन, आवास स्वीकृति पत्र का भी वितरण किया। इसके अलावे जिले के प्रतापपुर प्रखंड के घोड़दौड़, लावालौंग के हेडुम, हंटरगंज के डुमरी कला, चकला, कान्हाचट्टी के कैण्डीनगर, सदर के गंधरिया, इटखोरी के धनखेरी, मयूरहंड के मयुरहंड में आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन कर सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से योग्य लाभुकों को लाभान्वित करने का कार्य किया गया।

मेराल से पुलिस ने दो केजी अफीम के साथ एक तस्कर को किया गिरफ्तार

नवीन मेल संवादाता

चतरा/पत्थलगड़ा। एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने पत्थलगड़ा थाना क्षेत्र के उग्रवाद प्रभावीत मेराल से दो केजी अफीम के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। सिमरिया एसडीपीओ अशोक कुमार प्रियदर्शी के नेतृत्व में थाना प्रभारी बमबम कुमार ने मेराल निवासी राजू तूरी को उसके घर से अफीम के साथ छापेमारी कर गिरफ्तार किया। उपरोक्त जानकारी थाना परिसर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में देते हुए एसडीपीओ ने बताया कि एसपी के दिशा निर्देश में अफीम तस्करों व अपराधियों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। पत्थलगड़ा थाना क्षेत्र से बीते तीन माह में पुलिस द्वारा अवैध कार्यों में संलीप्त आधा दर्जन से अधिक लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। आगे बताया कि गिरफ्तार तसकर को

कांड 49/2022 में धारा 18/25/27/29 एनडीपीएस एक्ट दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई करते हुए न्यायालय में प्रस्तुत करने के उपरांत जेल भेज दिया गया। छापेमारी टीम में थाना प्रभारी के साथ एसआई सुनिल कुमार सिंह, एएसआइ दिलीप यादव, आरक्षी 1131 दिपेन्द्र कुमार रवि व सहायक आरक्षी रोहित कुमार आदि शामिल थे। ज्ञात हो कि पत्थलगड़ा में श्री कुमार के पदस्थापन के बाद लगातार अवैध कार्यों में संलीप्त लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है।

आरपीएस डिजीटल लाइफ सॉल्यूशन कंपनी ने मनाया प्रथम वर्षगांठ

नवीन मेल संवाददाता

महुआडांड़ । प्रखंड अंतर्गत सरस्वती शिशु विद्या मंदिर स्कूल परिसर में आरपीएस डिजीटल लाईफ सॉल्यूशन कंपनी के द्वारा प्रथम वर्षगांठ मनाया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन बुधवार महुआडांड़ एसडीएम नीत निखिल सुरीन, जिला परिषद सदस्य इस्तेला नगेसिया और प्रखंड प्रमुख कंचन कुजूर द्वारा संयुक्त रूप से फिता काटकर किया गया। वही चीफ मैनेजिंग डायरेक्टर कमलेश यादव ने कहा कि आरपीएस डिजीटल लाईफ सॉल्यूशन कंपनी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कैशलेस इंडिया के सपने को साकार करने के ओर अग्रसर है, हम कैशलेस सिस्टम गांव गांव तक लेकर जा रहे है। बेरोजगार युवा एवं युवती को इससे जुड़ रहें है। ये कंपनी जो सरकार द्वारा निर्देशित एप्लीकेशन भीम के माध्यम से जागरूक करने का बीड़ा उठाया है। हमलोग महुआडांड़ अनुमंडल के सुदूर गांवो तक डिजीटल सेवा उपलब्ध कर

अनुमंडल को पूर्ण बनाने की दिशा में कार्यरत है, इस दौरान कंपनी के साफ्टवेयर इंजीनियर राकेश कुमार ने इस कंपनी के एप्लीकेशन के कार्य के बारे में विस्तार से बताया। मौके पर कंपनी के सीए दीपक साहू, प्रितम कुमार पांडेय, मनीष कुमार झा, मनौवर अंसारी, बुधेशवर यादव, जंसवत यादव, कमलेश नगेसिया, जितेंद्र यादव, श्रवण यादव समेत सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद थे।

श्रम मंत्री को कामगारों ने समस्याओं से कराया अवगत, कहा

75 % स्थानीय के नियोजन की घोषणा खोखला

नवीन मेल संवाददाता

टंडवा(चतरा)। टंडवा थाना क्षेत्र के कोयद पंचायत पहुंचे राज्य के श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता को स्थानीय कामगारों व बेरोजगारों द्वारा पलायन के मुद्दे से अवगत कराया गया। बताया गया कि सीसीएल व एनटीपीसी में कार्यरत दर्जनों आउटसोर्सिंग कंपनीयों में सरकार द्वारा घोषित 75 प्रतिशत स्थानीय का प्रतिनियोजन खोखला साबित हो रहा है। जिसपर उन्होंने कहा कि इसकी पूरी जानकारी नहीं है, सभी आउटसोर्सिंग कंपनीयों से आंकड़ों की मांग की जाएगी। वहीं मगध कोल परियोजना क्षेत्र से विस्थापित देवलगडा के आदिवासी भूरैयतों के मामले पर संज्ञान लेते हुए टीम गठित करने की बातें कही। वहीं पत्रकारों ने मगध कोल परियोजना में पदस्थापित डिस्पैच

अधिकारी चंदन चटराज द्वारा घोर अनियमितता बरतने के आरोपों से अवगत करया। राजद प्रखंड अध्यक्ष नीरज तिवारी ने कहा कि पिछले 20 सूत्री के बैठक में सीसीएल व आउटसोर्सिंग कंपनीयों के प्रतिनिधियों से स्थानीय लोगों को 75 प्रतिशत प्रतिनियोजन संबंधित रिपोर्ट की मांग की गई थी, जिसे अबतक नही दिया गया। शिक्षक यमुना प्रसाद ने कहा कि स्थानीय को रोजगार देने के प्रति कंपनियां उदासीन हैं, बाहरियों का बोलबाला यहां बढ़ा है। मौके पर डीडीसी उत्कर्ष गुप्ता, एसडीओ सुधीर दास, बीडीओ रंथु महतो, सीओ विजय दास, जिप सदस्य सुभाष यादव, नेहा तिर्की अन्य मौजूद थे।

चतरा-सिमरिया मार्ग पर दो बाइक की भीड़ंत में दो घायल

चतरा। सदर थाना क्षेत्र के चतरा-सिमरिया मार्ग पर पुलिस लाइन के सामने दो बाइक की आमने-सामने हो गई और दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें से एक को गंभीर हालत में बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रिफर किया गया। मिली जानकारी के अनुसार घटना के समय मौके पर पहुंचे सदर बीडीओ गणेश रजक व सीओ भागीरथ महतो ने अपनी देखरेख में घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल दाखिल कराया। मौके पर उन्होंने बताया कि दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की सहायता करने वाले किसी भी व्यक्ति को सरकार की ओर से 5000 की राशि दिए जाने का प्रावधान है तथा इस घटना में शामिल व्यक्तियों द्वारा योगदान करने वाले को किसी भी मामले में दोषी ठहराया नहीं जा सकता। इस लिए आम नागरीक आगे आकर ऐसे लोगों की सहायता करें।

अभाविप के प्रयास से डिग्री कॉलेज मनिका को बनाया गया परीक्षा केंद्र

लातेहार। मनिका प्रखंड के अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मनिका का प्रयास रंग लाया, उनके द्वारा पिछले दिनों ही डिग्री कॉलेज मनिका को आगामी परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्र बनाने की मांग की थी और मांग करने के अगले ही दिन डिग्री कॉलेज मनिका को परीक्षा केंद्र बना दिया गया है। ज्ञात हो की पिछले दिनों विश्वविद्यालय के द्वारा डिग्री कालेज मनिका को परीक्षा केंद्र बनाने से वंचित कर दिया गया था , और तब से ही अभाविप लगातार इस चीज का विरोध कर रही थी । इस संदर्भ में पूर्व नगर मंत्री उत्तम कुमार ने कहा कि अभाविप के लिए छात्र हित सर्वोपरि है, छात्र शक्ति ही राष्ट्र शक्ति है और अभाविप छात्र हित में लगातार काम करते रहेगी, हम लगातार प्राचार्य से डिग्री कॉलेज मनिका को परीक्षा केंद्र बनवाने का आग्रह कर रहे थे, इस संदर्भ में प्राचार्य श्री सिंह ने भी आश्वाशन दिया था कि जल्द ही डिग्री कॉलेज मनिका को परीक्षा इल्ल केंद्र बनाया जायेगा। अभाविप ने प्राचार्य को धन्यवाद दिया और कहा कि डिग्री कॉलेज मनिका के परीक्षा केंद्र बनने से यहां के छात्रों में काफी उत्साह है।

सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत बच्चों को शिक्षा के प्रति किया प्रेरित

नवीन मेल संवाददाता

बरवाडीह। सीआरपीएफ डी-11वीं बटालियन के कमांडेंट वेद प्रकाश त्रिपाठी के निर्देश पर कंपनी कमांडर अमरेश कुमार के नेतृत्व ने मोरवाई पंचायत अंतर्गत मोरवाई और मंडल में सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन कर दर्जनों गांव के लगभग दो सौ से अधिक स्कूली बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री जिनमें किताब कॉपी, कलम, पेंसिल रबर तथा प्रतियोगिता की तैयारी के भी आवश्यक किताबों का वितरण किया गया। इसके अलावा दिव्यांगों, वृद्ध विधवाओं और जरूरमंद व्यक्तियों के बीच प्रतिदिन उपयोग में आने वाले सोलर लैम्प का भी वितरण किया गया। जहां कंपनी कमांडर अमरेश कुमार ने आगे कहा कि सीआरपीएफ आपकी सेवा, सहयोग व सुरक्षा में सदैव आपके

साथ खड़ी है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नक्सल प्रभावित क्षेत्र के लोगों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करना है। कार्यक्रम में मुखिया आशीष सिंह, प्रधानाध्यापक विश्वनाथ राम, पूर्व पंचायत समिति प्रेम सिंह, बिना देवी के साथ- साथ सीआरपीएफ के मुन्ना कुमार सिंह, विक्रम प्रताप सिंह, इंस्पेक्टर चैतराम मीना, माला बैठा, रणसिंह सरकार, एमडी लोन और संजय भंडारी सहित सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण व बच्चे उपस्थित थे।

चंदवा पूर्वी पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

चंदवा। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दूसरे चरण के तहत गुरुवार को चंदवा पूर्वी पंचायत सचिवालय परिसर में शिविर का आयोजन किया गया।शिविर का उद्घघाटन बीडीओ विजय कुमार के द्वारा किया गया।शिविर में अधिकारियों ने उपस्थित लोगों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी विस्तार से दी बीडीओ श्री कुमार ने कहा कि ग्रामीण अपनी शिकायत लिखित रूप से शिविर में रख सकते हैं उनकी शिकायतों का जल्द निष्पादन किया जायेगा। साथ ही सरकारी योजनाओं का लाभ उन्हें दिलाया जाएगा।राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे इस योजना का लाभ लोगो को आगे आकर उठाना चाहिये। शिविर में

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को किया गया जागरूक, शिविर में पहुंचे ग्रामीणों को नाट्य मंडली के द्वारा नुक्कड़ नाटक कर ग्रामीणों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी साथ ही उन्हें समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने के लिए प्रेरित भी किया गया। शिविर के माध्यम से ऑन स्पॉट कई आवेदनों का निष्पादन करते हुए मुख्यमंत्री सर्वजन पेंशन योजना के तहत स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया। शिविर में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, हरा राशन कार्ड,पेंशन योजना,जॉब कार्ड,ई श्रम कार्ड, स्वास्थ्य शिविर ,आधार कार्ड,आंगनबाड़ी केंद्र समेत अन्य कई विभागों से संबंधित आवेदन प्राप्त किये गए।मौके पर बीपीओ रतन कुमारी शाहदेव,पंसस मनीता देवी, कमलेश उंराव, पंचायत सचिव तिलक बैठा व प्रखंड कर्मी समेत सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

चंदवा सीएससी में पेबर ब्लॉक कार्य में बरती जा रही घोर अनियमितता

पेवर ब्लॉक लगाने की प्राक्कलित राशि 49 लाख, बिना लेबलिंग किये बिछाया जा रहा है पेबर ब्लॉक, खराब सामग्री का हो रहा उपयोग

नवीन मेल संवाददाता

चंदवा। चंदवा प्रखंड में डीएमएफटी मद से सीएचसी परिसर में 49 लाख रुपये की लागत से पेवर ब्लॉक बिछाने, ईट जोड़ाई व प्लास्टर कार्य में अनियमितता चरम पर है। इस योजना के संवेदक जावेद अख्तर (लातेहार) हैं। यहां बिना लेबलिंग किए ही मजदूर जैसे तैसे पेबर ब्लॉक बिछाने का काम कर रहे हैं। लेबलिंग बिना किए पेबर ब्लॉक बिछाने से कहीं उंचा तो कहीं नीचा दिख रहा है। सबसे महत्वपूर्ण यह कि ईटा पथाई में प्रयोग होने वाले चिकनी मिट्टी व घटिया बालू को पेबर ब्लॉक बिछाने में प्रयोग किया जा रहा है।जबकि प्राक्कलन में बालू का प्रयोग किया जाना है।वर्षा में पेबर ब्लॉक की निचे की मिट्टी बह जाएंगे तथा पेबर ब्लॉक में पैदल चलने फिरने व गाड़ी मोटरसाइकिल चलने से पेबर ब्लॉक हिलने डुलने लगेगा।यह आरोप सामाजिक कार्यकर्ता रवि कुमार डे व कामता पंचायत समिति सदस्य सह वरिष्ठ माकपा नेता अयुब खान ने लगाया है। गौरतलब हो कि पहले संवेदक द्वारा पेवर ब्लॉक लगाने के लिए एरिया बढ़ाने के उद्देश्य से बिना किसी आदेश या टेंडर से पुराने अस्पताल भवन को जेसीबी लगाकर गिरा दिया गया है।भवन निर्माण विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से सरकारी राशि की लूट मची हुई है। लातेहार जिले में डीएमएफटी की राशि का दुरुपयोग लगातार जारी है। भवन निर्माण विभाग द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा के परिसर में एक करोड़ 85 लाख रुपए की लागत से चार निर्माण कार्य टेंडर के आधार पर कराए जा रहे हैं। इसमें एक काम पेवर ब्लॉक लगाने का है। इसकी प्राक्कलित राशि 49 लाख रुपए है। गौरतलफ हो कि विभाग के कनीय अभियंता व संवेदक की मिलीभगत

से पेवर ब्लॉक लगाने का एरिया बढ़ाने की नीयत से पुराने भवनों को जेसीबी मशीन लगवा कर तोड़वा दिया गया था। तोड़े गए भवन से लाखों रुपए के लोहे के गेट ग्रिल व पुराने फर्नीचर को रातों-रात ही गायब करवा दिया गया था।

क्या कहते है जेई

भवन निर्माण विभाग के जेई मोहम्मद नसर ने कहा कि चंदवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जो भी निर्माण कार्य हो रहा है। वह सही हो रहा है। हमारे द्वारा गुणवत्ता पर भी ध्यान दिया जा रहा है। वही पेबर ब्लॉक लातेहार से लाने में ट्रैक्टर ट्रॉली से टूट जा रही है।

क्या कहते है जानकार:

जानकारी बताते हे कि पेवर ब्लॉक लगाने के लिए उम्दा किस्म का बालू या क्रेसर के छरी का चूर्ण ज्यादा उपयोगी होता है । मिट्टी मिश्रित बालू लगाना कहीं से उचित नहीं है।ऐसा होने से वर्षा के दिनों में जब पानी अंदर जाएगा तो मिट्टी बैठ जाएगी व पेवर ब्लॉक धंस जाएगा। स्पॉट के उबड़ - खाबड़ होने की स्थिति में पेवर ब्लॉक टूट कर बर्बाद भी हो जायेगा। पेबर ब्लॉग के बारे में भी जानकारों ने बतलाया कि पेपर ब्लॉक की पकाई ठीक से नहीं की गई है पेवर ब्लॉक कच्चा है इसलिए इतना टूट हो रही है। लगने के बाद जमीन बराबर नहीं रहेगी तो पेवर ब्लॉक पूरी तरह टूट जाएगा।

ठेकेदार को कार्यादेश दिया, पर इस्टीमेट नहीं

जानकार बताते हैं कि यह योजना तत्कालीन उपायुक्त अबु इमरान के कार्यकाल में ली गई थी। सबसे दिलचस्प बात यह है कि संवेदक को पेवर ब्लॉक लगाने का जिम्मा मिला। आश्चर्यजनक बात यह भी है कि ठेकेदार को कायार्देश तो दे दिया गया ,लेकिन इस्टीमेट उनके पास नहीं है। चंदवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में निर्माण कार्य चल रहा है जिसमें बाउंड्री वाल का निर्माण पुराने भवन के ऊपर दो साइड में सेड का निर्माण अस्पताल के ठीक सामने खाली जगह पर पेवर ब्लॉक का निर्माण कार्य चल रहा है कार्य में घोर अनियमितता हो रही है। बुधवार को सिविल सर्जन डॉक्टर दिनेश कुमार ने चंदवा पहुंचकर सभी निर्माण कार्य को देखा जिसमें डॉ कुमार ने भी निर्माण कार्य देखकर असंतोष जाहिर किया। सिविल सर्जन आने की सूचना पर समाजसेवी रवि कुमार डे ने भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। रवि डे व अयूब खान ने कहा कि कनीय अभियंता की इस काम में पार्टनरशिप बताई जा रही है। इस बात की पुष्टि यहीं काम करने वाले दो संवेदकों ने भी अपना नाम न छापने की शर्त पर की है।चंदवा के इकलौते सरकारी अस्पताल में जैसी अनियमितता का काम चल रहा है जिला प्रशासन भी लगातार अखबार में छपने के बाद भी अभी तक कोई संज्ञान नहीं लिया है। रवि डे ने झारखंड लोकायुक्त में शिकायत भी की है। घोर अनियमितता के बाद भी लातेहार के जिला प्रशासन चैन की निद्रा में सो रही है।

न्यूज गैलरी

कुरडेग पंचायत में आयोजित हुई आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के तहत शिविर

कुरडेग। प्रखंड के कुरडेग पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का विशेष शिविर लगाया गया। शिविर में विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभ के लिए कुल 1182 आवेदन प्राप्त किये गये जिसमें से कुछ आवेदनों का शिविर में ही निपटारा किया गया। सबसे अधिक आवास के लिए 350 आवेदन एवं मनरेगा योजना के लिए 250 आवेदन जमा हुए। इस बीच 80 ग्रामीणों को कंबल दिया गया। जोब कार्ड 20 मजदूरों को दिया गया, 10 जाति प्रमाणपत्र बच्चों को निर्गत किया गया। फूलो झानों योजना के अन्तर्गत 70 महिलाओं के समूह को जेएसएलपीएस की ओर से 7 लाख का चेक प्रदान किया गया एवं तीन महिलाओं की गोद भराई की गई। इस मौके पर प्रमुख सरस्वती देवी, जिप उपाध्यक्ष सोनी पैंकरा, उपप्रमुख अजय कु जयसवाल, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष वाल्टर टोप्पो, बीडीओ ज्ञानमनी एक्का, सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की, मुखिया उर्मिला कुजूर आदि उपस्थित थे।

क्षेत्र में 22 हाथियों के आने से दहशत वन विभाग ने क्षेत्र का किया दौरा

जलडेगा। प्रखंड के परबा, ओड़गा, जोनोदा, धौरंजन आदि क्षेत्रों में 22 हाथियों के आने से क्षेत्र के लोग दहशत में हैं। लोगों को जान माल के हानि होने का भय सता रहा है। मामले की जानकारी मिलने पर वन विभाग के उप परिसर पदाधिकारी हेमंत कुमार, नीतीश कुमार, प्रदीप कुल्लू, सत्येंद्र बड़ाईक ने उक्त गांवों का दौरा कर मामले की जानकारी ली। ग्रामीणों ने वन अधिकारियों को बताया कि हाथियों ने कई ग्रामीणों के खेत मे लगे फसल को रौंद दिया है। मामले को देखते हुए वन विभाग ने हाथी प्रभावित गांवों के लोगों के बीच हाथी भगाने हेतु मशाल बनाने की सामग्री बांटी। उप परिसर पदाधिकारी नीतीश कुमार ने कहा कि विभाग ग्रामीणों से संपर्क में है साथ ही फसलों के नुकसान का जायजा लिया गया है एवं विभाग की ओर से क्षतिपूर्ति हेतु आवेदन प्रकिया के बारे में बताया गया है फिलहाल लोगों को जंगलों से दूर रहने की सलाह दी गई है एवं किसी भी आपात स्थिति में वन विभाग को सूचना देने को कहा गया है।

जर्मन के रेभ. माईकल ब्रांत पहुंचे सिमडेगा, हुआ भव्य स्वागत

सिमडेगा। जर्मन के रेभ. माईकल ब्रांत ओड़िशा जाने के क्रम में कुछ देर सिमडेगा में रुके। दोपहर लंच के बाद वे ओड़िशा के लिए रवाना हो गए। खूंटीटोली चर्च परिसर में विशप मुरेल बिलूंग और मंडली के सदस्यों ने उनका भव्य स्वागत किया। मौके पर रेभ. माईकल ब्रांत ने जिलेवासियों को मिशन पर्व की बधाई दी। बताया गया कि यह कार्यक्रम रेभ. माईकल ब्रांत का क्षेत्र विजिट था। मौके पर जीईएल चर्च के मोडिरेटर राईट रेभ. जोहन डांग, महासचिव ईश्वर दत्त कंडुलना, पादरी नीरल बागे, पाउल लुगून, वायस प्रेसिडेंट पावल लुगून, डायोसिस के पदधारी पादरी लोरेंग डुंगडुंग, अंजोर टोप्पो, खूंटीटोली मंडली के सचिव विपिन तिग्गा सहित महिला समिति के सभी पदधारी उपस्थित थे। मौके पर थाना प्रभारी दयानंद कुमार, एसआई सुधीर बाड़ा सहित अन्य पुलिस अधिकारी और कर्मी भी उपस्थित थे।

पूर्व शिक्षक लाल आनंद किशोर नाथ शाहदेव का निधन

लोहरदगा। लोहरदगा जिले के पूर्व शिक्षक लाल आनंद किशोर नाथ शाहदेव का 70 वर्ष की अवस्था में निधन हो गया। उनका पिछले कुछ समय से रिम्स में इलाज चल रहा था। उन्होंने बेसिक स्कूल कुडू, बालिका स्कूल पंडरा, प्राइमरी स्कूल ईचरी में शिक्षण कार्य किया था। विज्ञान शिक्षक के रूप में श्री शाहदेव का कार्यकाल उत्कृष्ट रहा था। इनके विद्यार्थी दूसरे जिलों और राज्यों में महत्वपूर्ण पदों पर राष्ट्र सेवा कर रहे हैं। वह अपने पीछे दो पुत्र और एक पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। वह लोहरदगा के पत्रकार संजय शाहदेव के पिता और सतीश शाहदेव के बड़े पिताजी थे। छोटे पुत्र सुजीत शाहदेव भी शिक्षक हैं। स्व शाहदेव का अंतिम संस्कार लोहरदगा- रांची जिले के सीमावर्ती उनके पैतृक गांव चनकोपी में तीन नवंबर को होगा। इनके निधन पर लोहरदगा के शिक्षकों और पत्रकारों में शोक की लहर है। श्री शाहदेव के छात्र रहे इंटर कालेज लातेहार के प्रिंसिपल दशरथ प्रसाद ने निधन पर शोक जताते हुए कहा है कि वह शिक्षा और बच्चों के समग्र विकास को लेकर हमेशा तत्पर व समर्पित रहते थे।

कुरडेग के ढाकाटोली में धूमधाम से मनाया गया नवाखानी पर्व

कुरडेग। प्रखंड के हेठमा पंचायत अंतर्गत आसनबेड़ा ढ़ाका टोली गांव में गुरुवार को धूमधाम के साथ मिलकर नवाखानी पर्व मनाया गया सर्वप्रथम चर्च में सभी लोग प्रार्थना, संगीत और नाच के माध्यम से प्रभु की स्तुति और महिमा किये और नवाखानी पर्व मिलकर मनाया।नवाखानी पर्व के पर सुंदर नाटक का कार्यक्रम रखा गया था। इस कार्यक्रम का उद्घाट्न मण्डली सचिव सुधीर टोप्पो एवं शोभा सुनिता तिर्की के द्वारा ईश्वर की महिमा के साथ किया गया इस कार्यक्रम में नाटक, छोटा कॉमिक, आधुनिक डांस, धार्मिक डांस, एकल डांस, सायरी, चुटकुला, कव्वली, और प्रेरणादायक कार्मक्रम दिखाकर बच्चों ने सबका मन मोह लिया। मौके पर संदीप टोप्पो, गुलशन तिर्की, सुचित मरकस तिग्गा, मेंजस तिर्की, निर्दोष टोप्पो, बिजय तिर्की, शोभा सुनिता तिर्की, बेलस तिग्गा, सुबास टोप्पो, सचिन टोप्पो, सहित युवा संघ के सदस्य उपस्थित थे।

कैरो में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम आयोजित

सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं ग्रामीण : डीटीओ

नवीन मेल संवाददाता

कैरो/लोहरदगा। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत गुरुवार को प्रखंड क्षेत्र के हनहट पंचायत में परिवहन पदाधिकारी मनीष कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो, अंचलाधिकारी कमलेश उरांव, जिला परिषद सदस्य सुखदेव, बीससुत्री उपाध्यक्ष बुधवा उरांव एवं प्रखंड प्रमुख श्रीराम उरांव के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मौजूद परिवहन पदाधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम के माध्यम से पंचायत स्तर पर शिविरों का आयोजन कर राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं को ग्रामीणों के बीच रखा जा रहा है और शिविर से ही आम लोगों की समस्याओं को दूर करते हुए उन्हें योजनाओं का

लाभ भी दिये जा रहे है। इस मौके पर जिप सदस्य सुखदेव उरांव ने कहा सरकार की यह सोच हमेशा से रही है कि योजनाओं का लाभ सभी जरूरतमंद को मिले। इस लिए सरकार योजनाओं का लाभ देने के लिए आपके द्वार आई है योजना का लाभ लेते हुए व्यापार बिजनेस करने का काम करें तभी समाज विकास के पथ पर आगे बढ़ेगी और आपका परिवार स्वयं को विकास करेगी। उन्होंने कहा शिक्षा को महत्व देते हुए प्रत्येक व्यक्ति को स्कूल कॉलेज भेजने का प्रयास करें तभी समाज का सर्वांगीण विकास होगा। शिक्षा सफलता की कुंजी है जिसके माध्यम से व्यक्ति नए-नए कौशल प्राप्त करता है और अपने समाज में आगे बढ़ता है। शिक्षा मानव जीवन का सबसे महत्पूर्ण अंग माना जाता है क्योंकि यह लोगों को आगे बढ़ने और अपनी जीवन में हमेशा कुछ नया करने की प्रेणना देता है। कार्यक्रम में सभी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधियों के संबोधन के साथ परिसंपत्तियों का भी वितरण किया गया जिसमें सर्वप्रथम मनरेगा के तहत प्रति ग्राम 05-05 योजना का शुभारंभ किया गया साथ ही 20 योजना का स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 05 लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र एवं आवास पूर्णता पत्र का वितरण किया गया। सर्वजन पेंशन के तहत 10 लाभुकों को स्वीकृति पत्र का वितरण, जेएसएलपीएस के द्वारा एसजीएच ग्रुप को 3200000 का डमी चेक का वितरण किया गया। साथ ही कम्बल, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र इत्यादि का वितरण किया गया। इस मौके पर मुखिया श्रवन मुंडा, चिकित्सा पदाधिकारी सुनामी होरो, डॉ राकेश कुमार, अंचल निरीक्षक अनंत सयनम विश्वकर्मा, पंचायत सेवक सुनील चंद्र कुंवर, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक एपी वर्मा, आवास समन्वयक दिनेश कुमार, बीपीओ मृणाल प्रकाश, कॉर्डिनेटर अकास कुंवर आदि उपस्थित थे।

सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत सीआरपीएफ ने बांटी ग्रामीणों के बीच सामग्री

देश हित में सीआरपीएफ पुलिस हर वक्त रहती है तत्पर : कमांडेंट

नवीन मेल संवाददाता

पेशरार/लोहरदगा। जिले के अति नक्सल प्रभावित पेशरार थाना परिसर में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल 158 बटालियन के द्वारा सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों के बीच जरूरत के सामग्रियों का वितरण कर हौसला अफजाई किया गया। इधर सिविक एक्शन प्रोग्राम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीआरपीएफ के कमांडेंट राहुल कुमार असिस्टेंट कमांडेंट आशिक अली असिस्टेंट कमांडेंट रोशन कुमार और पेशरार थाना प्रभारी मोहम्मद अख्तर अली के द्वारा क्षेत्र के गरीब असहाय एवं जरूरतमंद लोगों के बीच सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत एमरजेंसी लाइट, टीन सीट और बर्तन वितरण कर हौसला बढ़ाने का कार्य किया गया। मौके पर कमांडेंट राहुल कुमार ने क्षेत्र के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि 158 बटालियन लोहरदगा जिले के अलावा देश के सभी राज्यों में लोगों के बीच पुलिस-पब्लिक के बीच में आपसी सद्भावना बनाये रखने हेतु इस तरह के आयोजन करते आ रही है। कमांडेंट ने कहा कि जनता की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक संज्ञान में लेते हुए समय-समय पर लोगों के बीच सिविक एक्शन प्रोग्राम कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को राहत पहुंचाने का प्रयास किया जाता है आगे भी इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया जाता रहेगा। मौके पर अन्य पदाधिकारी व पुलिसकर्मी मौजूद थे।

अवैध बालू कारोबारी ने पत्रकार को दी धमकी पत्रकार संघ ने थाना में कराया मामला दर्ज

नवीन मेल संवाददाता

जलडेगा। अवैध बालू के खिलाफ पत्रकारों के द्वारा खबर चलाने पर आवेश में आकर बाल अवैध बालू के कारोबार करने वाले स्थानीय ट्रैक्टर मालिक बलडेगा निवासी भीम साहू द्वारा जलडेगा के स्थानीय पत्रकार पंकज कुमार साहू को डरा धमका कर धमकी दिया है। जिसको लेकर पत्रकार संघ जलडेगा द्वारा थाना में भीम साहू के ऊपर कानूनी कारवाई करने का आग्रह किया है। बताया गया कि पिछले दिनों 26 अक्टूबर 2022 को जलडेगा से ओडगा जाने वाली मुख्य सड़क शराब दुकान के पास अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टरों की पकड़े जाने की सूचना स्थानीय पत्रकारों द्वारा जलडेगा अंचल अधिकारी को दी गई थी, सुचना उपरांत जलडेगा अंचल अधिकारी डॉ खगेन महतो ने दोनो गाड़ियों को जब्त करते हुए जलडेगा थाना को सुपुर्द कर दिया। यह खबर अगले दिन कई दैनिक अखबार प्रकाशित किया गया था। लेकिन फाइन देकर गाड़ी छूटते ही 30 अक्टूबर 2022 को देर शाम पुनः अवैध बालू अपने दोनो ट्रैक्टरों में लोड कर जलडेगा से ओडगा ले जा रहा था, इसी दौरान भीम साहू ने अपने दुकान के बाहर खड़े पत्रकार पंकज साहू को देख लेने का धमकी दिया है। इधर पत्रकार को धमकी देने के बाद जलडेगा पत्रकार संघ ने जलडेगा थाना में मामला दर्ज कराया है। पत्रकार संघ की ओर से कहा गया की जलडेगा में पत्रकारों को डराया धमकाया जा रहा है, जिससे पत्रकारों की जान माल की नुकसान होने का खतरा हमेशा बना हुआ है। प्रशासन द्वारा भी पत्रकारों को सहयोग नही मिलने पर आज जलडेगा के पत्रकार खुद को अकेला महसूस कर रहे हैं।

कुरडेग में धड़ल्ले से हो रहा है अवैध बालू खनन प्रशासन मौन

कुरडेग। नदियों के ब्राउन गोल्ड से अमीरी की चाहत में बालू का अवैध धंधा कुरडेग में जोरों पर चल रहा है। 2 राज्यों से बोर्डर साझा करने वाले कुरडेग में हर तरफ बालू की चाहत ट्रैक्टर मालिकों पर हावी होने लगा हैं। त्योहारों का समय इनके लिए एक बड़ा अवसर बनाया दरअसल बालू कारोबारी धड़ल्ले से नदियों से बालू का उठाव करने लगे हैं दीपावली और छठ में सभी सरकारीकर्मी और पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी सभी लोग छुट्टी और पब्लिक की सुरक्षा में व्यस्त थे ऐसे में नदी से अवैध बालू उठाव की तरफ भी किसी का ध्यान भी नहीं जा रहा है।अगर जा भी रहा तो उससे ज्यादा जरूरी कुरडेग की सुरक्षा थी।बस अधिकारियों की इसी व्यस्तता का फायदा प्रखंड के एवम पड़ोसी राज्यों के बालू माफिया उठाते हुए धड़ाधड़ सुबह से शाम तक कई ट्रैक्टर बालू एक एक बालू माफिया उठा कर अपनी खुफिया जगहों पर डंप करना शुरू कर दिया है,ज्यादातर इनका अड्डा या तो बॉर्डर के जंगलों के बीच है या फिर पड़ोसी राज्यो में सुरक्षित स्टोर कर रहे हैं।गुरुवार को झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष एवं एक स्थानीय पत्रकार नदी से बालू उठाव करते पाये। अवैध बालू उठाव की जानकारी झामुमो अध्यक्ष द्वारा स्थानीय प्रशासन को दी गयी एवम उचित करवाई करने की मांग की।सक्ष्य के तौर पर उन्होंने अधिकारियों को व्हाट्सएप के द्वारा वीडियो भी संबंधित पदाधिकारीयों को भेज दिया। बताया कि बालू हर दिन कुरडेग के खलीजोरा, छाताकहु, डूमरडीह और सरार नदी आदि बालू घाटों से सुबह से शाम तक बालू की अवैध ढुलाई कर जमा करने में लगे हैं।

जिले में 24 घंटे के अंदर दो नाबालिग युवती से दुष्कर्म

कोलेबिरा में सांस्कृतिक कार्यक्रम से लौट रही नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। कोलेबिरा थाना क्षेत्र में एक नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म की घटना सामने आयी है। छात्रा कोलेबिरा में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम को देखकर अपने लॉज वापस लौट रही थी। इसी दौरान दो लड़कों ने उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। पीड़ित लड़की के पिता ने कोलेबिरा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराकर कारवाई की मांग की। आवेदन के आलोक में पुलिस ने कांड संख्या- 67/2022 दिनांक 2/11/2022 भादवि धारा 354/376(3) 34/ एवं पोस्को एक्ट 4/8 के तहत मामला दर्ज कर आरोपी दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया है। जिसे जेल भेज दिया। गौरतलब हो कि बानो में एक नाबालिग की संदेहास्पद परिस्थिति में मौत का मामला अभी ठंडा भी नहीं हुआ है। इधर कोलेबिरा में एक बार फिर

नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म की घटना से सिमडेगा सहित राज्य के कानून व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े हो रहे हैं। घटना मंगलवार रात्रि की है। जब कोलेबिरा स्टेडियम में रात्रि के समय नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। उसी सांस्कृतिक कार्यक्रम को देखकर कोलेबिरा थाना क्षेत्र की रहने वाली नाबालिग लड़की अपने लॉज लौट रही थी। नाबालिग छात्रा कक्षा 8 की छात्रा है, जो लॉज में रहकर अपनी पढ़ाई करती थी। मिली जानकारी के अनुसार कार्यक्रम देखकर वह सुबह 3 बजे अपने लॉज वापस गयी थी। परंतु वहां ताला लगा हुआ था, इसीलिए वह लड़की वापस कार्यक्रम देखने के लिए लौट रही थी, उसी दौरान रास्ते में राजा प्रसाद और अमित बैठा दोनों कोलेबिरा निवासी हैं। इस कुकृत्य घटना को अंजाम दिया। इधर मामले पर कोलेबिरा थानाप्रभारी रामेश्वर भगत ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। दोनों आरोपी लड़कों की गिरफ्तार कर दोनों को जेल भेज दिया।बताते चलें कि इधर गुरुवार को भी ठेठईटांगर थाना क्षेत्र में एक नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम देकर युवक फरार है। 24 घण्टे के अंदर जिले में दो नाबालिग युवती से दुष्कर्म जैसी घटना के बाद आम लोगों का गुस्सा चरम पर है। लोग सोशल मीडिया के माध्यम से दुष्कर्मियों को फांसी की सजा देने की मांग कर रहे हैं।

पेशरार थाना प्रभारी व असिस्टेंट कमांडेंट के नेतृत्व में चलाया सर्च अभियान

नक्सलियों के मंसूबे को कभी भी नहीं होने देंगे सफल : अख्तर अली

नवीन मेल संवाददाता

पेशरार/लोहरदगा। जिले के अति उग्रवाद प्रभावित पेशरार थाना क्षेत्र में थाना प्रभारी मोहम्मद अख्तर अली एवं सीआरपीएफ 158 बटालियन चार्ली कंपनी के असिस्टेंट कमांडेंट रौशन कुमार के संयुक्त नेतृत्व में नक्सल विरोधी अभियान चलाया गया। इस दौरान पेशरार थाना प्रभारी ने कहा कि नक्सलियों के मंसूबे को कभी भी सफल नहीं होने देंगे। कहा कि नक्सली मुख्यधारा से जुड़कर सरकार की सरेंडर पॉलिसी का लाभ उठाएं अन्यथा पुलिस की गोली का शिकार होने के लिए तैयार रहें। इधर

नक्सल विरोधी अभियान में थाना प्रभारी और असिस्टेंट कमांडेंट के अलावे सैकड़ों जवान पेशरार थाना क्षेत्र के बीहड़ जंगली पहाड़ी इलाकों में सर्च ऑपरेशन चलाकर नक्सल गतिविधियों के बारे में विस्तार पूर्वक जायजा लिया।

हाथियों के झुंड ने मचाया उत्पात, किसानों के फसल को किया नष्ट

नवीन मेल संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा। सेन्हा थाना क्षेत्र के अलौदी पंचायत अन्तर्गत सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र उरु चटकपुर में जंगली हाथी के झुंड ने मचाया उत्पात। ग्रामीणों के बीच दहशत का माहौल, क्षेत्र से हाथी को भागने के दिशा में उठाया गया कदम। किसानों ने वन विभाग से मुआवजा की मांग किया है। जानकारी के अनुसार अलौदी पंचायत के सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र उरु चटकपुर में देर रात जंगली हाथी का झुंड आने से ग्रामीणों के बीच दहशत का माहौल बना हुआ था। ग्रामीणों द्वारा इसकी जकनकारी वन विभाग के अधिकारी को देते हुए हाथी भगाने के दिशा में कदम उठाया और

क्षतिग्रस्त फसल का मुआवजा का मांग किया गया। बताया जाता है कि क्षेत्र में जंगली हाथी के आने से बिशु भगत, कलेश्वर उरांव, राजेश महतो, रामु असुर, ललिता उराइन, बिनोद महतो, माला महतो, रामचरण असुर, कुमिया देवी सहित दर्जनों किसानों का फसल काफी नष्ट हुआ है। वहीं वन विभाग के अधिकारी को सूचना मिलते ही टीम गठित कर त्वरित कारवाई करते हुए ग्रामीणों को दहशत से निजात दिलाने के दिशा में कदम उठाया गया। सुदूरवर्ती क्षेत्र के उरु चटकपुर में 15 की संख्या में जंगली हाथी का झुंड आने से क्षेत्र के ग्रामीण चिंता से रात भर पहरा दे रहे थे। और घन्टा व अग्नि का सहारा ले हाथी भगाने के दिशा में कार्य किया गया। किसानों ने वन विभाग से फसल नुकशान को लेकर मुआवजा का मांग भी किया है। वन विभाग के टीम द्वारा मशाल जलकर क्षेत्र से हाथी को निकाल दिया गया। वन विभाग टीम के अनुसार हाथियों का झुंड सेरेंगदाग थाना क्षेत्र के रास्ते बेतला की ओर चला गया है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि एक तरफ प्राकृतिक का कहर किसानों पर टूट पड़ा तो दूसरी ओर धान की फसल जंगली जानवर का आहार बना साथ ही बताया कि हाथी से पूर्व जंगली जानवर से फसल नुकसान होते आ रहा है। परंतु इतना काफी नुकसान नही हुआ था।

रोरद में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में सुनी जनता की समस्याएं

विभिन्न विभागों की ओर से स्टॉल लगाकर लोगों को दिया जा रहा योजनाओं का लाभ

नवीन मेल संवाददाता

पेशरार/लोहरदगा। जिले के अति नक्सल प्रभावित पेशरार प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत रोरद पंचायत सचिवालय के समीप आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इधर कार्यक्रम में ग्राम पंचायत रोरद के अलावे प्रखंड क्षेत्र के अन्य पंचायतों से ग्रामीण इकट्ठा हुए। जिन्हें सरकारी योजनाओं के बारे में विभागीय अधिकारियों एवं कर्मियों के द्वारा विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही चयनित लाभुकों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। वहीं कार्यक्रम के उपरांत गरीब असहाय एवं जरूरतमंद लोगों के बीच बढ़ते ठंढ को देखते हुए कंबल का वितरण कर राहत पहुंचाने का कार्य किया गया। इसी तरह क्षेत्र के किसानों के बीच कृषि

कार्य हेतु बीज का वितरण किया गया। मौके पर अतिथियों ने कार्यक्रम में शिरकत होने वाले ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार अब पहाड़ों में भी पहुंच बनाते हुए लोगों की समस्याओं को दूर कराने में अग्रणी भूमिका निभा रही है। क्षेत्र की जनता अपने हक अधिकार की प्राप्ति को लेकर जागरूक होते हुए सरकारी योजनाओं का बढ़-चढ़कर लाभ लेने में आगे आएं। ताकि आपकी समस्याओं का समाधान कर आपको स्वावलंबी बनाया जा सके। इधर ग्राम पंचायत रोरद पंचायत सचिवालय के समीप आयोजित की गई सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में अपनी समस्याओं को लेकर बुजुर्ग महिला पुरूष पहुंचे थे जिन्हें अधिकारियों एवं कर्मियों ने सरकारी योजनाओं से मिलने वाली समुचित लाभ दिलाने का प्रयास किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से इनकी रही उपस्थिति : पेशरार प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत रोरद में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में मुख्य रूप से बीडीओ रमेश कुमार यादव, सीआरपीएफ 158 बटालियन चार्ली कंपनी के असिस्टेंट कमांडेंट रौशन कुमार, पेशरार थाना प्रभारी मोहम्मद अख्तर अली, जिला परिषद सदस्य रूबी कुमारी, प्रमुख सीता देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष रविन्द्र कुमार सिंह, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विनोद सिंह खेरवार, सेवानिवृत्त एसएसपी सुधू भगत, बीपीओ अभिषेक कुमार, एलईओ नूतन कुमारी, उप प्रमुख करूणा देवी, तुईमू मुखिया कमला देवी, ग्राम पंचायत रोरद की मुखिया सिलवंती उरांव पूर्व मुखिया अरविंद भगत, पंचायत सचिव बलदेव यादव, जनसेवक विजय नायक, महफूज अंसारी, महादेव असुर, रोजगार सेवक विनोद कुमार, सोमनाथ किसान, छोटू उरांव, आरती कुमारी, रामधनी भगत सहित अन्य विभागीय पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

चैनपुर प्रखंड में आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को सरकार ने संचालित योजनाओं की जानकारी और लाभ देना है : डीसी

नवीन मेल संवाददाता

गुमला। आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में उपायुक्त गुमला सुशांत गौरव ने जरूरतमंदों के बीच कंबल तथा सरकार के विभिन्न योजनाओं अंतर्गत लाभुकों के बीच परिसंपत्ति एवं प्रशस्ति पत्र का वितरण किया। इस दौरान ग्रामीणों ने उपायुक्त का पारंपरिक रूप से स्वागत किया। कार्यक्रम में लगभग एक दर्जन स्टाल लगाए गए थे जिसमें निर्वाचन, मनरेगा, स्वास्थ्य, आंगनबाड़ी, श्रम नियोजन, शिक्षा विभाग सहित स्वयंसेवी संस्थानों के स्टॉल शामिल थे। उपायुक्त ने बारी-बारी से सभी स्टालों का निरीक्षण किया और उनके क्रियाकलापों की जानकारी ली। सभी स्टालों में उनके द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी दी जा रही थी तथा कुछ समस्याओं का निदान ऑन द स्पॉट किया जा रहा था। उपायुक्त ने बताया कि आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम राज्य सरकार

द्वारा शुरू किया गया है। यह कार्यक्रम सभी पंचायतों में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी और लाभ देना है। उन्होंने आम लोगों से इस कार्यक्रम से जुड़ने और इसका लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने दूर दराज से आए लाभुकों से बातचीत की एवं कई लाभुकों को ऑन द स्पॉट योजना से जोड़ा। कार्यक्रम में अनुमंडल पदाधिकारी चैनपुर, आईएएस प्रशिक्षु सह सहायक समाहर्ता, बीडीओ/सी.ओ चैनपुर , के अलावा विभिन्न विभाग के पदाधिकारी, कर्मी और ग्रामीण मौजूद थे।

अदाणी ट्रांसमिशन का दूसरी तिमाही में राजस्व 22.3 प्रतिशत उछला

नयी दिल्ली (एजेंसी)। अदाणी पोर्टफोलियो की अदाणी ट्रांसमिशन लिमिटेड (एटीएल) का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में समेकित आधार पर राजस्व 22.3 प्रतिशत बढ़कर 3,032 करोड़ रुपये रहा जो एक वर्ष पूर्व समान तिमाही में 2,479 करोड़ रुपये था। एटीएल ने बुधवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि आलोच्य तिमाही में उसका कुल परिचालन लाभ (एबिटडा) 5.6 प्रतिशत बढ़ा है। इस दौरान यह 1362 करोड़ रुपये दर्ज किया गया जो 30 सितंबर 2021 को समाप्त हुयी तिमाही में 1,289 करोड़ रुपये था। विनिमय दर में घटत-बढ़त के कारण कंपनी का शुद्ध लाभ 32.7 प्रतिशत की गिरावट के साथ 194 करोड़ रुपये रहा जो पहले 289 करोड़ रुपये था। जुलाई-सितंबर 2022 तिमाही में कंपनी का नकद लाभ (एकमुश्त को छोड़कर) यानि किए गए प्रावधानों के साथ 8.1 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 748 करोड़ रुपये रहा जो एक वर्ष पूर्व समान अवधि में 692 करोड़ रुपये था। इस तिमाही में कंपनी ने 352 सर्किट किलोमीटर (सीकेएम) का संचालन किया। ट्रांसमिशन सिस्टम की उपलब्धता 99.76 प्रतिशत दर्ज की गयी। इस दौरान लकाडिया बनासकांठा (एलबीटीएल) परियोजना पूरी तरह से चालू हो गयी। कंपनी की ट्रांसमिशन उपलब्धता 99.76 प्रतिशत दर्ज की गयी जबकि ऊर्जा की मांग सालाना आधार पर 13 प्रतिशत बढ़कर 223.3 करोड़ यूनिट पर पहुंच गयी। वित्त वर्ष 2022-23 की पहली छमाही में एटीएल को समेकित आधार पर 22 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 6,081 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ जबकि उसका समेकित नकद लाभ (एकमुश्त को छोड़कर) 1,478 करोड़ रुपये दर्ज किया गया।

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT
BUILDING DIVSION, DALTONGANJ.

CORRIGENDUM

Tenders Postponed vide PR No.-276842 (District)22-23*D has been reinvited.

Date of Receipt of the tenders will be 10.11.2022 Time 1:00 PM and the Opening of the tenders will be 11.11.2022 Time 3:30 PM

Rest will be as usual.

Executive Engineer,
Building Division, Daltonganj.

PR 281305 Building(22-23).D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, चतरा

शुद्धि पत्र

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निविदा आमंत्रण सूचना सं0–01, PR No. 280526 Road (22-23) D दिनांक22.10.2022 को प्रकाशित निविदा में अपरिहार्य कारणवश आंशिक संशोधन करते हुए निविदा आमंत्रण की तिथि 03.11.2022 को बढ़ाकर 11.11.2022 किया जाता है।

शेष शर्तें यथावत् रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
प0नि0वि0, पथ प्रमण्डल, चतरा।

PR.NO. 281287 Road(22-23):D

कार्यालय नगर पंचायत, हुसैनाबाद (पलामू)।

Email:- nphussainabad@gmail.com

–:आम सूचना स्वचछ सर्वेक्षण 2023:–

स्वचछ सर्वेक्षण 2023 के तहत नगर पंचायत हुसैनाबाद द्वारा Innovation & Best Practices के अर्न्तगत स्वचछ टेक्नोलॉजी का आयोजन किया जा रहा है। इसचैलेंज के तहत स्वचछ भारत मिशन से संबंधित टेक्नोलॉजी को आगे बढाने हेतु निकाय, राज्य एंव देश स्तर पर चैलेंज के तहत प्रतिभागियो को सम्मानित किया जाएगा एंव पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। निकाय स्तर पर दो टेक्नोलॉजी का चयन कर राज्य स्तर पर आकलन हेतु भेजा जाएगा। राज्य स्तर पर प्रथम स्थान पाने वाले टेक्नोलॉजी को 2.5 लाख, द्वितीय स्थान लाने वाले के लिए 1.5 लाख एंव तृतीय स्थान के लिए 1.0 लाख की राशि पुरस्कार दी जाएगी। इस चैलेंज मे स्वचछ भारत मिशन से संबंधित किसी भी टेक्नोलॉजी जिससे शहर मे कुशल SBM संचालन में शहर को मदद मिल सकती है, वैसे नागरिक/संस्था आदि अपने टेक्नोलॉजी /Idea हेतु अपना आवेदन दे सकते हैं। पूर्व से निर्धारित चार मुख्य विषय निम्नवत है:–

1. समाजिक समावेश (Social Inclusion)
2. जीरो डंप (Zero Dump-Solid Waste Management)
3. प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट (Plastic Waste Management)
4. पारदर्शिता (Transparency)-Digital Ennoblenent

स्वचछ टेक्नोलॉजी चैलेंज मे अपने टेक्नोलॉजी/Idea के साथ आवेदन करने की अंतिम तिथी 15.11.2022 है। चैलेंज से संबंधित जानकारी हेतु 9608702990 एंव 8292716567 पर संर्पक कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत हुसैनाबाद

PR 281335 (District) 22-23 (D)

OFFICE OF THE NAGAR PANCHAYAT MANJHIAON

Email : nagarpanchayatmanzhiaon@gmail.com
Reference No.-607 Date-02.11.2022

Tender Notice (2nd Call)
e-tender reference No- **MNP/12/2022-23**

IMPORTANT INFORMATION

1	Name of Work	Construction & Commissioning of Fecal Sludge Treatment Plant of Capacity 6 m3/day at Majhiaon town (Jharkhand) followed by Operation and Maintenance including desludging operations for 5 years
2	Estimated cost (INR)	Construction Cost: ₹ 1,60,72,101/- Operation & Maintenance Cost₹ 86,88,855/- Total: ₹ 2,47,60,956/-
3	Bid Security (INR)	₹ 2,48,000/- (Rupees Two Lacs forty Eight thousand only)
4	Cost of Bid Document (INR)	₹ 10,000/- (Rupees Ten Thousand Only); non-refundable
5	Time of Completion	1 year of construction which comprises 9 months of construction and 3 months of defect liability period including one month of trial run and 5 years of O&M post DLP
6	Date of e-publication of tender	07.11.2022, 17:00 Hrs
7	Document downloading start Date	07.11.2022, 17:00 Hrs
8	Start date for seeking clarification	07.11.2022, 17:00 Hrs
9	End date for seeking clarification	28.11.2022, 17:00 Hrs
10	Pre Bid meeting date, Time & Venue	25.11.2022,13:00 Hrs at Chamber of Office of Executive Officer, Nagar Panchayat, Majhiaon Jharkhand – 822134.
11	Bid Submission end date	02.12.2022, 17:00 Hrs
12	Last day for the submission of Bid security, Cost of Bid Document	03.12.2022, 17:00 Hrs
13	Bid opening date (online)	06.12.2022, 10:30 Hrs

Complete bid document is available on website http://jharkhandtenders.gov.in Other details can be seen the bidding documents.

* Bid security 1% of Bid amount.

EXECUTIVE OFFICER
NAGAR PANCHAYAT MANJHIAON

PR281321 (Urban Development)22-23*D

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा।

Very Urgent Notice inviting E-quotation

Notice No. 03/2022-23

Quotation through e-tender are invited for rate of different items/materials for **"5 MT Container Solar Cold Storage- High Performance Single Chamber, External Dimension- 20 feet x 8 feet x 9 feet, 750 CFT Internal Volume, 2. 10 MT Container Solar Cold Storage- High Performance Double Chamber, External Dimension- 40 feet x 8 feet x 9 feet, 1500 CFT Internal Volume "made of Egogen/Blue Star/Cool crop**. from reputed manufacture/Authorized dealers/Suppliers and other stake holders authorized for respective items having valid GSTIN of material. The rates conforming to specification for inclusion in the item of rates to be used in different civil construction/infrastructure works and repair works shall be submitted online in the website http://jharkhandtender.gov.in . Details of materials and its specifications are available on the above e-tender portal. The quotationer may download the documents from the website and quote their rate of material online till 12.11.22 at 17:00 hrs. The quotation will be opened on 14.11.22 at 02:00 hours.

The purpose for inviting quotation is to ascertain and assess the rate of items and materials as per lowest market rate for framing D.P.R of said work. Terms and conditions can be downloaded from above portal. For any query or clarification Executive Engineer, RWD, Works Division, Chatra may be contacted.

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, चतरा।

PR 281279 (Rural Work Department) 22-23 (D)

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
DRINKING WATER & SANITATION DIVISION, CHATRA

Very Urgent e-ProcurementTender Notice (SBD)

Tender Reference No.–DWSD/FULL/COVRG/CTR/RPWSS/CH/38/2022-23 (1st Call)Dated–02.11.2022

Sl. No.	Name of Work	:-	Detailed survey, designing and drawing, Construction of 9.70 MLD Capacity Water Treatment Plant, RCC Elevated Service Reservoir (i) 4.0 Lakh Litre capacity with 14 M Staging, (ii) 1.70 Lakh Litre capacity with 24 M Staging, (iii) 3.70 Lakh Litre capacity with 21 M Staging (iv) 3.40 Lakh Litre capacity with 23 M Staging (v) 2.30 Lakh Litre capacity with 24 M Staging (vi) 4.10 Lakh Litre capacity with 23 M Staging (vii) 4.40 Lakh Litre capacity with 22 M Staging (viii) 2.10 Lakh Litre capacity with 24 M Staging, Staff Quarter, Compound wall, Supplying and laying Raw and Clear Water rising main and Distribution Network, House Connection, Supplying and Installation of Centrifugal pump motor and five years operation & maintenance with allied works etc. all complete job for forChatra Full Coverage Block Rural Pipe Water Supply Scheme under D.W. & S. Division Chatra "On Turnkey Basis" Under D.W.&S. Division, CHATRA for the Year 2022 -23 under (JJM)
1	Estimated Cost	:-	Rs. 102,81,56,000/- (Rs. One Hundred TwoCroreEighty One LacFifty Six ThousandOnly)
2	Earnest Money	:-	Rs. 1,02,82,000/- (Rs. One CroreTwo Lac Eighty TwoThousand Only)
3	Cost of BOQ	:-	Rs. 10,000/- (Rs. Ten Thousand Only) in Shape of B.D. issued by Nationalized Bank in favour of Executive Engineer, D.W.&S. Division, CHATRA
4	Time completion	:-	27th Months + 03 Months (Trial and Run)
5	Date of Uploading Tender on Website	:-	03.11.2022 at 05:00 P.M.
6	Pre-bid meeting	:-	07.11.2022 at 12:30 P.M. in the Office of Eng.-in-Chief, DWSD, Nepal House, Doranda, Ranchi.
7	Last Date and Time for Online Submission of Bid	:-	16.11.2022 up to 05:00 P.M.
8	Last Date & Time of Receiving EMD/Cost of BOQ (Hard Copy)	:-	17.11.2022 up to 03:00 P.M. at (i) Executive Engineer, D.W.&S. Division, CHATRA (ii) Superintending Engineer, D.W&S. Circle, Hazaribagh AND (iii) Regional Chief Eng. DW&SD, Ranchi Zone, Ranchi
9	Date of opening of Tender	:-	18.11.2022 at 03:00 P.M.
10	Name & address of Office Inviting Tender	:-	Executive Engineer, D.W.&S. Division, CHATRA, Jharkhand
11	Name & address of Opening Office	:-	Executive Engineer, D.W.&S. Division, CHATRA, Jharkhand
12	Contact No. of e-procurement Office	:-	+91-7544099310, +91-9931972161 or 06541-253273
13	Help No. of e-Procurement Cell	:-	0651-2480345

• Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
D.W.&S. Division, CHATRA

PR 281272 (Drinking Water and Sanitation) 22-23 (D)

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
DRINKING WATER & SANITATION DIVISION, CHATRA

Very Urgent e-ProcurementTender Notice (SBD)

Tender Reference No.–DWSD/FULL/COVRG/KNC/RPWSS/CH/41/2022-23 (1st Call) Dated–02.11.2022

Sl. No.	Name of Work	:-	Detailed survey, designing and drawing, Construction of 5.80 MLD Capacity Water Treatment Plant, RC C Elevated Service Reservoir (i) 2.90 Lakh Litre capacity with 24 M Staging, (ii) 5.75 Lakh Litre capacity with 24 M Staging, (iii) 6.90 Lakh Litre capacity with 23M Staging, Staff Quarter, Compound wall, Supplying and laying Raw and Clear Water rising main and Distrib ution Network, House Connection,Supplying and Installation of Centrifugal pump motor and five years operation & maintenance with allied works etc. all complete job for Kanhachatti Full Coverage Block Rural Pipe Water Supply Scheme under D.W. & S. Division Chatra "On Turnkey Basis" Under D.W.&S.Division, CHATRA for the Year 2022-23 under (JJM)
1	Estimated Cost	:-	Rs. 45,09,04,000/- (Rs. Forty FiveCroreNine LacFourThousand Only)
2	Earnest Money	:-	Rs. 45,10,000/- (Rs. Forty Five Lac TenThousand Only)
3	Cost of BOQ	:-	Rs. 10,000/- (Rs. Ten Thousand Only) in Shape of B.D. issued by Nationalized Bank in favour of Executive Engineer, D.W.&S. Division, CHATRA
4	Time completion	:-	18th Months + 03 Months (Trial and Run)
5	Date of Uploading Tender on Website	:-	03.11.2022 at 05:00 P.M.
6	Pre-bid meeting	:-	11.11.2022 at 12:30 P.M. in the Office of Eng.-in-Chief, DWSD, Nepal House, Doranda, Ranchi.
7	Last Date and Time for Online Submission of Bid	:-	16.11.2022 up to 05:00 P.M.
8	Last Date & Time of Receiving EMD/Cost of BOQ (Hard Copy)	:-	17.11.2022 up to 03:00 P.M. at (i) Executive Engineer, D.W.&S. Division, CHATRA (ii) Superintending Engineer, D.W&S. Circle, Hazaribagh AND (iii) Regional Chief Eng. DW&SD, Ranchi Zone, Ranchi
9	Date of opening of Tender	:-	18.11.2022 at 03:00 P.M.
10	Name & address of Office Inviting Tender	:-	Executive Engineer, D.W.&S. Division, CHATRA, Jharkhand
11	Name & address of Opening Office	:-	Executive Engineer, D.W.&S. Division, CHATRA, Jharkhand
12	Contact No. of e-procurement Office	:-	+91-7544099310, +91-9931972161 or 06541-253273
13	Help No. of e-Procurement Cell	:-	0651-2480345

• Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
D.W.&S. Division, CHATRA

PR 281270 Drinking Water and Sanitation (22-23)_D

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT
BUILDING DIVISION, DALTONGANJ.

VERY SHORT NOTICE INVITING TENDER
Tender Reference No. BCD/DALTONGANJ DIV/15/2022-23

1. Name of Department :- Building Construction Department
2. Name of Advertiser :- Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
3. Date of time of Sale of BOQ :- 10.11.2022 from 10:00 am to 1:00 pm
4. Date and time of Receiving sealed tenders :- 11.11.2022 from 1:00 to 3:00 pm
5. Date and time of Opening of Sealed tenders :- 11.11.2022 from 3:00 to 3:30 pm
6. Place of Sale of BOQ :- 1. In the Office of Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj. 2. In the Office of Superintendent Engineer, B.C.D Circle No.-02, Ranchi.
7. Place of Opening and Receiving Tender:- As per Place mention in serial No.- 6 (1)
8. Details of Work :-

Sl.No.	Name of Work	Estimated Cost	Amount of Earnest Money	Cost of Tender Paper	Time Completion of Work
1.	Construction of R.C.C Slabs Almirah in Room of Record Room Building, Civil Court, Palamu at Daltonganj.	2148600.00	43000.00	5000.00	02Months
2.	Aluminium Partition Work in Vidhi Shakha Office at Collectriate (C-Block) Building Daltonganj, Palamu.	1257600.00	25500.00	2500.00	01 Months
3.	Renovation of Civil S.D.O Residence at Chhattarpur, Palamu.	1407100.00	28500.00	2500.00	01 Months
4.	False Ceiling, Floor Tiling and Miscellaneous Work in DLSA Chamber, DLSA-1, DLSA-2, DLSA-3, Ladies Common Room and A.D.J Court in Civil Court, Palamu at Daltonganj.	1615600.00	32500.00	5000.00	01 Months
5.	Renovation of the D.I.G Residence and Miscellaneous Work in D.I.G Residence Campus at Daltonganj, Palamu.	1583900.00	32000.00	5000.00	01 Months
6.	Construction of Boundary Wall and Repair of Boundary Wall, Paver Block, Card Shed in D.I.G Residence Campus Daltonganj, Palamu.	1456300.00	29500.00	2500.00	01 Months
7.	Renovation Work of Entire Washrooms of Civil Court Building, Palamu at Daltonganj.	1950100.00	39500.00	5000.00	02 Months
8.	Renovation of Fast Track Court Building at Daltonganj, Palamu.	1860600.00	37500.00	5000.00	02 Months
9.	Chequared Tiles in the Road of Garden of Civil Court, Daltonganj, Palamu.	844300.00	17000.00	1250.00	01 Months
10.	Installation of Aluminum Slider Window in Outer Side Civil Court Building, Daltonganj, Palamu.	1841700.00	37000.00	5000.00	02 Months
11.	Renovation and Installation of Two Air Conditioner in Video Conferencing Room, Civil Courts, Palamu at Daltonganj.	896900.00	18000.00	1250.00	01 Months
12.	Renovation of I.P.S Occupied Quarter at Daltonganj, Palamu.	2407300.00	48500.00	5000.00	02 Months
13.	Boulder Pitching and Beautification of Pond Area in S.P Residence Campus Daltonganj, Palamu.	2222200.00	44500.00	5000.00	02 Months
14.	Renovation of Guard Room, Garage, Paver Block Laying, Construction of water Recharge Pit, Submersible Pump Set, Steel Ladder and Electric Motor in C.J.M Residence Campus at Daltonganj, Palamu.	2432200.00	49000.00	5000.00	02 Months

नोटः–

1. *Tender Fee 2%*अग्रधन की राशि*PAN, G.S.T Certificate, Up to Date G.S.T Return Certificate* तथा निबंधन प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति अनिवार्य रूप से जमा करने के पश्चात ही निविदा पत्र *(BOQ)* निर्गत किया जाएगा।
2. निविदा डालते समय पथ निर्माण विभाग झारखण्ड राँची के संचिका सं0– प0नि0वि0/विविध–06–33/2007(अंश–1) 2146*(S)* दिनांक 09.09.2020 के अनुरूप *Performance Security*उपलब्ध करायें।

Executive Engineer,
Building Division, Daltonganj

PR 281303 (Building)22-23*D

कार्यालय : जिला परिषद, चतरा।

(Phone: 06541.222288, E.mail: districtboardchatra@gmail.com)

– सूचना –

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि चतरा जिला परिषद क्षेत्रान्तर्गत **कार्यालय परिसर में डाकबंगला एवं सभाकक्ष 30 कमरा एवं उपस्कर सहित Builtup Area- 5254.50 sft)** का आवंटन खुला डाक के माध्यम से तीन वर्षों के लिए किया जाना है। बन्दोवस्ती डाकवक्ता के द्वारा बोली गई अधिकतम डाक की राशि पर आवंटित किया जायेगा। इच्छुक व्यक्ति **दिनांक 07.11.2022** से **14.11.2022** तक "चतरा जिला परिषद कार्यालय" के एक खिड़की से फार्म 10,000/– (दस हजार रू0) की डिमाण्ड ड्राफ्ट जो "उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद चतरा" के नाम से भुगतेय हो जमा कर फार्म प्राप्त कर सकता है। फार्म जमा करने की अंतिम तिथि **16.11.2022** को (कार्यालय कार्य अवधि) है। इसके पश्चात् आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा। यह राशि किसी भी परिस्थिति में लौटाया नहीं जायेगा। डाकबोली हेतु समर्पित आवेदन के समीक्षोपरान्त दिनांक **18.11.2022** को 02.00 बजे अपराह्न डाकबोली "जिला परिषद सभाकक्ष" में प्रारम्भ की जायेगी।

भवन का नाम एवं विषिष्टियां	न्यूनतम डाक की राशि (तीन वर्षों के लिए)	जमानत की राशि
कार्यालय परिसर में डाकबंगला एवं सभाकक्ष 30 कमरा एवं उपस्कर सहित कुल कमरो की संख्या – 16 (Attach with Bathroom) हॉल की संख्या – 01 किचन की संख्या – 01 स्टोर रूम की संख्या – 01 (उक्त डाकबंगला पूर्ण रूपेण सुसज्जीकृत है।)	7130460.0	713046.00

नियम शर्ते –

1. बन्दोबस्ती प्रक्रिया खूली डाक के माध्यम से अपनाई जायेगी।
2. डाक बोली में उसी डाकवक्ता को भाग लेने की अनुमति दी जायेगी, जो वांछित कागजात (Technical Bid) की अहर्ता रखता हो। वांछित कागजात में सफल डाकवक्ता की सूची कार्यालय नोटिश बोर्ड पर प्रदर्शित किया जायेगा।
3. आधुनिक डाकबंगला की बन्दोबस्ती की न्यूनतम डाक की राशि मो0 2376820.00 (तेईस लाख छिहत्तर हजार आठ सौ बीस रू0) प्रति वर्ष (तीन वर्ष के लिए– 7130460.00) के लिए निर्धारित की गयी है। उच्चतम बोली द्वारा निर्धारित राशि पर बंदोबस्तीधारी को सरकार द्वारा निर्धारित GST अतिरिक्त भुगतान करना होगा।
4. सुरक्षित/जमानत की राशि मो0 7,13,046/– (सात लाख तेरह हजार छियालीस रू0) बैंक ड्राफ्ट द्वारा **"उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, चतरा"** के पदनाम से जिला परिषद, चतरा कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। असफल जमाकर्त्ताओं की जमानत की राशि डाक समाप्ति के तुरंत बाद वापस कर दी जायेगी।
5. डाकवक्ता को जिला के स्थायी निवासी होने पर वरीयता प्रदान की जायेगी।
6. जिला परिषद में किसी भी प्रकार का बकाया रखने वाले व्यक्ति/फर्म बन्दोबस्ती हेतु डाक में भाग नहीं लेगें।
7. अद्योहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये डाक को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।
8. अन्य डाक की नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी जिला परिषद कार्यालय के सूचना पट्ट एवं www.chatra.nic.in पर देखा जा सकता है, जो इस सूचना का एक अभिन्न अंग होगा।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, चतरा।

PR 281302 District(22-23)#D

Office of the Nagar Parishad, Lohardaga

E-Procurement Notice
NIT No: RFP/LNP/09/2022-23

Corrigendum
{PR 280209 Lohardaga 22-23 (D)}

Name of the work:- Door to Door Collection, Transfer, Transportation Developing, Operating and Remediation of Legesive waste integrated Municipal Solid Waste Processing Facility, Road, Sweeping and Drain Cleaning in Municipal areas as per SWM Rules-2016 for Lohardaga Town in Jharkhand on a long term Design, Build Operate and Transfer (DBOT) basis for Municipal Solid Waste with 20 years O&M.

Si No.	Particulars	Date	Corrigendum Date
1	Date of Publication of RFP/ Tender on Website	20.10.2022 at 10:30 AM	29-10-2022
2	Start Date of Online Bid downloading	20.10.2022 at 11:30 AM	29-10-2022
3	End Date of online Bid Submission	11.11.2022 at 05:00 PM	21-11-2022 at 05:00 Pm
4	End Date for Submission of tender fee and earnest money (Hard Copy)	14.11.2022 up to 03:00 PM	22-11-2022 up to 03:00 Pm
5	Date of Bid Opening (Online)	14.11.2022 up to 04:30 PM	22.11.2022 up to 04:30 PM
6	Date of Pre Bid Quaries Submission	01.11.2022 up to 05:00 PM (nagarparishadlohardaga@gmail.com)	05-11-2022 up to 05:00 PM (nagarparishadlohardaga@gmail.com)
7	Date of Pre Bid Meeting	03.11.2022 up to 12:30 PM	07-11-2022 up to 12:30 PM

Note:- Only e-Tenders will be accepted.
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Excutive Officer
Nagar parishad Lohardaga

PR 281268 Lohardaga(22-23)D

सम्पादक की कलम से...

सोलर के क्षेत्र में क्रांति

जहां एक ओर झारखंड सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन इन दिनों ईडी की गिरफ्त में हैं। वहीं उनके हौसले बुलंद हैं। यही कारण है कि बुधवार को वह ईडी कार्यालय नहीं जा कर यह जता दिये हैं कि उनके साथ राज्य की जनता का आशीर्वाद है। हालांकि कानूनी चक्कर में इन्हें आने वाले दिनों में कई मुश्किलों का सामना करना ही पड़ेगा। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है। बहरहाल सब ठीक ठाक रहा तो वह गुरूवार अर्थात आज पलामू की धरती को नमन करने अवश्य आयेंगे। एक बात गौरतलब है कि हाल के दिनों में जिस प्रकार राज्य सरकार द्वारा विकास की गाथा लिखी जा रही है,वह यह बताने के लिए काफी हैं कि झारखंड विकास के मामले में नई उड़ान भर रहा है। राज्य में सोलर एनर्जी को जिस प्रकार बढ़ावा दिया जा रहा है,वह यह दर्शाता है कि आने वाले दिनों में यह एक नया कीर्तिमान स्थापित करेगा। पहले चरण में राज्य के चार जिलों में सोलर पार्क बनाया जाना तय है। इसकी प्रक्रिया भी जारी है। ज्रेडा इसके लिये सेकी के साथ मिलकर काम कर रही है। इन चार जिलों में रांची, पलामू, देवघर और गढ़वा में सोलर पार्क के लिये जमीन चिह्नित कर ली गयी है। जहां ये पार्क निर्माण की प्रक्रिया पर काम जारी है। इन जिलों में सौ एकड़ जमीन लगभग चिन्हित की गयी है। ज्रेडा की मानें तो राज्य भर में 320 मेगावाट का सोलर पावर पार्क बनाने की योजना है। फिलहाल चार जिलों में जमीन चिन्हित है। अन्य पर काम जारी है। नयी सोलर पॉलिसी के तहत राज्य में काम जारी है। फिलहाल चिह्नित जमीन पर चयनित एजेंसी काम कर रही है। राज्य सरकार की योजना की मानें तो सोलर पार्क ऐसी जमीन पर बनाया जाना है जो कृषि योग्य न हो। नयी सोलर पॉलिसी के तहत इस पर काम किया जा रहा है। पॉलिसी का मुख्य उद्देश्य सौर उर्जा को बढ़ावा देना है. इसके साथ ही जमीन समेत अन्य संसाधनों को जुटाने के लिये पॉलिसी बनायी गयी है। एक मेगावाट बिजली उत्पादन के लिए पांच एकड़ भूमि की जरूरत है। फिलहाल पॉलिसी के तहत राज्य सरकार सौर उर्जा उत्पादन के लिए सरकार किसानों को भी प्रेरित करने की योजना बना रही है। जिसके लिये केंद्र सरकार सब्सिडी भी मुहैया कराती है। सरकार ने हर जिले में बिजली मांग के अनुसार सौर उर्जा उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। बोकारो में कुल मांग 141 मेगावाट है। यहां 60 मेगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन किया जा सकता है। चतरा में 10 मेगावाट, देवघर में 45 मेगावाट, धनबाद में 100 मेगावाट, दुमका में 25 मेगावाट, पूर्वी सिंहभूम में 70 मेगावाट, गढ़वा में 30 मेगावाट, सरायकेला में 40 मेगावाट, सिमडेगा में 10 मेगावाट का उत्पादन हो सकता है। ज्रेडा की मानें तो राज्य सरकार ने आंकलन के अनुसार उत्पादन दर तय किया है। जानकारी हो कि राज्य सरकार की ओर से साल 2026 तक लगभग चार हजार मेगावाट बिजली उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। यही कारण है कि पिछले कुछ सालों से राज्य में इस पर काम तेजी से किया जा रहा है। वहीं नहरों और डैमों में सोलर पैनल लगाने की कवायद भी पिछले कुछ समय से की जा रही है। इसके लिये ज्रेडा की टीम अलग अलग इलाकों में काम कर रही है। ऐसे नहरों और डैमों को भी चिह्नित किया जा रहा है जहां कैनल टॉप लगाया जा सकता है। इसके लिये जल संसाधन विभाग और कृषि विभाग के साथ मिलकर ज्रेडा काम कर रही है। सचमुच अगर यह कार्य हो जाता है तो सोलर के क्षेत्र में यह राज्य बिजली पर निर्भर नहीं रहेगा। साथ ही सभी क्षेत्रों में राज्य का विकास होगा। ऐसे में यह सारा श्रेय सीएम हेमंत सोरेन को जाता है।

आज का इतिहास

2014 : प्रसिद्ध पैरालम्पिक धावक आस्कर पिस्टोरियोस को अपनी प्रेमिका रीवा स्टीनकेंप की हत्या के लिये पांच साल की कैद की सजा।
1568 : अकबर ने चित्तौड़गढ़ पर आक्रमण किया।
1740 : मारिया थेरेसा ऑस्ट्रिया, हंगरी और बोहेमिया के शासक बने।
1774 : कलकत्ता (अब कोलकाता) भारत की राजधानी बनी।
1880 : एम्सटर्डम मुक्त विश्वविद्यालय की स्थापना हुई।
1999 : सुकर्णो पूत्री मेघावती इंडोनेशिया की उप-राष्ट्रपति चुनी गयीं।
2005 : सामूहिक दुष्कर्म की शिकार पाकिस्तान की मुख्तारन माई को 'वूमेन ऑफ द इयर' चुना गया।
2012 : सायना नेहवाल ने डेनमार्क ओपन सुपर सीरीज खिताब जीता।
2012 : बॉलीवुड के रोमांस किंग कहे जाने वाले यश चोपड़ा का निधन हुआ।
2013 : कनाडा की संसद ने मलाला युसुफजई को कनाडा की नागरिकता प्रदान की।
1577 : गुरू रामदास ने अमृतसर नगर की स्थापना की।
1855 : गुजराती साहित्य के कथाकार, कवि, और चरित्र लेखक गोवर्धनराम माधवराम त्रिपाठी का जन्म।
1904 : चिली और बोलीविया ने शांति और मित्रता की संधि पर हस्ताक्षर किया।
1905 : रूस में 11 दिन तक चली ऐतिहासिक हड़ताल की शुरूआत हुई।
1920 : पश्चिम बंगाल के भूतपूर्व मुख्यमंत्री सिद्धार्थ शंकर राय का जन्म।
1930 : भारत में उच्च न्यायालय की प्रथम महिला न्यायाधीश लीला सेठ का जन्म।
1946 : वियतनाम की डेमोक्रेटिक रिपब्लिकन सरकार ने को वियतनाम महिला दिवस के रूप में घोषित किया।
1947 : अमेरिका और पाकिस्तान ने पहली बार राजनयिक संबंध स्थापित किये थे।
1962 : भारत और चीन के बीच सीमा विवाद को लेकर युद्ध शुरू हुआ।

हेलिकॉप्टर हादसों पर उठते सवाल

> भारतीय सेना के पास वर्तमान में करीब 190 चीता और 134 चेतक हेलिकाप्टर हैं, जिनमें सत्तर फीसद से अधिक तीस साल से ज्यादा पुराने हैं। भारतीय सशस्त्र बलों के मुख्य हवाई बेड़े में शामिल चेतक हेलिकाप्टर ने तो देश की सेवा में करीब छह दशक पूरे कर लिए हैं। वायुसेना की ओर से कहा जा चुका है कि इन हेलिकाप्टरों में से अधिकांश का तकनीकी जीवन 2023 से खत्म होना शुरू हो जायेगा। विशेषज्ञों के मुताबिक चीता हेलीकाप्टर भी अपनी तयशुदा उम्र से ज्यादा सेवा दे रहे हैं, जिनका निर्माण 1990 में ही रोक दिया गया था। इन्हें उन्नत करने से कोई लाभ नहीं होने वाला, क्योंकि इनका तकनीकी जीवन भी खत्म हो चुका है।

इन हेलिकॉप्टरों की तकनीक में ऐसी कोई बड़ी खामी है, जिससे खराब मौसम का पूवार्नुमान लगाने में कामयाबी नहीं मिल पा रही है या कारण कुछ और हैं? विशेषज्ञों के मुताबिक सैन्य हेलिकाप्टरों में अन्य सुरक्षा मानकों के साथ-साथ बाधा आज्ञाकारिता प्रणाली भी होनी चाहिए, जिसका मौजूदा कई हेलिकाप्टरों में अभाव है। उत्तराखंड के गरुड़चट्टी हेलिकाप्टर हादसे के बाद दिवाली से ठीक पहले अरुणाचल प्रदेश के ऊपरी सियांग जिले में भारतीय सेना का हेलिकाप्टर 'रुद्र' दुर्घटनाग्रस्त हो गया और उसमें सवार दो पायलट तथा तीन अन्य लोगों की मौत हो गई। इस हादसे से सोलह दिन पहले भी अरुणाचल प्रदेश के ही तवांग इलाके के पास सेना का चीता हेलिकाप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें एक पायलट की मौत हो गई। एक ही महीने में दो ऐसे हादसे हेलिकाप्टरों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल पैदा करते हैं। बीते वर्ष चेन्नई के पास हुए वायुसेना के एमआइ-17 हेलिकाप्टर हादसे में सीडीएस बिपिन रावत सहित चौदह लोगों की मौत हो गई थी। उस भयानक हादसे के बाद लोकसभा में पूछे गये एक प्रश्न के उत्तर में रक्षा राज्यमंत्री ने 2017 से 2021 के बीच हुए हादसों की जानकारी देते हुए बताया था कि इन वर्षों में कुल सत्रह सैन्य हेलिकाप्टर दुर्घटनाग्रस्त हुए, जिनमें छत्तीस सैन्य कर्मियों की जान चली गई। हालांकि इन आंकड़ों के बाद भी कई सैन्यकर्मियों की ऐसे हादसों में मौत हुई है। पिछले साल ऐसे पांच हादसे घटित हुए, जिनमें उन्नीस सैन्यकर्मी मौत की नींद सो गए और कुछ गंभीर रूप से घायल हुए। सेना में हेलिकाप्टरों की भूमिका बेहद महत्त्वपूर्ण होती है, जो सैन्य कार्रवाईयों के अलावा सामान आदि पहुंचाने और सैनिकों के आने-जाने के लिए इस्तेमाल में लाये जाते हैं। आमतौर पर सैन्य हेलिकाप्टरों का इस्तेमाल आतंकी हमलों से निपटने, बाढ़ पीड़ित इलाकों, भूस्खलन वाले पर्वतीय क्षेत्रों में बचाव कार्यों में किया जाता रहा है। इसके अलावा सियाचिन जैसे दुर्गम इलाकों में तैनात जवानों तक भोजन तथा अन्य आवश्यक सामग्री पहुंचाने के लिए भी इनका इस्तेमाल होता है। ऐसे में हेलिकाप्टरों का लगातार दुर्घटनाग्रस्त होना चिंता का विषय है। सवाल है कि सैन्य हेलिकाप्टर बीते कुछ वर्षों में लगातार दुर्घटनाग्रस्त क्यों हो रहे हैं? इन हादसों के पीछे तकनीकी कारण जिम्मेदार हैं या मौसम की खराबी? निस्संदेह कई बार मौसम की खराबी के कारण भी ऐसे हादसे हो जाते हैं, लेकिन इसका एक बड़ा कारण तकनीकी खराबी तथा सुरक्षा मानकों का अभाव भी है। भारतीय सेना के पास वर्तमान में करीब 190 चीता और 134 चेतक हेलिकाप्टर हैं, जिनमें सत्तर फीसद से अधिक तीस साल से ज्यादा पुराने हैं। भारतीय सशस्त्र बलों के मुख्य हवाई बेड़े में शामिल चेतक हेलिकाप्टर ने तो देश की सेवा में करीब छह दशक पूरे कर लिए हैं। वायुसेना की ओर से कहा जा चुका है कि इन हेलिकाप्टरों में से अधिकांश का तकनीकी जीवन 2023 से खत्म होना शुरू हो जायेगा। विशेषज्ञों के मुताबिक चीता हेलीकाप्टर भी अपनी तयशुदा उम्र से ज्यादा सेवा दे रहे हैं, जिनका निर्माण 1990 में ही रोक दिया गया था। इन्हें उन्नत करने से कोई लाभ नहीं होने वाला, क्योंकि इनका तकनीकी जीवन भी खत्म हो चुका है। हालांकि आर्मी एविएशन द्वारा चीता और चेतक हेलिकाप्टरों के पुराने बेड़े को हटाने की तैयारियां तेज हो चुकी हैं, लेकिन चिंता का कारण यही है कि अंतिम विदाई से पहले ही ये हेलिकाप्टर निरंतर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं और इन हादसों में हमारे बेशकीमती पायलट तथा सैन्यकर्मी जान गंवा रहे हैं। बीते पांच वर्षों में पांच चीता हेलिकाप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं, जिनमें से एक पिछले महीने के पहले हफ्ते में ही दुर्घटनाग्रस्त हुआ। भारतीय सेना में नौ प्रकार के लड़ाकू हेलिकाप्टरों के अलावा कुछ अन्य हेलिकाप्टर भी हैं, जिनमें से कुछ देश में ही विकसित किये गये हैं, जबकि कुछ का निर्माण अमेरिकी और रूसी कंपनियों द्वारा किया गया है, लेकिन बार-बार दुर्घटनाग्रस्त होने से इनकी सुरक्षा पर सवाल उठने लगे हैं। पुराने हो चुके चीता और चेतक हेलिकाप्टरों के अलावा नए एएलएच और रूसी मूल के एमआइ-17 वी-5 हेलिकाप्टर भी हादसों के शिकार हो रहे हैं। 2017 से अब तक सात एएलएच (एडवांस्ड लाइट हेलिकाप्टर) दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं और कुछ एमआइ-17 वी-5 भी दुर्घटनाग्रस्त हुए हैं। एएलएच श्रेणी में भारतीय सेना के चार हेलिकाप्टर रुद्र, ध्रुव, लाइट यूटिलिटी हेलिकाप्टर तथा प्रचंड आते हैं।

■ योगेश कुमार गोयल

अपना बोया बबूल ही काटने को मजबूर

यूरोप एक बगीचा है और दुनिया का बाकी ज्यादातर हिस्सा जंगल है। जंगल कभी बगीचे पर हमला कर सकता है। कुछ दिनों पहले यूरोपीय संघ के विदेश नीति प्रमुख जोसेप बोरेल ने युवा यूरोपीय राजनयिकों की एक बैठक में इस भावना का इजहार किया। उन्होंने अपने श्रोताओं को जंगल जाने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा, 'आपका कर्तव्य सिर्फ बगीचे की देखभाल करना नहीं, बल्कि बाहर के जंगल की देखभाल करना होगा।' बोरेल के शब्दों से गलत भावना के संकेत मिल रहे थे, उन्हें माफी मांगनी पड़ी, लेकिन क्या उन्होंने जो कहा, उससे हमें आश्चर्य होना चाहिए? बोरेल ने जो कुछ भी कहा है, वह बहुत साफ है। यूक्रेन में चल रहे युद्ध पर जो लोग ध्यान दे रहे हैं, वो अच्छे से समझ रहे होंगे। दरअसल, बोरेल की इच्छा यह बताने की है कि पश्चिम और उसके नेताओं ने दुनिया में वास्तव में नस्लवाद व उपनिवेशवाद को कभी बढ़ावा नहीं दिया है। युद्ध के शुरूआती दिनों में प्रमुख ब्रिटिश और अमेरिकी समाचार चैनलों के संवाददाताओं ने आश्चर्य व्यक्त किया था कि नीली आंखों और सुनहरे बालों वाले लोग, जो अपेक्षाकृत सभ्य माने जाते हैं, एक ऐसे देश में मारे जा रहे हैं, जो इराक या अफगानिस्तान नहीं है। दूसरी ओर, याद कीजिये, भारत जब रूस पर पश्चिमी प्रतिबंधों के मुताबिक नहीं चल रहा था, तब एक अमेरिकी नौकरशाह सार्वजनिक रूप से परिणाम की चेतावनी देने के लिए नई दिल्ली पहुंच गया था। दरअसल, बोरेल यह सुझाव देना चाहते हैं कि यूरोप नैतिक रूप से दुनिया के बाकी हिस्सों से बेहतर है, इसलिए सभी को उसके नेतृत्व को मानना चाहिए। यूरोप राजनीतिक स्वतंत्रता, आर्थिक समृद्धि व सामाजिक सामंजस्य का सर्वोत्तम संयोजन है। हालांकि, यह भी माना जाता है कि होमो सेपियन्स के यूरोपीय ताज की महिमा इतिहास में बेजोड़ है, जो सदियों तक लूट-पाट और नरसंहार के जरिये हासिल की गई है। सितंबर में ही यूरोपीय संघ ने पर्यावरण संबंधी चिंताओं का हवाला देते हुए तंजानिया-युगांडा तेल पाइपलाइन परियोजना को समाप्त करने की अपील की है। दोनों देशों ने यूरोपीय संघ से पीछे हटने को कहा। युगांडा के राष्ट्रपति योवेरी मुसेवेनी ने यूरोपीय संघ को असहिष्णु, उथला, अहंकारी तक कहा। ऊर्जा संकट झेल रहे यूरोप को कुछ सप्ताह पहले ही बड़ा झटका लगा है, पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन (ओपेक) ने तेल उत्पादन में कटौती कर दी है। सवाल है, यूरोपीय बगीचे का असली मालिक कौन है? अपने भाषण में बोरेल ने कहा कि यूरोपीय संघ अब अमेरिका का आंख बंद करके अनुसरण नहीं कर रहा है। हालांकि, जब से युद्ध शुरू हुआ है, ऐसा लगता है कि यूरोप वाशिंगटन से ही सारे संकेत ले रहा है, साथ ही अमेरिका की तुलना में युद्ध की ज्यादा कीमत चुका रहा है। यूरोपीय संघ के देश अमेरिका व चीन से उच्च दरों पर गैस खरीद रहे हैं, जो उन्हें रूसी गैस का ही अच्छे लाभ पर पुनर्विक्रय कर रहे हैं।

■ संदीपन देब

आड़े वक्त में पुतिन मांग रहे हैं भारत का साथ

पिछले दिनों मॉस्को में रूस की सबसे बड़ी पॉलिटिकल कॉन्फ्रेंस वल्दाई फोरम में व्लादिमीर पुतिन ने काफी समय बाद अलग-अलग मुद्दों पर अपने विचार रखे। उन्होंने रूस की मौजूदा हालत से दुनिया को वाकिफ कराया और संकेत दिया कि आने वाले दिनों में रूस की विदेश नीति और रक्षा नीति किस तरफ जायेगी। उन्होंने कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद दुनिया इस समय सबसे खतरनाक दौर से गुजर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि पश्चिमी देश रूस को न्यूक्लियर ब्लैकमेल कर रहे हैं और वे सब चाहते हैं कि रूस के साझेदार देश उससे दूर हो जाएं। **डर्टी बम की पॉलिटिक्स :** रूस और यूक्रेन के बीच चल रही जंग अब अपने नौवें महीने में पहुंच चुकी है। अगर युद्धक्षेत्र पर गौर करें तो वहां रूस की स्थिति कमजोर दिख रही है। यूक्रेन का जवाबी हमला काफी आगे चल रहा है। रूस ने यूक्रेन के जो महत्वपूर्ण क्षेत्र कब्जा लिए थे। वहां पर अब यूक्रेन की पकड़ मजबूत होती जा रही है। इन्हीं बातों की प्रतिक्रिया हमें रूस में देखने को मिल रही है। इन्हीं वजहों से उसने पिछले कुछ हफ्तों से परमाणु हथियारों की बात बहुत ज्यादा उठानी शुरू कर दी है। रूस यह भी इल्जाम लगा रहा है कि यूक्रेन उसके खिलाफ डर्टी बम का प्रयोग कर सकता है। डर्टी बम में जो भी बारूद होता है, उसमें रेडियो एक्टिव पदार्थ लगाकर उसे ब्लास्ट करते हैं। एक तरह से यह मिनी न्यूक्लियर बम हो जाता है। इस पर यूक्रेन ने कहा कि रूस इस तरह की बातें इसलिए कर रहा है क्योंकि वह खुद ऐसी हरकत करके उसका इल्जाम हमारे ऊपर थोपना चाहता है। यूक्रेन की इस बात की पुष्टि नैटो ने भी की और कहा कि इस तरह की बात नहीं होनी चाहिए। साफ है कि रूस और पुतिन थोड़े दबाव में हैं। इसी दबाव को कम करने के लिए उन्होंने परमाणु हथियारों का सहारा लेने की कोशिश की है। पिछले दिनों रूस में एक न्यूक्लियर एक्सरसाइज भी हुई। इसमें उन्होंने देखा कि अगर रूस पर परमाणु हमला होता है तो वह उससे कैसे निपटेगा। **प्रेशर में पुतिन :** पुतिन ने सबसे ज्यादा जोर इस बात पर दिया कि रूस ने यूक्रेन में जो किया, वह पूरी तरह सही है और उससे रूस की संप्रभुता को बल मिला है। कहीं से भी ऐसा नहीं लगा कि वह अपनी रणनीति पर पुनर्विचार कर रहे हैं। यह जरूर है कि वह थोड़ा प्रेशर में नजर आ रहे हैं। उन्होंने यूक्रेन में चले स्पेशल मिलिट्री ऑपरेशन में हुए नुकसान का जिक्र तो किया, पर इसे फायदों से जोड़ा और यह नहीं कहा कि युद्ध की कीमत बढ़ती जा रही है तो इस पर वह पुनर्विचार करेंगे। लेकिन जिस तरह से काफी युवा रूसी देश छोडकर चले गये और जंग के मैदान में रूस कमजोर नजर आ रहा है, उसे देखते हुए वह सब कुछ खराब करने की कोशिश में परमाणु हथियारों की बात कर रहा है। **मेक इन इंडिया :** इसमें गौर करने वाली बात यह रही कि भारत का जिक्र करते हुए पुतिन ने प्रधानमंत्री मोदी को एक बड़ा देशभक्त बताया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत ने बड़ी तरक्की की है। खासतौर पर उन्होंने मेक इन इंडिया का जिक्र किया कि यह बड़ा महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि भारत को अपनी ग्रोथ रेट पर गर्व होना चाहिए और भारत-रूस संबंधों को आगे बढ़ाने की कोशिश होनी चाहिए। यह भी कहा कि किस तरह से भारत ने रूस से फर्टिलाइजर सप्लाई 7.6 गुने तक बढ़वाई। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी अपने देश के हित में इंडिपेंडेंट फॉरेन पॉलिसी आगे बढ़ा रहे हैं। यह एक बड़ा महत्वपूर्ण संदेश था यह बताने का कि भारत व रूस एक साथ खड़े हैं। भारत की फॉरेन पॉलिसी को लेकर भी उन्होंने यह संदेश देने की कोशिश की है कि पश्चिमी देश जो चाहते हैं, भारत वह नहीं करेगा। पिछली बार जब एससीओ समिट में पीएम मोदी और पुतिन की मुलाकात हुई थी, तब पीएम मोदी ने कहा था कि यह समय युद्ध का समय नहीं है। यह बयान काफी चर्चा में रहा और पश्चिमी देशों ने भी इस बारे में भारत की तारीफ की। तो कहीं न कहीं पुतिन को लग रहा है कि वह अपने करीबी मित्र देश, जिसमें भारत काफी खास है, उसका समर्थन खोना नहीं चाहते। इसीलिए उन्होंने भारत की बात की और दुनिया को विश्वास दिलाया कि रूस व भारत साथ मिलकर काम कर रहे हैं। लेकिन सचाई यह है कि भारत की प्राथमिकताएं काफी अलग हैं। आइए समझते हैं कि भारत इसे कैसे देखता है। कुछ दिन पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने साफ किया कि परमाणु युद्ध की बात नहीं करनी चाहिए। ऐसी बातें सब कुछ खराब कर देती हैं। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भी यूएन में कहा कि भारत इस बात का पक्षधर है कि जल्द से जल्द शांति की बहाली हो और किसी तरह बातचीत से हल निकालने का कोई पॉलिटिकल मैकेनिज्म बने। युद्ध से कोई भी अपने लक्ष्य नहीं हासिल कर सकता। नवंबर में विदेश मंत्री मॉस्को जाने वाले भी हैं।

■ हर्ष वी. पंत

धर्म दर्शन

श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्

अथ प्रथमोऽध्यायः

व्यासजी बोले- उस ब्राह्मणीका वचन सुनकर योंने जंघासे उत्पन्न बालकरूप मुनिश्रेष्ठको प्रणाम किया और वे विनयसे युक्त होकर उसकी स्तुति करने लगे ॥ 38 ॥

तत्पश्चात प्रसन्न होकर उस बालकने उन नेत्रहीन क्षत्रियोंसे कहा- हे राजाओ अब तुमलोग मेरी कही हुई बातपर विश्वास करके अपने घर लौट जाओ ॥ 39 ॥

दैवने जो विधान सुनिश्चित कर दिये हैं, वे अवश्य होकर रहते हैं; ज्ञानी व्यक्तिको इस विषय में चिन्ता नहीं करनी चाहिये ॥ 40 ॥

सभी ऋषिगण पूर्वकी भाँति सुख प्राप्त करें तथा सभी क्षत्रिय भी अब क्रोधरहित होकर सुखपूर्वक अपने-अपने घरोंके लिये प्रस्थान करें ॥ 41 ॥

इस प्रकार उसके कहनेपर उन हैहयवंशी क्षत्रियको दृष्टि प्राप्त हो गयी और वे और्व (ऊरुसे उत्पन्न) उस बालकसे आज्ञा लेकर आनन्दपूर्वक अपने-अपने घर चले गये ॥ 42 ॥

हे राजन वह ब्राह्मणी भी उस तेजस्वी तथा अलौकिक बालकको लेकर अपने आश्रम चली गयी और बड़ी सावधानीपूर्वक उसका पालन पोषण करने लगी ॥ 43 ॥

हे राजन! इस प्रकार भृगुवंशके विनाश तथा लोभके वशीभूत हैहय क्षत्रियोंने जो पापकर्म किया था; उसके विषयमें मैंने आपसे कहा ॥ 44 ॥

जनमेजय बोले- हे मुने। मैंने क्षत्रियोंकि अत्यन्त दारुण कर्मके विषयमें सुन लिया। इहलोक तथा परलोकमें दुःख देनेवाला वह लोभ ही इसमें मूल कारण है ॥ 45 ॥

हे सत्यवतीनन्दन। मैं संशयग्रस्त हैं: [इस विषयमें] आपसे कुछ पूछना चाहता हूँ। ये क्षत्रिय राजकुमार इस जगत में हैहय नामसे क्यों प्रसिद्ध हुए ?॥ 46 ॥

यदुसे यादव हुए तथा भरतसे भारत हुए। उसी प्रकार क्या उन क्षत्रियोंके वंशमें 'हैहय' नामधारी कोई प्रतिष्ठित राजा हुआ था ?॥ 47 ॥

हे करुणानिधान! उन हैहय क्षत्रियोंकी उत्पत्ति कैसे हुई तथा किस कर्मसे उनका यह नाम पड़ा ? वह कारण सुनना चाहता हूँ ॥ 48 ॥

व्यासजी बोले- हे राजन! अब मैं हैहयोंकी उत्पत्तिसे सम्बन्धित अति प्राचीन, पुण्यदायिनी तथा पापनाशिनी कथाका विस्तारपूर्वक वर्णन कर रहा हूँ, आप इसे सुनिये ॥ 49 ॥

हे महाराज! किसी समय अत्यन्त सुन्दर, रूपवान तथा अपरिमित तेजवाले सूर्यपुत्र जो 'रेवन्त' नामसे विख्यात थे, अपने मनोहर अश्वर उच्चैः श्रवापर आरूढ़ होकर भगवान विष्णुके निवासस्थान वैकुण्ठलोक गये।। 50-51 ॥

- क्रमशः

संपादक के नाम पाठकों की पाती

आज की 21वीं सदी

पहले शहर से लेकर गांवों में कुआं व नदी घाट पर लोग नहाने-धोने का काम किया जाता था। आधुनिक जीवन शैली ने लोगों के कमरे में बंद होकर स्नान व कपड़ा धोने को मजबूर कर दिया है। आज लगभग सभी पक्के मकानों में पानी टंकी छत पर दिखाई देती है। इससे लोगों को तो सुविधा मिली, लेकिन हर दिन लाखों लीटर पानी उस टंकी में चढ़ा दिया जाता है। इसका असर धीरे-धीरे ऐसा हुआ कि आज जल स्तर काफी नीचे चला गया है। कुंओं को शहरों में अनुपयोगी मानकर उसे ढक दिया गया है। साथ ही वहां पर दुकानें बना दी गई है। बुनियादी रूप से हम अपनी समस्याओं के खुद ही पैदा करने वाले हैं। ऐसे में हमें वापस उन्हीं दौर में लौटना होगा जब एक कुएं व चापानल से लगभग पूरा मुहल्ला स्नान कर लेता था और घर के काम के लिए एक या दो बाल्टी पानी ढोकर अपने घर ले जाया करता था। आधुनिकता के लाभ ने हमें इन सब के बारे में विचार करने का मौका ही नहीं दिया। आज हालत हैं कि लोग पानी संकट से जूझ रहे हैं। साथ ही प्राकृतिक प्रदत्त सुविधाएं कम होती जा रही हैं। पेड़-पौधों को काटकर हम कूलर व एयर कंडीशन की हवा खा रहे हैं। सच बात यह है कि गांव के पीपल की छांव में बैठकर जो शांति व सकून मिलता था वह एक कमरे में बैठकर कूलर एयरकंडीशन में नहीं मिलती है।

■ नरेश प्रसाद, मेदिनीनगर।

धर्म की आंच पर किसकी गलेगी दाल

दुनिया भर के राजनेताओं की तरह भारतीय राजनेता भी अपने वक्तव्य चुनावी नफे-नुकसान को ध्यान में रखकर ही देते हैं। इस लिए जब दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने नोटों पर लक्ष्मी गणेश के चित्र छापने की मांग की, तो किसी को आश्चर्य नहीं हुआ। यह अलग बात है कि उन्होंने जो तर्क इस अनुरोध के पीछे दिये हैं, वे जरूर कौतूहल पैदा करने वाले हैं। सार्वजनिक जानकारी सही है, तो केजरीवाल आईआईटी से पढ़े हुए हैं, इसलिए जब वे कहते हैं कि अर्थव्यवस्था को सुधारने का एक तरीका है कि भारतीय नोटों पर लक्ष्मी गणेश के चित्र छापे जाएं, तो स्वाभाविक रूप से हमें ब्रिटिश मतदाताओं पर तरस आता है, जिन्होंने बाजार की गिरावट थामने के लिए अपना प्रधानमंत्री ही बदल डाला। मेरे जैसे भोजपुरिया के मन में कसक है कि उन्हें दरिद्दर भगाने का हमारा शर्तिया इलाज नहीं याद आया अन्यथा तो वह रिजर्व बैंक को सलाह देते कि उनकी हर शाखा में दीवाली के मौके पर सूप जरूर पीटा जाय। शायद बिहार के अगले चुनाव में यह भी याद आ जाय। धर्म को ध्यान में रखकर की जाने वाली राजनीति की एक सीमा यह है कि इसमें भाषा के स्तर पर निरंतर बदलाव की जरूरत पड़ती है। कुछ दशक पहले एक फिल्म आई थी शोले। उसमें हिंसा को एक खास मुकाम दिया गया था। तब तक बनी किसी भी बम्बइया फिल्म से बहुत क्रूर थी इसकी हिंसा। सिनेमा घरों में इसने धूम मचा दी और बॉक्स ऑफिस के रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिये थे, पर जब उसकी नकल पर और फिल्में बनीं, तो लगभग सभी पिट गईं। दर्शक अधिक की मांग कर रहे थे और निर्माता निर्देशकों की सांसें फूली जा रही थीं। कुछ ऐसा ही प्रयोग 1970 के दशक में पंजाब में हुआ। ज्ञानी जैल सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस ने अपने कार्यक्रमों को अरदास से शुरू करने का प्रयास किया और बुरी तरह से पिटे। पंथ के धार्मिक प्रतीकों का अकालियों द्वारा प्रयोग कांग्रेस के मुकाबले अधिक विश्वसनीय लगता था। एक बार इस दौड़ में शरीक होते ही जो प्रतिस्पर्धा शुरू होती है, उसमें दौड़ना सबके बस का नहीं है। मुद्रा पर लक्ष्मी गणेश के चित्रों की मांग भी प्रतिस्पर्धी और बड़ी हिंदू छवि निर्मित करने का प्रयास अधिक प्रतीत होती है। इस मामले में आम आदमी पार्टी पहले से ही बहुत सतर्क व्यवहार करती रही है। शाहीन बाग जैसे आंदोलन में भी पार्टी खुलकर किसी पक्ष में नहीं दिखी थी। दिल्ली के उत्तर पूर्व जिले में सांप्रदायिक दंगों के दौरान पार्टी का वीतराग भी इसी रणनीति का हिस्सा था। अनेक लोगों को शिकायत है कि पीड़ितों को राहत पहुंचाने की दिशा में ज्यादा प्रभावी हस्तक्षेप नहीं किया गया। देश के भिन्न हिस्सों में पार्टी की कई सभाओं में जयश्री राम के नारे भी लगाये गये हैं और यह भी भुला दिया गया कि इसका कॉपीराइट तो किसी अन्य के पास है। शायद यह भुला दिया गया है कि कांग्रेस इसी चक्कर में अपना दामन जला चुकी है। उसने एक बार अपने चुनाव प्रचार की शुरूआत अयोध्या से की थी और एक चुनाव के मौके पर बाबरी मस्जिद का ताला खुलवाने में मदद की थी, दोनों बार उन्हें मुंह की खानी पड़ी। दोनों बार भाजपा ज्यादा बड़ी हिंदू साबित हुई। आज तक कांग्रेस उस धक्के से उबरी नहीं है और उत्तर प्रदेश, बिहार जैसे बड़े राज्यों से तो उसका पूरा जनाधार ही इसी चक्कर में खिसक गया। न खुदा ही मिला, न विसाले सनम। राहुल या प्रियंका की चुनावी मौकों पर मंदिरों में शीश नवाती, गंगा स्नान करती या जनेऊ धारण की हुई छवि बहुत विश्वसनीय नहीं बन पाती है। इसीलिए हिंदुत्व के पाले में घुसकर भाजपा को ललकारने पर हमेशा हार की आशंका बनी रहती है। अनुभव तो यही कहता है। 1952 के पहले आम चुनावों से ही धर्म और जाति राजनैतिक दलों और मतदाताओं, दोनों के लिए चुनौती बने हुए हैं। संविधान निर्माताओं की मंशा बड़ी स्पष्ट थी कि चुनाव प्रक्रिया में इनकी दखलंदाजी कम से कम हो, पर शायद ही कोई चुनाव इनसे मुक्त रहे हों। कोई दल इस क्षेत्र में पूरी तरह से पाक साफ नहीं रहा। डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद ने अपनी आत्मकथा में अफसोस जाहिर किया था कि 1935 के चुनावों में भी कांग्रेस ने अपने टिकट धर्म और जाति को ध्यान में रखकर बांटे थे। शुरूआती सालों में जब आजादी की लड़ाई के मूल्य राजनीति में हावी थे या राष्ट्र निर्माण की भावना बलवती रहती, चुनावी मुहावरों में धार्मिक प्रतीक कम मिलते थे, पर जैसे-जैसे आदर्शवाद कमजोर पड़ता गया धर्म और जाति के लिए जगह बढ़ती गई।

■ विभूति नारायण राय

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

21 से शुरू हो रहा शादियों का सीजन, खूब बजेंगी शहनाइयां

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार इस दिन इस दिन से भगवान विष्णु अपना कार्यभार संभालते हैं और इसके अगले दिन तुलसी विवाह किया जाता है। इस बार तुलसी विवाह भी 5 नवंबर को है। किसी भी शुभ कार्य के लिए मुहूर्त जरूर देखा जाता है। जुलाई माह में देवशयनी एकादशी से श्री हरि विष्णु चार माह के लिए योग निद्रा में चले जाते हैं। उनके योग निद्रा के साथ सभी शुभ और मांगलिक कार्य चार माह के लिए बंद हो जाते हैं। उसके बाद देवउठनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु का शयन काल समाप्त होता है और इसी दिन से विवाह और अन्य मांगलिक कार्य आरंभ हो जाते हैं। हिंदू धर्म में किसी भी मांगलिक कार्य को करने के लिए शुभ समय देखना आवश्यक होता है। पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर- जोधपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि इस बार देवशयनी एकादशी शुक्रवार 4 नवंबर को है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार इस दिन इस दिन से भगवान विष्णु अपना कार्यभार संभालते हैं और इसके अगले दिन तुलसी विवाह किया जाता है। इस बार तुलसी विवाह भी 5 नवंबर को है। किसी भी शुभ कार्य के लिए मुहूर्त जरूर देखा जाता है। ग्रह-नक्षत्रों के संयोग से बने शुभ योग में ही शादी, मुंडन, जनेऊ, ग्रह-प्रवेश जैसे मांगलिक कार्य किए जाते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि कहा जाता है शुभ मुहूर्त में किए गए मांगलिक और शुभ कार्य बिना किसी विघ्न बाधा के संपन्न होते हैं। शादी-विवाह के लिए सबसे ज्यादा शुभ मुहूर्त का ख्याल रखा जाता है। अभी चातुर्मास चल रहे हैं। इस दौरान कोई भी शुभ और मांगलिक कार्य नहीं किए जाते हैं। 04 नवंबर को

देवउठनी एकादशी है। इस दिन भगवान विष्णु चार माह की निद्रा से जागेंगे, जिसके बाद से मांगलिक कार्यक्रम शुरू जाएंगे। इस साल नवंबर से लेकर अगले साल मार्च तक खूब शहनाइयां बजेंगी। ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि नवंबर से शादियों का सीजन शुरू हो रहा है। इस बार शादियों के कम मुहूर्त होने की वजह से बैंक्वेट हॉल, खाने, बैंड आदि के इंतजाम में मशक्कत करनी पड़ रही है। वहीं कोविड के कारण बीते दो साल में बहुत से लोगों ने शादियां टाली भी, ऐसे में इस बार खूब शहनाइयां बजने वाली हैं। हालांकि महंगाई की मार रौनक को कुछ फीका जरूर कर रही है। दो साल में शादियों का बजट 30 से 35 प्रतिशत बढ़ चुका है। कोविड के बाद यह पहला सीजन होगा, जब शादियों में महामारी और पाबंदियों की खलल नहीं होगी।

बैंक्वेट हॉल, फॉर्म हाउस सब फुल : ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि इस बार नवंबर के पहले हफ्ते में ही देवउठनी एकादशी पड़ रही है। लेकिन, शादियों के मुहूर्त नवंबर और दिसंबर में काफी कम हैं। यही वजह है कि राजधानी के ज्यादातर बैंक्वेट हॉल, फॉर्म हाउस आदि में बड़े मुहूर्त पर बुकिंग मिल ही नहीं रही है। जगह के लिए तो परेशानी है ही बैंड बाजे, घोड़ी, कैटरिंग के लिए भी जद्दोजहद करनी पड़ रही है। लगभग सभी अब बुक हो चुके हैं। ऐसे में किसी को मनचाहा मंडप नहीं मिल पा रही है तो किसी को बैंड, टेंट या कैटरिंग वाले।

देव उठनी एकादशी पर नहीं है कोई भी मुहूर्त : भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक डा. अनीष व्यास ने बताया कि देव उठनी एकादशी 4 नवंबर को है। लेकिन ज्योतिष शास्त्र के अनुसार इस दौरान सूर्य की स्थिति विवाह के लिए उचित नहीं है। ज्योतिषाचार्यों की मानें तो इस दौरान वृश्चिक राशि में सूर्य न होने के कारण देव उठने के बाद भी विवाह के लिए कोई मुहूर्त नहीं है।

देवोत्थान एकादशी पर शुभ कार्य : भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक डा. अनीष व्यास ने बताया कि कार्तिक मास में आने वाली शुक्ल पक्ष की एकादशी को देवोत्थान, देवउठनी या प्रबोधिनी एकादशी कहा जाता है। यह एकादशी दीपावली के बाद आती है। आषाढ़ शुक्ल पक्ष की एकादशी को देवशयन करते हैं और कार्तिक शुक्ल पक्ष की एकादशी के दिन उठते हैं, इसीलिए इसे देवोत्थान एकादशी कहा जाता है। कहते हैं कि देवउठनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु क्षीरसागर में 4 माह शयन के बाद जागते हैं। भगवान विष्णु के शयनकाल के चार मास में विवाह आदि मांगलिक कार्य नहीं किए जाते हैं, इसीलिए देवोत्थान एकादशी पर श्री हरि के जागने के बाद शुभ तथा मांगलिक कार्य शुरू होते हैं। इस दिन तुलसी विवाह का आयोजन भी किया जाता है।

❖ डा. अनीष व्यास

नंवबर 2022 में विवाह के मुहूर्त

21 नवंबर 2022
24 नवंबर 2022
25 नवंबर 2022
27 नवंबर 2022

दिसंबर 2022 में विवाह के मुहूर्त

2 दिसंबर 2022
7 दिसंबर 2022
8 दिसंबर 2022
9 दिसंबर 2022
14 दिसंबर 2022

जनवरी 2023 शादी मुहूर्त

15 जनवरी, 2023
18 जनवरी, 2023
25 जनवरी, 2023
26 जनवरी, 2023
27 जनवरी, 2023
30 जनवरी, 2023
31 जनवरी, 2023

फरवरी शादी मुहूर्त

6 फरवरी, 2023
7 फरवरी, 2023
9 फरवरी, 2023
10 फरवरी, 2023
12 फरवरी, 2023
13 फरवरी, 2023
14 फरवरी, 2023
22 फरवरी, 2023
23 फरवरी, 2023
28 फरवरी, 2023

मार्च शादी मुहूर्त

6 मार्च, 2023
9 मार्च, 2023
11 मार्च, 2023
13 मार्च, 2023

बहुमुखी प्रतिभा के धनी और हिंदी सिनेमा के मुगल ए आजम थे पृथ्वीराज कपूर



पृथ्वीराज को देश के सर्वोच्च फिल्म सम्मान दादा साहब फाल्के के अलावा पद्म भूषण तथा कई अन्य पुरस्कारों से भी नवाजा गया। उन्हें राज्यसभा के लिए भी नामित किया गया था। पृथ्वीराज कपूर को कला क्षेत्र में भारत सरकार द्वारा पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। हिंदी सिनेमा जगत एवं भारतीय रंगमंच के प्रमुख स्तंभों में गिने जाने वाले पृथ्वीराज कपूर का जन्म 3 नवम्बर 1906 को पश्चिमोत्तर सीमान्त प्रदेश (अब पाकिस्तान) की राजधानी पेशावर में हुआ था। पृथ्वीराज कपूर के पिता बशेश्वरनाथ कपूर इंडियन इंपीरियल पुलिस में पुलिस अधिकारी थे। पृथ्वीराज कपूर की शुरू की शिक्षा कस्बे में ही हुई थी। 1927 में पृथ्वीराज ने पेशावर के एडवर्ड्स कॉलेज से बीए किया और कानून की पढाई के लिए लाहौर गये। नाटकों में अभिनय करने की रूचि उनमें प्रारम्भ से ही थी, पृथ्वीराज कपूर ने बतौर अभिनेता मूक फिल्मो से अपना कॅरियर शुरू किया। कपूर खानदान के पहले सुपरस्टार पृथ्वीराज कपूर थे, जिन्हें फिल्म इंडस्ट्री में 'पापा जी' के नाम से जाना जाता था। पृथ्वीराज कपूर ने सन 1944 में पृथ्वी थिएटर, भारत का पहला व्यवसायी थिएटर की स्थापना की। थिएटर के हर शो (नाटक) में पृथ्वीराज कपूर ने प्रमुख भूमिका निभाई। पृथ्वी थिएटर ने रामानंद सागर, शंकर-जयकिशन और राम गांगुली जैसी कई महत्वाकांक्षी प्रतिभाएं प्रस्तुत की। पृथ्वीराज कपूर थिएटर और फिल्म दोनों में सफल रहें। उनकी प्रमुख फिल्में वी. शांताराम की 'दहेज', राज कपूर की 'आवारा' (1951), आसमान महल (1965), तीन बहूरानियां (1968), कल आज और कल (1971) और पंजाबी फिल्म 'नानक नाम जहाँ है' (1969) आदि शामिल हैं। कहा जाता है थिएटर में तीन घंटे का शो खत्म होने के बाद पृथ्वीराज कपूर गेट पर झोला लेकर खड़े हो जाते थे, ताकि शो देखकर आ रहे लोग उसमें कुछ पैसे डाल दे। पृथ्वीराज कपूर को देश के सर्वोच्च फिल्म सम्मान दादा साहब फाल्के के अलावा पद्म भूषण तथा कई अन्य पुरस्कारों से भी नवाजा गया। उन्हें राज्यसभा के लिए भी नामित किया गया था। पृथ्वीराज कपूर को कला क्षेत्र में भारत सरकार द्वारा पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। पृथ्वीराज कपूर अंतिम फिल्मों में राज कपूर की आवारा (1951), कल आज और कल, जिसमें कपूर परिवार की तीन पीढ़ियों ने अभिनय किया था और ख़्वाजा अहमद अब्बास की 'आसमान महल' भी थी। फिल्मों में अपने अभिनय से सम्मोहित करने वाले और रंगमंच को नई दिशा देने वाले पृथ्वीराज कपूर का 29 मई, 1972 को निधन हो गया। उन्हें मरणोपरांत दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

कलात्मकता की विरासत से भरा हुआ है कच्छ का रण

भारत-पाक सीमा कच्छ को एक ऐसी जनसांख्यिकी प्रदान करती है जो सीमा पार से शरणार्थियों, विभिन्न क्षेत्रों और धर्मों के जनजातियों का एक उदार मिश्रण है, जो अपने घरों, भोजन, कला, सामाजिक परंपराओं और स्थलों में जैन मंदिरों, स्वामी नारायण मंदिर, संग्रहालय और मस्जिदों को दशार्ता है। कच्छ का रण, गुजरात का एक अनूठा क्षेत्र है, जो दुनिया के सबसे बड़े नमक रेगिस्तानों में से एक है। अपने असली परिदृश्य के साथ यह उल्लेखनीय जगह एक फोटोग्राफर की पसंदीदा जगह हो सकती है जो हाल के वर्षों में ऑफबीट यात्रा के लिए एक गंतव्य के रूप में लोकप्रिय हो गया है। यदि आप कच्छ का रण की यात्रा करने का मन बना रहे हैं तो यह भी अवश्य जानें कि आपको रण उत्सव के दौरान कच्छ का रण क्यों जाना चाहिए, जो कि प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला एक महान रण उत्सव है। कच्छ गुजरात का सबसे बड़ा जिला है जहां 18 विभिन्न जनजातियां अपनी अलग भाषा, संस्कृति और रीति-रिवाजों के बावजूद सामंजस्यपूर्ण ढंग से रहती हैं। यह वही जगह है जो इसे दुनिया भर में सांस्कृतिक पर्यटकों के लिए स्वर्ग बनाता है।

कच्छ महोत्सव हर साल दिसंबर-जनवरी के दौरान गुजरात में शिवरात्रि के दिनों के करीब आयोजित किया जाता है। यहाँ रंग-बिरंगे सजे-धजे नर्तक, संगीत कार्यक्रम, सिंधी भजन प्रदर्शन, लंगा डेजर्ट संगीत और पारंपरिक कढ़ाई और गहने बेचने वाली दुकानों का आनंद लिया जा सकता है। भारत-पाक सीमा कच्छ को एक ऐसी जनसांख्यिकी प्रदान करती है जो सीमा पार से शरणार्थियों, विभिन्न क्षेत्रों और धर्मों के जनजातियों का एक उदार मिश्रण है, जो अपने घरों, भोजन, कला, सामाजिक परंपराओं और स्थलों में जैन मंदिरों, स्वामी नारायण मंदिर, संग्रहालय और मस्जिदों को दशार्ता है।

कच्छ का इतिहास सदियों से चली आ रही कलात्मकता की विरासत से भरा हुआ है। इसकी भौगोलिक स्थिति कच्छ को एक अनूठा गंतव्य बनाती है जहाँ आप समुद्र तट, पहाड़ और सफेद रेगिस्तान पर घूमने का आनंद प्राप्त कर सकते हैं। अरेगिस्तान जैसा कच्छ का रण इस क्षेत्र के एक बड़े हिस्से पर अपना कब्जा जमाता है। गर्मियों में यह सूख जाता है और इसमें नमक की सफेद परत चढ़ जाती है। भारत के मानसून में नमकीन मिट्टी और मडफ्लैट्स का फ्लैट डेजर्ट समुद्र तल से औसतन 15 मीटर ऊपर ठहरे हुए पानी और कांटेदार झाड़ियों के रेतीले टापुओं से भर जाता

है। कच्छ का रण वनस्पतियों और जीवों की एक विस्तृत श्रृंखला का घर है। विभिन्न मौसम स्थितियों के दौरान प्रवासी पक्षी इसे अपना निवास स्थान मानते हैं।

कच्छ का रण जाने के कारण

मौसम : रण उत्सव अक्टूबर से फरवरी तक सर्दियों के महीनों के दौरान होता है। कच्छ का रण की यात्रा करने का यह वास्तव में सबसे अच्छा समय होता है, जब मौसम सुहावना और दर्शनीय स्थलों की यात्रा के लिए एकदम सही होता है।

पर्यटन स्थलों का भ्रमण : यहाँ आप भुज, धोर्डो, मांडवी बीच, और धोलावीरा आदि जैसे आसपास के अन्य दिलचस्प स्थानों और वैकल्पिक दर्शनीय स्थलों की यात्रा कर सकते हैं। यह आपको कच्छ का रण के अलावा गुजरात में अन्य स्थानों का अनुभव करने के लिए प्रोत्साहित करता है।

खरीदारी : कच्छ का रण अपने रंगीन शिल्प और सुन्दर कलाकृति के लिए जाना जाता है। इसलिए कोई आश्चर्य नहीं कि यहाँ का रण उत्सव आगंतुकों को स्थानीय शिल्पकारों और कारीगरों द्वारा स्थापित स्टालों का पता लगाने और सुंदर कलाकृति को लुभाने में कोई कसर नहीं छोड़ता है।

पूर्णिमा तिथियां : पूर्ण चंद्रमा की रात के दौरान व्हाइट रन विशेष रूप से स्वर्ग की तरह दिखता है। पूर्णिमा की अवधि के दौरान रण की एक झलक पाने का सबसे अच्छा तरीका है, इन तिथियों के दौरान यहाँ ठहरने की योजना बनाना। कल्पना कीजिए कि पूर्णिमा वाली रात आप चमकते हुए सफेद नमक के रेगिस्तान के एक समुद्र को, जो सूरज की तरह चमकता है, देखने का लुत्फ उठा रहे हैं।

कच्छ का रण में घूमने के लिए प्रमुख पर्यटन स्थल

- ग्रेट रण ऑफ कच्छ
- नारायण सरोवर और संग्रहालय
- छारी ढांड बर्ड सैंक्चुअरी
- कच्छ डेजर्ट फेस्टिवल- रन उत्सव
- काला डूंगर
- कोटेश्वर महादेव मंदिर
- सियोट गुफा
- लखपत
- कच्छ रेगिस्तान वन्यजीव अभयारण्य
- धोलावीरा

कच्छ का रण कैसे जाएँ? : कच्छ का रण का निकटतम हवाई अड्डा भुज है। भुज से आप कच्छ के रण तक पहुँचने के लिए ऑटो या टैक्सी ले सकते हैं जहाँ भव्य रण उत्सव भी आयोजित किया जाता है। फ्लाइट से लगभग ँ 10 मिनट का समय लगता है और टिकट की कीमत 1500-3500 रुपये के बीच होती है।

कच्छ का रण घूमने का सही समय : कच्छ घूमने के लिए सर्दियां सबसे अच्छा समय है। इन महीनों के दौरान तापमान 25 से 12 डिग्री सेल्सियस के बीच रहता है और मौसम को दर्शनीय स्थलों की यात्रा के लिए एकदम सही बनाता है। कच्छ का रण उत्सव भी अक्टूबर से फरवरी तक सर्दियों के महीनों के दौरान ही होता है। इसलिए यहाँ जाने का सबसे अच्छा समय यही है।

❖ जे. पी. शुक्ला

कद्दू की मदद से बनाएं क्रिस्पी चिप्स

कद्दू का सेवन स्वास्थ्य के लिए काफी अच्छा माना गया है। ऐसे में अगर आप कद्दू को एक अलग अंदाज में सर्व करना चाहते हैं तो कद्दू के क्रिस्पी चिप्स बनाए जा सकते हैं। इन्हें बनाना बेहद ही आसान है और यह आपके स्नैक्स टाइम में एक हेल्दी विकल्प साबित हो सकते हैं। कद्दू एक ऐसी सब्जी है, जिसे अधिकतर लोग खाने से कतराते हैं। खासतौर से, बच्चे तो कद्दू का नाम सुनकर नाक-मुंह सिकोड़ने लगते हैं। हालांकि, कद्दू का सेवन स्वास्थ्य के लिए काफी अच्छा माना गया है। ऐसे में अगर आप कद्दू को एक अलग अंदाज में सर्व करना चाहते हैं तो कद्दू के क्रिस्पी चिप्स बनाए जा सकते हैं। इन्हें बनाना बेहद ही आसान है और यह आपके स्नैक्स टाइम में एक हेल्दी विकल्प साबित हो सकते हैं।

आवश्यक सामग्री-

- कद्दू
- 1 चम्मच एक्स्ट्रा वर्जिन ऑलिव ऑयल
- आधा से एक चम्मच नमक
- आधा छोटा चम्मच दालचीनी
- आधा छोटा चम्मच जायफल

कद्दू के चिप्स एयर फ्रायर में कैसे बनाएं

- सबसे पहले कद्दू को छोटे टुकड़ों में काट लें।
- अब इसमें पर थोड़े से कुकिंग ऑयल से स्प्रे करें और 15-18 मिनट के लिए 400त फेरनहाइट पर एयर फ्राई करें।
- अब इसे एयर फ्रायर से निकाल लें और कद्दू को हल्का ठंडा होने दें।
- अब आप इसकी स्किन को छीलने के लिए अपनी उंगलियों या चिमटे का प्रयोग करें, जैसे आप केले को छीलते हैं।
- अब आप टुकड़ों को वापस एयर फ्रायर बास्केट में रखें। 8 मिनट के लिए 375त फेरनहाइट पर एयर फ्राई करने के लिए सेट करें।
- बीच में इसे टॉस करें।
- अब चिप्स को एयर फ्रायर से निकालें और नमक व अन्य मसालों के साथ सीजन करें।

कद्दू के चिप्स ओवन में कैसे बनाएं

- ओवन में कद्दू के चिप्स बनाने के लिए पहले उसे 400त फेरनहाइट पर प्रीहीट करें और पार्चमेंट पेपर के साथ एक बेकिंग शीट को लाइन करें।
- कद्दू को क्वार्टर में काट लें। इसके स्टेम और बीज को हटा दें।
- अब कद्दू के टुकड़ों को थोड़े से जैतून के तेल के साथ टॉस करें और पार्चमेंट पेपर पर रखें।
- इसे करीबन 30-40 मिनट के लिए भूनें।
- ओवन से निकालें। कद्दू को हल्का ठंडा होने दें। इसे छीलने के लिए अपनी उंगलियों या चिमटे का प्रयोग करें।
- अब बड़े कद्दू के टुकड़ों को छोटे टुकड़ों में काट लें और एक बड़े कटोरे में डालें।
- साथ ही, जैतून का तेल, नमक, जायफल और दालचीनी के साथ टॉस करें।
- बेकिंग शीट पर वापस रखें और लगभग 10 मिनट तक क्रिस्पी होने तक बेक करें।
- इसे बीच में पलटना ना भूलें।

❖ मिताली जैन

हाल ही में बनवाया है टैटू तो ना करें ब्लड डोनेट

अगर आपने हाल ही में टैटू बनवाया है तो ऐसे में ब्लड डोनेट करना सही नहीं माना जाता है। ऐसा करने से व्यक्ति में संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। खासतौर से, ब्लड के जुड़ी बीमारियां जैसे हेपेटाइटिस बी, हेपेटाइटिस सी और एचआईवी की संभावना काफी बढ़ जाती हैं। रक्तदान को महादान माना गया है। ऐसा कहा जाता है कि किसी व्यक्ति के रक्त की कुछ बूंदे दूसरे व्यक्ति की जान बचा सकती हैं। लेकिन कभी-कभी रक्तदान किसी दूसरे व्यक्ति की जान भी ले सकता है। दरअसल, रक्त दान करने वाले व्यक्ति को कई तरह की बातों का ध्यान रखना चाहिए। सिर्फ बीमार होने पर ही नहीं, बल्कि टैटू बनवाने के बाद भी ब्लड डोनेट करने से बचना चाहिए। डॉक्टर टैटू बनवाने के बाद कम से कम छह माह तक ब्लड डोनेट ना करने की सलाह दी जाती है। लेकिन अक्सर लोगों को इस बात की जानकारी ही नहीं होती है।



बढ़ जाता है संक्रमण का खतरा : अगर आपने हाल ही में टैटू बनवाया है तो ऐसे में ब्लड डोनेट करना सही नहीं माना जाता है। ऐसा करने से व्यक्ति में संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। खासतौर से, ब्लड के जुड़ी बीमारियां जैसे हेपेटाइटिस बी, हेपेटाइटिस सी और एचआईवी की संभावना काफी बढ़ जाती हैं।

कब तक ना करें ब्लड डोनेट : ऐसा नहीं है कि टैटू बनवाने के बाद आप कभी भी ब्लड डोनेट नहीं कर सकते। लेकिन आपको कम से कम 6 महीने तक तो बिल्कुल भी ब्लड डोनेट नहीं करना चाहिए। हालांकि, अगर आप अतिरिक्त सुरक्षा चाहते हैं तो एक साल तक ब्लड डोनेट करने से परहेज करें।

इसलिए होती है समस्या : अक्सर टैटू बनवाने के बाद संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। ऐसा इसलिए हो सकता है क्योंकि टैटू बनवाते समय लोग हाइजीन का इस्तेमाल नहीं करते। यहां तक कि जिस सुई से बॉडी पर इंक किया जाता है, वो भी पहले से इस्तेमाल की हुई होती है। ऐसे में एक व्यक्ति के कारण दूसरा व्यक्ति बीमार हो सकता है।

इन बातों का रखें ध्यान : अगर आप टैटू बनवाने का विचार कर चुके हैं तो आपको कुछ बातों का विशेष रूप से ध्यान रखना चाहिए।

- हमेशा किसी हाइजीनिक और अच्छे टैटू पार्लर से ही टैटू बनवाएं।
- अगर आपके टैटू बनवाया है तो ब्लड टेस्ट करवाने के पहले एक बार डॉक्टर से सलाह अवश्य लें।
- आप डॉक्टर की सलाह पर सभी जरूरी टेस्ट करवाएं और फिर ब्लड डोनेट करें।

आज का राशिफल

मेष राशि : नकारात्मक विचारों से बचें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। संयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें।

वृष राशि : नौकरी में सुधार आएगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कठिनाइयों का सामना भी करना पड़ सकता है।

मिथुन राशि : क्रोध के अतिरेक से बचें। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। भवन की साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ सकते हैं।

कर्क राशि : पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। मन में निराशा एवं असन्तोष हो सकता है।

सिंह राशि : निराशा एवं असन्तोष भी हो सकता है। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कारोबार में वृद्धि तो होगी, परन्तु धन की कमी हो सकती है। भाई-बहनों का सहयोग मिलेगा।

कन्या राशि : संयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में आय में वृद्धि हो सकती है। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

तुला राशि : परिवार का साथ मिलेगा। कारोबार में परिश्रम अधिक होने के बावजूद लाभ में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से धन प्राप्ति हो सकती है।

वृश्चिक राशि : स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी आएगी।

धनु राशि : धैर्यशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। परिवार का साथ मिलेगा। किसी मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के साधन बन सकते हैं। यात्रा पर जा सकते हैं।

मकर राशि : आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में वृद्धि होगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। आत्मसंयत भी रहें।

कुंभ राशि : परिवार एवं मित्रों के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खर्चों की अधिकता रहेगी। आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

मीन राशि : आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भवन सुख में वृद्धि हो सकती हैं स्वास्थ का ध्यान रखें।

न्यूज गैलरी

हत्या के आरोपी भारतीय पर ऑस्ट्रेलिया में 5.21 करोड़ का इनाम

मेलबर्न (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया पुलिस ने क्वीन्सलैंड में 2018 में एक समुद्र तट पर 24 साल की ऑस्ट्रेलियाई महिला की कथित हत्या कर भारत भाग जाने वाले भारतीय चिकित्सा सहायक को पकड़ने में मदद के लिए सूचना देने वाले को दस लाख डॉलर (करीब 5.21 करोड़ रुपये) का इनाम देने की घोषणा की है। क्वीन्सलैंड पुलिस ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि टोया कॉर्डिंगली 21 अक्तूबर 2018 को केयर्न्स से 40 किलोमीटर दूर वांगेटी बीच पर अपने कुत्ते को घुमा रही थीं, तभी उनकी हत्या कर दी गयी। बयान के अनुसार इनिसफेल में कार्यरत नर्स राजविंदर सिंह (38) मामले में प्रमुख संदिग्ध है, लेकिन वह कॉर्डिंगली की हत्या के दो दिन बाद देश से चला गया और अपनी पत्नी तथा तीन बच्चों को यहीं छोड़ गया। क्वीन्सलैंड पुलिस अब राजविंदर की तलाश में मदद करने वाले नागरिक को 10 लाख ऑस्ट्रेलियाई डॉलर देने की पेशकश कर रही है। यह क्वीन्सलैंड पुलिस द्वारा अब तक के सबसे बड़े इनाम की पेशकश है। एजेंसी की अधिकारी सोनिया स्मिथ ने कहा कि यह अनोखा इनाम होगा। राजविंदर सिंह मूल रूप से पंजाब का रहनेवाला है।

नेतन्याहू की सत्ता में वापसी तय

यरुशलम (एजेंसी)। इजराइल के आम चुनाव में करीब 91 प्रतिशत मतपत्रों की गिनती के साथ ही पूर्व प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू नीत दक्षिणपंथी गुट ने गुरुवार को 120 सदस्यीय संसद में 65 सीटों पर जीत हासिल कर बहुमत हासिल कर लिया। इसके साथ ही नेतन्याहू की सत्ता में वापसी का रास्ता साफ होता नजर आ रहा है। केंद्रीय निर्वाचन समिति के ताजा आंकड़ों के अनुसार, नेतन्याहू की लिकुड पार्टी को 32 सीट, प्रधानमंत्री याइर लापिड की येश अतीद को 24, रिलीजियस जियोनिज्म को 14, नेशनल यूनिटी को 12, शास को 11 और यूनाइटेड टोरा जुदाइस्म को आठ सीटें प्राप्त होंगी।

संजय राउत की जमानत याचिका पर नौ को आयेगा फैसला

मुंबई (एजेंसी)। मुंबई की एक विशेष अदालत ने धन शोधन मामले में गिरफ्तार शिवसेना के सांसद संजय राउत की जमानत याचिका पर बुधवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया और कहा कि वह नौ नवंबर को निर्णय सुनायेगी। राउत को अदालत के समक्ष पेश किया गया, जिसने उनकी न्यायिक हिरासत नौ नवंबर तक बढ़ा दी। धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) से संबंधित मामलों की सुनवाई करनेवाले विशेष न्यायाधीश एमजी देशपांडे ने कहा कि वह मामले में सह आरोपी प्रवीण राउत की जमानत याचिका पर भी नौ नवंबर को फैसला सुनायेंगे।

झूठे वादों से जनता को गुमराह कर रहा है विपक्ष : रक्षा मंत्री

रक्षा मंत्री ने हिमाचल प्रदेश के जयसिंहपुर में चुनावी जनसभा को किया संबोधित

धर्मशाला (एजेंसी)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि विपक्ष चुनाव में कामयाबी के लिए झूठे वादे कर लोगों को गुमराह कर रहा है। वादे वही होने चाहिए, जिन्हें पार्टियां पूरा कर सकें। गुरुवार को जयसिंहपुर में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि भाजपा जो वादे करती है, उन्हें पूरा करती है। भाजपा ने जम्मू-कश्मीर में धारा-370 हटाने का वादा किया था और इसे पूरा कर दिखाया। राजनाथ सिंह ने कहा कि आज देश की अच्छी नीतियों की वजह से विश्व में भारत का मान बढ़ा है, भारत की बात को गंभीरता से लिया जाता है, कांग्रेस के समय में ऐसा नहीं था। रक्षा मंत्री ने हिमाचल प्रदेश को देव भूमि करार देते हुए कहा कि इस प्रदेश के वीरों



ने देश की रक्षा के लिए अनेक आहूतियां दी हैं। प्रदेश के उन वीरों का नाम लेते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि उन्हें कौन भुला सकता है। मंहगाई के मुद्दे पर राजनाथ सिंह ने कहा कि देश में कारोना जैसी महामारी और यूक्रेन में हो रही लड़ाई के कारण भी मंहगाई बढ़ रही है। सरकार हर संभव प्रयास कर रही है कि मंहगाई नियंत्रण में रहे। रक्षा मंत्री ने स्थानीय विधायक रविन्द्र धीमान को एक लोकप्रिय नेता बताया। उन्होंने वादा किया कि वे धीमान की जीत पर एक बार फिर जयसिंहपुर आकर जनता का आभार प्रकट करेंगे।

शाह ने कांग्रेस को बताया राजा-रानियों की पार्टी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि यह राजाओं और रानियों की पार्टी है तथा हिमाचल प्रदेश में भले ही उसकी ओर से मुख्यमंत्री पद के कई चेहरे हों, लेकिन हकीकत में किसी को मौका नहीं मिलेगा। शाह ने यहां एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर चौतरफा हमला किया और कहा कि इसने केवल भाई-भतीजावाद को आगे बढ़ाया है तथा विकास के नाम पर कुछ नहीं किया है। गृह मंत्री ने राज्य के इस क्षेत्र में मतदाताओं को लुभाने के लिए पाकिस्तान के खिलाफ सर्जिकल स्ट्राइक, अयोध्या में राम मंदिर निर्माण, एक रैंक, एक पेंशन लागू करने और कश्मीर से अनुच्छेद-370 को निरस्त करने का भी जिक्र किया। राज्य में 12 नवम्बर को विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होना है। शाह ने मतदाताओं से हिमाचल प्रदेश को देश का नंबर एक राज्य बनाने के लिए एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी भाजपा को चुनकर बार-बार सरकार बदलने की परंपरा को तोड़ने का आग्रह किया। उन्होंने अगले पांच साल में राज्य को नशामुक्त बनाने का भी वादा किया।

हंबनटोटा बंदरगाह पर श्रीलंकाई जहाजों से ईंधन भर रहे चीनी युद्धपोत

भारत ने जतायी आपत्ति, कहा - चीनी जहाजों को लेकर एसओपी का पालन हो

कोलंबो (एजेंसी)। चीन के कर्ज जाल में फंसने के बाद भारत का पड़ोसी देश श्रीलंका गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। भारत लगातार श्रीलंका को मदद मुहैया करा रहा है, लेकिन बीजिंग के लिए कोलंबो की वफादारी कम नहीं हो रही है। श्रीलंका के हंबनटोटा बंदरगाह पर चीन के युद्धपोत श्रीलंका के टैंकरों से ईंधन भर रहे थे। भारत ने इस पर नाराजगी जाहिर करते हुए श्रीलंका से चीन के सैन्य जहाजों की डॉकिंग और उनमें ईंधन भरने के लिए पारदर्शी मानकों (एसओपी) का पालन करने के लिए कहा है। कोलंबो में मौजूद भारतीय राजनयिकों ने यह जानकारी दी है। भारत ने श्रीलंका से कहा है कि वह हंबनटोटा बंदरगाह पर चीन के सैन्य जहाजों को ईंधन भरने की अनुमति न दे। अमेरिका ने भी श्रीलंका से चीनी सैन्य जहाजों को हंबनटोटा पोर्ट पर डॉक करने की अनुमति देने से इनकार करने के लिए कहा है।

■ मदद के लिए भारत पर निर्भर है द्वीपीय देश, पहले भी दिया था धोखा

खबरों के मुताबिक श्रीलंकाई टैंकर हंबनटोटा पोर्ट से ईंधन लोड कर रहे थे और चीन के युद्धपोतों में भर रहे थे। माना जा रहा है कि वर्तमान में, पूर्वी अफ्रीकी तट पर चलने वाले समुद्री डकैती रोधी टास्क फोर्स के जहाजों के अलावा हिंद महासागर क्षेत्र में कोई और चीनी जहाज नहीं है। विशेषज्ञों ने भी इस पर चिंता जाहिर की है। विदेश और रक्षा मामलों के जानकार ब्रह्मा चेलानी ने अपने ट्वीट में कहा, 'न्यूज रिपोर्ट्स कह रही हैं कि श्रीलंकाई टैंकर चीनी युद्धपोतों में गुप्त रूप से ईंधन भर रहे हैं'। नकदी की तंगी से जूझ रहा श्रीलंका भले ही ईंधन, भोजन और दवा की आपूर्ति के लिए भारतीय मदद पर निर्भर है, लेकिन उसके 'अमित्र' कार्यों से पता चलता है कि वह चीन के कर्ज जाल में बुरी तरह फंस गया है।'

चीन के जासूसी जहाज को दी थी डॉक की अनुमति

इससे पहले अगस्त में चीन के जासूसी जहाज युआन वांग पांच ने श्रीलंका के हंबनटोटा बंदरगाह पर डॉक किया था। भारत और अमेरिका ने इस पर कड़ी आपत्ति जतायी थी। चीन का सबसे खतरनाक जासूसी जहाज भारत से सिर्फ 1100 किमी की दूरी पर मौजूद था। खास बात यह कि जब श्रीलंका चीन के जासूसी जहाज का स्वागत कर रहा था, उसके ठीक एक दिन पहले भारत ने अपने पड़ोसी देश को डोर्नियर समुद्री निगरानी विमान सौंपा था।

इमरान पर जानलेवा हमले के बाद पाकिस्तान में भड़की हिंसा

पेशावर (एजेंसी)। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसान के मुखिया और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर जानलेवा हमले के बाद देश में हिंसा भड़क गई। पाकिस्तान के सियालकोट में हमले से भड़के इमरान खान के समर्थकों ने नेशनल हाइवे जाम कर दिये। डॉन न्यूज टीवी ने बताया कि अज्ञात हमलावरों ने वजीराबाद में अल्लाह हो चौक के पास इमरान खान के बख्तरबंद कंटेनर पर गोलियां चला दीं। हालांकि, हमले में इमरान खान बाल-बाल बच गए। पाकिस्तान मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार वजीराबाद में जफर अली खान चौक के पास पूर्व पीएम और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के अध्यक्ष इमरान खान के कंटेनर के पास फायरिंग हुई। न्यूज के मुताबिक इमरान खान को अस्पताल पहुंचाया गया जहां वो खतरे से बाहर हैं। इमरान खान पर हुए जानलेवा हमले पर पाकिस्तान के प्रधामंत्री शहबाज शरीफ का बयान भी सामने आया है। उन्होंने इस हमले की कड़े शब्दों में निंदा की है की और घटना की तत्काल रिपोर्ट भी मांगी है।

पाकिस्तानी महिला को पसंद आया ड्राइवर के गियर बदलने का अंदाज, दे बैठी दिल

इस्लामाबाद (एजेंसी)। कहतें हैं जो सच्चा प्यार करता है, वह जाति-धर्म, ओहदा आदि नहीं देखता है। प्यार किसी भी उम्र में किसी को भी हो सकता है। यूं तो आपने लव अफेयर्स की कई कहानियां सुनी होंगी, लेकिन पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान से एक ऐसी कहानी सामने आयी है, जो अपने आप में अलग है। इस कहानी की काफी चर्चा हो रही है। दरअसल, पाकिस्तान के अच्छे फैमिली बैकग्राउंड से आनेवाली महिला को अपने ड्राइवर से प्यार हो गया और उसके पीछे वजह यह रही कि वह (ड्राइवर) जिस तरह से गाड़ी के गियर बदलता था, वह तरीका महिला को काफी पसंद आया। महिला ने बताया कि उनके पति, जो कि एक ड्राइवर थे, उन्हें गाड़ी सिखाते थे।

दुनिया के लिए बड़ा खतरा, पृथ्वी पर गिर रहा 23 टन का चीनी रॉकेट

नयी दिल्ली (एजेंसी)। अपना अंतरिक्ष स्टेशन बना रहे चीन को एक और तगड़ा झटका लगा है। चीनी अंतरिक्ष एजेंसी की ओर से भेजा गया 23 टन वजनी रॉकेट लॉन्च होने के बाद फेल गया है और वो वापस पृथ्वी की ओर गिर रहा है। यह रॉकेट मेंगटियन मॉड्यूल को लेकर अंतरिक्ष स्टेशन के लिए उड़ान भरा था। रिपोर्ट में बताया गया है कि चीनी वैज्ञानिक रॉकेट को ऑर्बिट में स्थापित नहीं कर पाये जिसके बाद यह भारी-भरकम रॉकेट पृथ्वी की ओर गिर रहा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, चीन मानवयुक्त अंतरिक्ष एजेंसी ने मेंगटियन मॉड्यूल के साथ लॉन्ग मार्ट 5बी रॉकेट को तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन के लिए लॉन्च किया था। इस रॉकेट के वायुमंडल में क्रैश होने और जलने की उम्मीद है, लेकिन इसके कुछ टुकड़े जमीन पर गिर सकते हैं। स्पेस डॉट कॉम ने एयरोस्पेस कॉरपोरेशन के कॉरपोरेट चीफ इंजीनियर ऑफिस के सलाहकार टेड मुएलहौप्ट के हवाले से कहा है कि चीन के अंतरिक्ष मलबे की वजह से पूरी दुनिया को खतरा है। विश्व की करीब 88 फीसदी आबादी जोखिम में है।

अनियंत्रित हो गया था चीनी रॉकेट

इस साल की शुरुआत में भी चीन का एक रॉकेट अनियंत्रित हो गया था और पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश कर गया था। यह अंतरिक्ष स्टेशन के लिए भेजा गया दूसरा रॉकेट था। लॉन्चिंग के छह दिन बाद ही उसने कंट्रोल खो दिया था। रॉकेट पर से कंट्रोल खोने के बाद चीन ने किसी को भी इसकी जानकारी नहीं दी थी।

मलेशिया और इंडोनेशिया में गिरे थे रॉकेट के पार्ट

रॉकेट का अधिकांश हिस्सा जल गया था। उसके बूस्टर और लॉन्चर के कुछ हिस्से मलेशिया और इंडोनेशिया सहित दक्षिक्ष पूर्व एशिया के कुछ क्षेत्रों में गिरे हुए पाए गए थे। हालांकि, इस रॉकेट की वजह से धरती पर किसी जान-माल का खतरा नहीं हुआ था। चीन पर पहले भी फेल हो चुके रॉकेटों के संबंध में जानकारी नहीं देने का आरोप लग चुका है।

लाल किले पर हमले के दोषी की फांसी की सजा बरकरार

नयी दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के लाल किले में सेना की बैरक पर हमले का दोषी और मास्टरमाइंड लश्कर-ए-तैयबा का आतंकी अशफाक आरिफ की पुनर्विचार याचिका खारिज कर फांसी की सजा बरकरार रखी। बता दें कि कोर्ट ने साल 2000 में हुए लाल किले पर हमले के दोषी मोहम्मद आरिफ उर्फ अशफाक की फांसी की सजा को बरकरार रखा है। प्रधान न्यायाधीश उदय उमेश ललित और न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी की एक पीठ ने कहा कि उसने इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड पर विचार करने के आवेदन को स्वीकार किया है। पीठ ने कहा कि हम उस आवेदन को स्वीकार करते हैं कि इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड पर विचार किया जाना चाहिए। वह दोषी साबित हुआ है। हम इस अदालत द्वारा किये गये फैसले को बरकरार रखते हैं और पुनर्विचार याचिका खारिज करते हैं। आरिफ, लाल किले पर 22 दिसम्बर 2000 को किये गये आतंकवादी हमले के दोषियों में से एक है। बता दें कि लाल किले पर आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा ने 22 दिसम्बर 2000 को आतंकवादी हमला किया था। उस हमले में दो सैनिकों समेत तीन लोग मारे गए थे। वहीं, भारतीय सेना की जवाबी कार्रवाई में लाल किला में घुसपैठ करने वाले दो आतंकवादी भी मारे गए थे। जिसके बाद लाल किला हमले के मामले में 31 अक्टूबर 2005 को निचली अदालत ने आरिफ को दोषी मानते हुए फांसी की सजा सुनाई थी। गौरतलब है कि 2013 में सुप्रीम कोर्ट ने आरिफ की फांसी की सजा को बरकरार रखते हुए पुनर्विचार याचिका खारिज कर दी थी जिसे 2014 में भी सुप्रीम कोर्ट ने आरिफ की क्यूरेटिव याचिका भी खारिज कर दी थी। उसके बाद अब एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट ने दोषी की सजा को बरकरार रखने का फैसला लिया।

कोरिया के इर्द-गिर्द तनाव चरम पर, बौखलाया जापान

टोक्यो (एजेंसी)। उत्तर कोरिया ने गुरुवार सुबह कई बैलिस्टिक मिसाइल दागीं, जिनमें से एक के कारण जापान में अलर्ट जारी हो गया और लोगों को सुरक्षित जगहों पर पनाह लेनी पड़ी। उत्तर कोरिया ने पिछले दो दिनों में दर्जनों मिसाइलों का परीक्षण किया है, जिसके बाद दक्षिण कोरिया ने भी जवाबी परीक्षण किये और इलाके में तनाव चरम पर पहुंच गया है। मिसाइल दागे जाने के बाद जापान के प्रधानमंत्री फूमियो किशिदा ने कहा कि इसे कतई माफ नहीं किया जा सकता। बुधवार को उत्तर कोरिया ने 23 मिसाइलों को परीक्षण के लिए दागा था। एक दिन में उसका यह अब तक का सबसे बड़ा परीक्षण था। इनमें से एक तो दक्षिण कोरिया के तट पर गिरी, जो पहली बार हुआ। इसके अगले ही दिन उसने जापान के आसमान पर मिसाइल छोड़ दी, जिसके कारण उत्तरी शहरों मियागी, यामागाता और नीगाता में अलर्ट जारी हो गया। जे-अलर्ट इमरजेंसी ब्रॉडकास्टिंग सिस्टम ने बताया कि लोगों को सुरक्षित जगहों पर पनाह लेने की चेतावनी भेजी गयी। इस चेतावनी संदेश में कहा

गया कि जापान के ऊपर से एक मिसाइल गुजरी है। हालांकि, बाद में जापानी रक्षा मंत्रालय ने सफाई दी कि यह मिसाइल जापानी सीमा से नहीं गुजरी थी। लॉन्च की जानकारी मिलने के लगभग 25 मिनट बाद जापान के कोस्ट गार्ड ने कहा कि यह मिसाइल गिर गयी थी। समाचार प्रसारक एफएनएन ने सरकारी सूत्रों के हवाले से बताया कि यह मिसाइल जापान के पूर्व में 1,100 किलोमीटर दूर प्रशांत महासागर में गिरी। योनहैप समाचार एजेंसी के मुताबिक यह मिसाइल चरणबद्ध प्रक्रिया में एक के बाद एक अलग होते हुए गिरी, जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि यह एक लंबी दूरी का हथियार, मसलन कोई अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल हो सकता है। पहले लॉन्च के करीब एक घंटे बाद दक्षिण कोरिया की सेना और जापान के कोस्ट गार्ड ने उत्तर कोरिया से एक और मिसाइल छोड़े जाने की सूचना दी। उसके बाद जापान ने तीसरे लॉन्च की भी संभावना जतायी। चार अक्टूबर को उत्तर कोरिया ने जापान की ओर एक मिसाइल परीक्षण किया था। पांच साल में यह पहली बार था जबकि जापान की ओर उसने कोई बैलिस्टिक मिसाइल दागी थी। उस परीक्षण के कारण भी जापान में अलर्ट जारी हुआ था और नागरिकों को सुरक्षित जगहों पर शरण लेनी पड़ी थी। वह उत्तर कोरिया का अब तक का सबसे लंबी दूरी का परीक्षण था।

भाजपा प्रदेश कार्यालय में स्व. कैलाशपति मिश्र की जयंती मनाई गई

नवीन मेल संवाददाता

रांची । भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व राज्यपाल स्व. कैलाशपति मिश्र की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि स्व मिश्र एक महामानव थे जिन्होंने अपने जीवन की आहुति पार्टी की विचारधारा ,कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने केलिए दी। उन्होंने कहा कि आज ऐसे महान विभूतियों के त्याग एवम तपस्या का ही परिणाम है कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। देश की जनता की पहली पसंद भाजपा बनी है। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि स्व मिश्र एक व्यक्ति नहीं बल्कि आदर्श थे जिन्होंने पार्टी केलिए असंख्य कार्यकर्ता को गढ़ने का काम किया। कहा कि स्व मिश्र का व्यक्तित्व एवम कृतित्व कार्यकर्ताओं के लिए सदैव प्रेरणा देता रहेगा। श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में प्रदेश महामंत्री सांसद आदित्य साहू, महामंत्री एवम मुख्यालय प्रभारी डॉ प्रदीप वर्मा, प्रदेश मंत्री सुबोध सिंह गुड्डू, कोषाध्यक्ष दीपक बंका, पार्टी के मुख्य सचेतक विधायक विरांची नारायण, कार्यालय मंत्री हेमंत दास, सह मंत्री सूरज चौरसिया, प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा, सरोज सिंह, सोशल मीडिया प्रभारी राहुल अवस्थी आदि उपस्थित थे।

डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा के सौंदर्यीकरण की राशि का बंदरबांट

रांची। प्रखंड के चोरेया गांव में भारत रत्न डॉ भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा के सौंदर्यीकरण के नाम पर सरकारी राशि की बंदरबांट कर ली गई। बताया जाता है कि लगभग एक वर्ष पहले पंचायत समिति के मद से इस प्रतिमा के सौंदर्यीकरण के लिए प्रखंड के इंजीनियर ने लगभग डेढ़ लाख रुपये का इस्टीमेट बनाया था। प्रतिमा के पास बिना एक ईंट रखें लगभग 70 हजार रुपये की निकासी कर ली गई। कई बार प्रखंड से काम कराने के लिए संबंधित लोगों को कहा गया, परंतु वे बात को टालते रहे। इसी बीच गुरुवार को लगभग साढ़े छह लाख रुपये का इस्टीमेट बनाकर विधायक मद से विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने इसी प्रतिमा के सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास कर दिया। ग्रामीणों से जानकारी मिलने पर पूर्व विधायक बंधु तिर्की ने कहा कि इस कार्य को चलने देना है। वहीं विधायक से कहा कि प्रखंड के बीडीओ को इस मामले की जांच करने को कहा जाए।

पृष्ठ एक के शेष

आओ, मुझे गिरफ्तार...

जा सके। सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि हम अपना अधिकार मांगते हैं तो ये लोग सीबीआई-ईडी को भेजते हैं। उनके संबोधन के दौरान लगातार कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए उनका उत्साह बढ़ते रहे। मुख्यमंत्री ने भी उत्साहित होकर अपने तरकश से बयानों के कई तीर छोड़े जो विपक्ष को चुभाने वाले थे।

इंतजार करते रहे ईडी अफसर...

मांग की गयी थी।

टाइम पीटिशन पर सहमति नहीं बनने पर दुबारा समन : ईडी सूत्रों के मुताबिक, टाइम पीटिशन पर सहमति नहीं मिलने पर ईडी दुबारा मुख्यमंत्री को समन कर सकती है। हालांकि, इसके लिये ईडी मुख्यालय के निर्देशों का इंतजार किया जायेगा। दूसरे समन पर हाजिर नहीं होने पर ईडी कोर्ट का सहारा भी ले सकती है। गौरतलब है कि बुधवार को मुख्यमंत्री सचिवालय ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का 15 नवम्बर तक का कार्यक्रम जारी कर दिया है। स्थापना दिवस कार्यक्रम, सरकार आपने द्वार जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की वजह से वक्त की मांग की गयी है।

पलामू सेन्ट्रल जेल में...

हालांकि एटीएस का मानना है कि अमन झूठ बोल रहा है। वह गुमराह कर रहा है। सूत्रों ने बताया कि पूछताछ तीन दिन पहले हुई। इस दौरान मेदिनीनगर सेंट्रल जेल के अधीक्षक समेत विभिन्न लोगों को धमकी देने के मामले में आवाज एक ही शख्स की है। आवाज का टोन यूपी के मेरठ साइड का है। फेक काल एप का इस्तेमाल कर अमन साहू का गुर्गा फोन और वाट्सएप काल के माध्यम से धमकी देता है और रंगदारी का डिमांड करता है। इस एप का इस्तेमाल करने से मोबाइल नंबर पकड़ में नहीं आता है। पूछताछ के दौरान एटीएस को कुछ महत्वपूर्ण जानकारी मिली है। इस आधार पर अमन के गुर्गों के खिलाफ जल्द ही नए सिरे से अभियान चलेगा।

पीएम मोदी का जांच एजेंसियों को...

नहीं है। समाज आपके साथ खड़ा होता है। मोदी ने कहा कि सभी सरकारी एजेंसियों को तंत्र को बदलने के लिए काम करना चाहिए और भ्रष्टाचार की परिपाटी समाप्त होनी चाहिए, क्योंकि भारत आजादी की 75वीं वर्षगांठ मना रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि किसी राजनीतिक एजेंडे पर काम करने की जरूरत नहीं है, बल्कि आम नागरिकों के जीवन को आसान बनाने की दिशा में काम करने की जरूरत है। जिनके निहित स्वार्थ हैं वे कार्रवाई में बाधा डालने और इन संस्थानों से जुड़े व्यक्तियों को बदनाम करने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि जनता जनार्दन है और वह सत्य को जानती और समय आने पर सच्चाई के समर्थन में खड़े भी होती है। प्रधानमंत्री ने सभी से समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों को पूरा करने के लिए सत्य के मार्ग पर चलने का आग्रह किया और जोर देकर कहा कि जब आप दृढ़ विश्वास के साथ कार्रवाई करते हैं, तो पूरा देश आपके साथ खड़ा होता है। उन्होंने कहा कि देश को एक ऐसा प्रशासनिक पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करना है, जो भ्रष्टाचार के खिलाफ शून्य सहिष्णुता रखता हो।

रायपुर में आदिवासी नृत्य महोत्सव कार्यक्रम...

संस्कृति और सभ्यता का उत्कृष्ट उदाहरण है। सीएम ने कहा कि आजतक आदिवासी, दलित, पिछड़ा और अल्पसंख्यक अपने हक-अधिकार को लेकर लड़ रहा है। सभी वंचित समूहों को साथ लिये बगैर अगर हम सर्वांगीण विकास की बात करें तो वह बेईमानी होगी। उन्होंने आदिवासी नृत्य महोत्सव कार्यक्रम में आमंत्रित करने के लिए राज्य के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और छत्तीसगढ़ सरकार को अनेक-अनेक धन्यवाद दिया।

युवक-युवतियां इश्कबाजी के चक्कर में...

कोशिश कर रहा है। उसके साथ जो फोटो खिंचवाई, उन्हें इंटरनेट पर डालने की धमकी दे रहा है। वह इस बात को किसी को बता नहीं पा रही है। मनोचिकित्सक ने बताया कि अंदर ही अंदर घुटने से तनाव का स्तर बहुत बढ़ गया और यह समस्या आयी। दिल्ली के कई चिकित्सकों का कहना है कि दिल्ली एनसीआर में बाहर से आकर पढ़नेवाले इंजीनियरिंग और मेडिकल के छात्रों में यह समस्या ज्यादा है। ये छात्र-छात्राएं ब्वॉयफ्रेंड और गर्लफ्रेंड के चक्कर में पढ़ाई पर पूरा ध्यान नहीं दे पाते और जब परीक्षा नजदीक आते हैं, तो परिणाम के डर से गहरे तनाव में चले जाते हैं। ऐसे में तबीयत तेजी से बिगड़ जाती है। जिन्हें दोस्ती में दगा मिलती है, उनके तनाव का स्तर और ज्यादा होता है।

आठ दिसम्बर को हिमाचल के साथ...

दमखम दिखाने जा रही है। पंजाब विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज करने के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अब तक दर्जनों बार वहां का दौरा कर चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी पिछले कुछ समय से गुजरात और हिमाचल प्रदेश का दौरा करते रहे हैं। पिछले कुछ दिनों में उन्होंने गुजरात में सैकड़ों करोड़ रुपयों की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया है।

सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों का स्टेट फिडे रेटिंग चेस चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन

नवीन मेल संवाददाता

रांची। सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के छात्रों ने ह्य21वें आदित्य बिरला मेमोरियल झारखंड सीनियर स्टेट फिडे रेटिंग चेस चैंपियनशिपह्य में अपना शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन सरला बिरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के बी. के. बिरला प्रेक्षागृह में 26 से 29 अक्टूबर को ए.जे.सी.ई द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में लगभग 160 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें हमारे विद्यालय के कुल 32 छात्र-छात्राओं ने अपनी योग्यता का परिचय दिया। मेन कैटेगरी में कक्षा ग्यारहवीं के अंश कुमार ने 12वीं रैंक और 1200 नकद का पुरस्कार तथा कक्षा छह के अभिराज डे ने 18वीं रैंक और 800 नकद का पुरस्कार प्राप्त करने में सफलता हासिल की।

कक्षा दसवीं के रिशु राज को सेकेंड पोजीशन (1000-1199) और 1000 नकद पुरस्कार रेटिंग कैटेगरी में प्राप्त हुआ। बारहवीं कक्षा के ओम चैतन्य शर्मा ने अपने 1079 रेटिंग में 40 पॉइंट्स का सुधार कर सफलता हासिल की। कक्षा छह के आदित्य शर्मा ने अपना शानदार प्रदर्शन कर रेटिंग कैटेगरी में प्रवेश किया। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ० प्रदीप वर्मा ने छात्रों को बधाई दी और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने विजेताओं की प्रशंसा की और उन्हें भविष्य में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू
(जिला सांख्यिकी शाखा)

"जन्म हो या मरण, जरूरी है पंजीकरण।"

आम जन से अपील

1.अपने परिवार में होने वाले जन्म एवं मृत्यु की प्रत्येक घटना का अपने क्षेत्र के जन्म–मृत्यु के स्थानीय कार्यालय यथा–ग्राम पंचायत, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सदर अस्पताल, नगर पंचायत, नगर परिषद एवं नगर निगम में ऑनलाईन या स्वयं उपस्थित होकर आवेदन कर प्रमाण पत्र प्राप्त करें।

2.जन्म प्रमाण पत्र जहाँ बच्चे का प्रथम कानूनी दस्तावेज है, वहीं यह ड्राइविंग लाइसेन्स, पासपोर्ट एवं स्कूल में नामांकन एवं कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवश्यक है, वहीं मृत्यु प्रमाण पत्र पारिवारिक पेंशन, बीमा राशि, पैतृक एवं सम्पति के अधिकार में आवश्यक है।

3.जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु भारत सरकार का आधिकारिक पोर्टल–**crsorgi.gov.in** है। ये प्रमाण पत्र 21 दिनों के अन्दर निःशुल्क, तत्पश्चात् अधिकतम 1.00 रू0 विलम्ब शुल्क लेकर बनाया जाता है।

4.आधिकारिक **CRS Portal-crsorgi.gov.in** के अतिरिक्त किसी भी अन्य पोर्टल से बनाए गए जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र पूर्णतः **अवैध** है।

5.अतः आप सभी से अपील है कि जन्म एवं मृत्यु प्रमाण–पत्र बनवाने में किसी भी एजेन्ट/दलाल की मदद नहीं लें।

6.जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त होते ही QR Code के माध्यम से भारत सरकार के आधिकारिक **CRS Portal-crsorgi.gov.in** से बनाए जाने की जाँच अवश्य कर लें।

7.जन्म एवं मृत्यु के घटनाओं के निबंधन की सूचना देने हेतु आँगनबाड़ी सेविका, सहिया, सरकारी स्कूल के प्रधानाध्यापक एवं चौकीदार सूचक घोषित हैं।

आदेशानुसार
उपायुक्त–सह–
जिला रजिस्ट्रार (जन्म–मृत्यु), पलामू

PR 281281 (Palamu)22-23*D

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
DRINKING WATER & SANITATION DIVISION, CHATRA
Very Urgent e-ProcurementTender Notice (SBD)
Tender Reference No.–DWSD/FULL/COVRG/GID/RPWSS/CH/40/2022-23 (1st Call)
Dated–02.11.2022

Sl. No.	Name of Work	:-	Detailed survey, designing and drawing, Construction of 3.30 MLD Capacity Water Treatment Plant, RC C Elevated Service Reservoir (i) 4.60 Lakh Litre capacity with 20 M Staging, (ii) 2.20 Lakh Litre capacity with 24 M Staging, (iii) 2.10 Lakh Litre capacity with 19 M Staging, Staff Quarter, Compound wall, Supplying and laying Raw and Clear Water rising main and Distrib ution Network, House Connection ,Supplying and Installation of Centrifugal pump motor and five years operation & maintenance with allied works e tc. all complete job for Gidhour Full Coverage Block Rural Pipe Water Supply Scheme under D.W. & S. Division Chatra "On Turnkey Basi s" Under D.W.&S.Division, CHATRA for the Year 20 22-23 under (JJM)
1	Estimated Cost	:-	Rs. 33,39,28,000/- (Rs. Thirty ThreeCroreThirty Nine LacTwenty EightThousand Only)
2	Earnest Money	:-	Rs. 33,40,000/- (Rs. Thirty Three Lac FortyThousand Only)
3	Cost of BOQ	:-	Rs. 10,000/- (Rs. Ten Thousand Only) in Shape of B.D. issued by Nationalized Bank in favour of Executive Engineer, D.W.&S. Division, CHATRA
4	Time completion	:-	18th Months + 03 Months (Trial and Run)
5	Date of Uploading Tender on Website	:-	03.11.2022 at 05:00 P.M.
6	Pre-bid meeting	:-	10.11.2022 at 12:30 P.M. in the Office of Eng. -in-Chief, DWSD, Nepal House, Doranda, Ranchi.
7	Last Date and Time for Online Submission of Bid	:-	16.11.2022 up to 05:00 P.M.
8	Last Date & Time of Receiving EMD/Cost of BOQ (Hard Copy)	:-	17.11.2022 up to 03:00 P.M. at (i) Executive Engineer, D.W.&S. Division, CHATRA (ii) Superintending Engineer, D.W&S. Circle, Hazaribagh AND (iii) Regional Chief Eng. DW&SD, Ranchi Zone, Ranchi
9	Date of opening of Tender	:-	18.11.2022 at 03:00 P.M.
10	Name & address of Office Inviting Tender	:-	Executive Engineer, D.W.&S. Division, CHATRA, Jharkhand
11	Name & address of Opening Office	:-	Executive Engineer, D.W.&S. Division, CHATRA, Jharkhand
12	Contact No. of e-procurement Office	:-	+91-7544099310, +91-9931972161 or 06541-253273
13	Help No. of e-Procurement Cell	:-	0651-2480345

• Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
D.W.&S. Division, CHATRA

PR 281275 Drinking Water and Sanitation(22-23)D

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य विकास)
जिला गव्य विकास कार्यालय, लोहरदगा

–: आवश्यक सूचना :–

लोहरदगा जिले में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2020–21 के सभी चयनित लाभुकों को सूचित किया जाता है कि राँची जिलान्तर्गत स्थान दलादली चौक, सिमलिया में जिला स्तरीय पशु–मेला विगत दो(02) माह से लगा हुआ है, जिसमें अनेकों निबंधित पशु–विक्रेता(पशु–व्यापारी) द्वारा दुधारू गाय लाकर रखा गया है।

सभी मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत चयनित लाभुक से अनुरोध है कि अपना–अपना लाभुक अंशदान बैंक खाते में जमा करते हुए जिला स्तरीय पशु–मेला एवं इस जिला के लिए अधिकृत औपबंधिक रूप से सूचीबद्ध पशु विक्रेता से सम्पर्क स्थापित कर लगातार तीन पाली दूध–दोहन देखकर गाय पसंद कर क्रय करने की कारवाई सुनिश्चित करेंगें।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी,
लोहरदगा

PR 281271 Lohardaga(22-23).D

श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में श्रीहरि प्रबोधिनी एकादशी का व्रत आज

रांची। श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में देवोत्थापन श्रीहरि प्रबोधिनी एकादशी का व्रत शुक्रवार को शास्त्रोक्त विधि से मनाया जाएगा। मौके पर भगवान विष्णु का पूजन करके उनको योग निद्रा से जगाया जाएगा। अनुष्ठान से धर्म-कर्म में प्रवृत्ति कराने वाले भगवान श्रीगोविन्द जागते हैं। इस दिन उपवास व श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर की उपासना से मनुष्य हजार अश्वमेध तथा सौ राजसूय यज्ञ करने के बराबर फल पाता है। अनुष्ठान को करने से पितर भी नरक से छुटकारा पाकर परमधाम प्राप्त करते हैं। इस दिन भगवान् श्रीहरि वेंकटेश्वर के निमित्त जागरण करने का विधान है। उनकी अर्चना, परिक्रमा, अभिषेक और नैवेद्य निवेदन से वह भक्त पर कृपा बरसाते हैं।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल लातेहार।

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– : 07/2022–23

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार
3. परिमाण विपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय :– 11.11.2022 के 1.00 बजे अपराह्ण तक ।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 12.11.2022 के 3.00 बजे अपराह्ण तक ।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 12.11.2022 के 3.30 बजे अपराह्ण तक ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1.अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02 रॉची के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा। 2. कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंड़ल, लातेहार के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा। 3. सहायक अभियंता भवन अवर प्रमंड़ल, लातेहार के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा।
7. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– 1.कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंड़ल, लातेहार के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा।
8. कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :–

क्र. सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि रू0	अग्रधन राशि रू0	परिमाण विपत्र का मूल्य रू0	कार्य समाप्ति की अवधि
1.	2.	3.	4.	5.	6.
1.	Construction of HSC at Goindi Block Garu Dist.-Latehar	4197000.00	84000/ -	5000/ -	06 (छः) माह

नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhand.gov.in पर देखें ।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंड़ल, लातेहार ।

PR 281330 (Building) 22-23 (D)

कार्यालय : जिला परिषद, चतरा
(Phone: 06541.222288, E.mail: districtboardchatra@gmail.com)

- सूचना -

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि चतरा जिला परिषद क्षेत्रान्तर्गत ईटखोरी प्रखण्ड में अधूनिक डाकबंगला (**Builtup Area- 9548 sft**) का आवंटन खुला डाक के माध्यम से तीन वर्षों के लिए किया जाना है। बन्दोवस्ती डाकवक्ता के द्वारा बोली गई अधिकतम डाक की राशि पर आवंटित किया जायेगा। इच्छुक व्यक्ति दिनांक 07.11.2022 से 14.11.2022 तक "चतरा जिला परिषद कार्यालय" के एक खिड़की से फार्म 10,000/– (दस हजार रू0) की डिमाण्ड ड्राफ्ट जो "उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद चतरा" के नाम से भुगतेय हो जमा कर फार्म प्राप्त कर सकता है। फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 16.11.2022 को (कार्यालय कार्य अवधि) है। इसके पश्चात् आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा। यह राशि किसी भी परिस्थिति में लौटाया नहीं जायेगा। डाकबोली हेतु समर्पित आवेदन के समीक्षोपरान्त दिनांक 18.11.2022 को 04.00 बजे अपराह्न डाकबोली "जिला परिषद सभाकक्ष" में प्रारम्भ की जायेगी।

भवन का नाम एवं विशिष्टियां	न्यूनतम डाक की राशि (तीन वर्षों के लिए)	जमानत की राशि
ईटखोरी प्रखण्ड में अधूनिक डाकबंगला (Builtup Area- 9548 sft) कुल कमरो की संख्या – 26 + 02 (suite)- (Attach with Bathroom) डायनिंग हॉल की संख्या – 01 किचन की संख्या – 01 स्टोर रूम की संख्या– 01 (उक्त डाकबंगला पूर्ण रूपेण सुसज्जीकृत है।)	5778387.00	577839.00

नियम शर्ते –

1. बन्दोबस्ती प्रक्रिया खूली डाक के माध्यम से अपनाई जायेगी।
2. डाक बोली में उसी डाकवक्ता को भाग लेने की अनुमति दी जायेगी, जो वांछित कागजात (Technical Bid) की अहर्ता रखता हो। वांछित कागजात में सफल डाकवक्ता की सूची कार्यालय नोटिश बोर्ड पर प्रदर्शित किया जायेगा।
3. आधुनिक डाकबंगला की बन्दोबस्ती की न्यूनतम डाक की राशि मो0 19,26,129.00 (उन्नीस लाख छब्बीस हजार एक सौ उनतीस रू0) प्रति वर्ष (तीन वर्ष के लिए– 57,78,387.00) के लिए निर्धारित की गयी है। उच्चतम बोली द्वारा निर्धारित राशि पर बंदोबस्तीधारी को सरकार द्वारा निर्धारित GST अतिरिक्त भुगतान करना होगा।
4. सुरक्षित/जमानत की राशि मो0 5,77,839/– (पांच लाख सतहत्तर हजार आठ सौ उनचालीस रू0) बैंक ड्राफ्ट द्वारा "उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, चतरा" के पदनाम से जिला परिषद, चतरा कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। असफल जमाकर्त्ताओं की जमानत की राशि डाक समाप्ति के तुरंत बाद वापस कर दी जायेगी।
5. डाकवक्ता को जिला के स्थायी निवासी होने पर वरीयता प्रदान की जायेगी।
6. जिला परिषद में किसी भी प्रकार का बकाया रखने वाले व्यक्ति/फर्म बन्दोबस्ती हेतु डाक में भाग नहीं लेगें।
7. अद्योहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये डाक को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।
8. अन्य डाक की नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी जिला परिषद कार्यालय के सूचना पट्ट एवं www.chatra.nic.in पर देखा जा सकता है, जो इस सूचना का एक अभिन्न अंग होगा।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
जिला परिषद, चतरा

PR 281300 District (22-23)_D

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
DRINKING WATER & SANITATION DIVISION, CHATRA
Very Urgent e-ProcurementTender Notice (SBD)
Tender Reference No.–DWSD/MYD/DORHI/RPWSS/CH/39/2022-23 (1st Call)
Dated–02.11.2022

Sl. No.	Name of Work	:-	Detailed survey, designing and drawing, Construction of 2.50 MLD Capacity Water Treatment Plant, RC C Elevated Service Reservoir (i) 2.70 Lakh Litre capacity with 23 M Staging, (ii) 2.50 Lakh Litre capacity with 16 M Staging, (iii) 1.40 Lakh Litre capacity with 22 M Staging, Staff Quarter, Compound wall, Supplying and laying Raw and Clear Water rising main and Distribution Network, House Connection,Supplying and Installation of Centrifugal pump motor and five years operation & maintenance with allied works etc. all complete job for Dorhi (Mayurhund) Block Rural Pipe Water Supply Scheme under D.W. & S. Division Chatra "On Turnkey Basis" Under D.W.&S.Division, CHATRA for the Year 2022-23 under (JJM)
1	Estimated Cost	:-	Rs. 21,21,99,000/- (Rs. Twenty OneCroreTwenty One LacNinety Nine ThousandOnly)
2	Earnest Money	:-	Rs. 21,22,000/- (Rs. Twenty One Lac Twenty Two Thousand Only)
3	Cost of BOQ	:-	Rs. 10,000/- (Rs. Ten Thousand Only) in Shape of B.D. issued by Nationalized Bank in favour of Executive Engineer, D.W.&S. Division, CHATRA
4	Time completion	:-	18th Months + 03 Months (Trial and Run)
5	Date of Uploading Tender on Website	:-	03.11.2022 at 05:00 P.M.
6	Pre-bid meeting	:-	09.11.2022 at 12:30 P.M. in the Office of Eng.-in-Chief, DWSD, Nepal House, Doranda, Ranchi.
7	Last Date and Time for Online Submission of Bid	:-	16.11.2022 up to 05:00 P.M.
8	Last Date & Time of Receiving EMD/Cost of BOQ (Hard Copy)	:-	17.11.2022 up to 03:00 P.M. at (i) Executive Engineer, D.W.&S. Division, CHATRA (ii) Superintending Engineer, D.W&S. Circle, Hazaribagh AND (iii) Regional Chief Eng. DW&SD, Ranchi Zone, Ranchi
9	Date of opening of Tender	:-	18.11.2022 at 03:00 P.M.
10	Name & address of Office Inviting Tender	:-	Executive Engineer, D.W.&S. Division, CHATRA, Jharkhand
11	Name & address of Opening Office	:-	Executive Engineer, D.W.&S. Division, CHATRA, Jharkhand
12	Contact No. of e-procurement Office	:-	+91-7544099310, +91-9931972161 or 06541-253273
13	Help No. of e-Procurement Cell	:-	0651-2480345

• Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
D.W.&S. Division, CHATRA

PR.NO.281269 Drinking Water and Sanitation(22-23):D

न्यूज गैलरी

भारत की जीत से तिलमिलाये अफरीदी ने आईसीसी पर ही लगा दिया आरोप

कराची (एजेंसी)। बुधवार को टी-20 विश्व कप मैच में भारत ने बांग्लादेश को एक बेहद रोमांचक मैच में डकवर्थ लुईस नियम अनुसार 5 रन से हरा दिया। हालांकि, मैच के बाद बांग्लादेशियों को हार पची नहीं, पहले तो मैच के दौरान उन्होंने अंपायर के फैसले पर सवाल उठाया और फिर मैच के बाद विराट कोहली पर फेक फील्डिंग का आरोप लगाकर विवाद खड़ किया। मैच के बाद अकेली बांग्लादेश ही ऐसी टीम नहीं थी जो तिलमिला रही थी, बल्कि पड़ोसी देश के एक पूर्व खिलाड़ी को भी भारत की जीत नहीं पची और विवाद को देख पड़ोसी देश से कोई टांग न अड़ाए ऐसा कैसे हो सकता है। मैच के विवाद को चिंगारी देते हुए के लिए पाक टीम के पूर्व क्रिकेटर शाहिद अफरीदी ने एक गैर जिम्मेदराना टिप्पणी करते हुए आईसीसी पर ही आरोप लगा दिया। अफरीदी ने कहा कि शाकिब अल हसन ने भी यही कहा और यह स्क्रीन पर भी दिखाया गया। आपने मैदान देखा था कि मैदान कितना गीला था, लेकिन मुझे लगता है कि आईसीसी का झुकाव भारत की ओर है, इसी लिए उन्होंने मैच दोबारा शुरू करवाया। वे यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि भारत सेमीफाइनल में पहुंचे वो भी किसी भी कीमत पर और अंपायर भी वही थे जिन्होंने भारत बनाम पाकिस्तान मैच में मौजूद थे। दुनिया जानती है कि उन्हें सर्वश्रेष्ठ अंपायर का पुरस्कार मिलेगा।

पंजाब किंग्स ने ब्रैड हैडिन को बनाया सहायक कोच

चंडीगढ़ (एजेंसी)। पंजाब किंग्स ने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज ब्रैड हैडिन को फ्रेंचाइजी का सहायक कोच नियुक्त किया है। रिपोर्ट के अनुसान हैडिन टीम में फील्डिंग कोच की भूमिका भी निभायेंगे। इसके अलावा पंजाब किंग्स ने पूर्व दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर चार्ल लैंगवेल्ट को बतौर गेंदबाजी कोच फ्रेंचाइजी में शामिल किया है। उल्लेखनीय है कि पंजाब किंग्स ने हाल ही में टीम के शीर्ष पदों पर कई बड़े बदलाव किये हैं। फ्रेंचाइजी ने बीते सितम्बर अनिल कुंबले की जगह ट्रेवर बेलिस को मुख्य कोच नियुक्त किया, जबकि बुधवार को शिखर धवन को टीम की कप्तानी सौंपी गयी। क्रिकबज के अनुसार कप्तानी और कोचिंग स्टाफ में हुए बदलावों में बेलिस की भूमिका रही है। क्रिकबज ने फ्रेंचाइजी के सह मालिक नेस वाडिया के हवाले से कहा कि बोर्ड और मुख्य कोच ने महसूस किया है कि यह दिशा और नेतृत्व में बदलाव का समय है। यह महसूस किया गया कि शिखर राष्ट्रीय कप्तान होने के नाते आने वाले सत्र में टीम का नेतृत्व करने के लिए सही व्यक्ति हैं।

सात्विक-चिराग की जोड़ी अगले दौर में, साइना बाहर

सारब्रकेन/जर्मनी (एजेंसी)। भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने बुधवार को यहां चीनी ताइपे के ली यांग और लू चेन को हराकर हाइलो ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष युगल में दूसरे दौर में प्रवेश किया। भारतीय जोड़ी ने यह मैच 19-21, 21-19 21-16 से जीता। दुनिया की आठवें नंबर की जोड़ी का अगला मुकाबला इंग्लैंड के रोरी ईस्ट्रॉन और जैच रस से होगा। इस बीच एच एस प्रणय ने पुरुष एकल और एम आर अर्जुन-ध्रुव कपिला की पुरुष युगल जोड़ी ने पहले दौर के मैचों में अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों को वॉकओवर दिया। लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल महिला एकल में थाईलैंड की चौथी वरीयता प्राप्त बुसानन ओंगबामरुंगफान से 15-21, 8-21 से हारकर बाहर हो गई। महिला एकल के एक अन्य मैच में मालविका बंसोड़ ने स्पेन की क्लारा आजुरमेंडी को 20-22, 21-12, 21-6 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया।

कोहली, मिलर प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार के लिए नामांकित

दुबई (एजेंसी)। चैम्पियन बल्लेबाज विराट कोहली, एशिया कप विजेता जेमिमा रोड्रिग्स और दीप्ति शर्मा को गुरुवार को आईसीसी महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया। ये नामांकन अक्टूबर महीने के लिये किये गये हैं। कोहली को पहली बार नामांकन मिला है जिन्होंने आईसीसी टी-20 विश्व कप में पाकिस्तान और नीदरलैंड के खिलाफ शानदार पारियां खेली। वहीं, रोड्रिग्स और शर्मा को महिला एशिया कप में भारत की खिताबी जीत में शानदार प्रदर्शन के लिये नामांकित किया गया। रोड्रिग्स ने टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाये जबकि शर्मा प्लेयर आफ द टूर्नामेंट रही जिन्होंने सर्वाधिक विकेट लिये। भारतीय स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को गुरुवार को पहली बार आईसीसी प्लेयर आफ द मंथ अवार्ड के लिए नामांकित किया गया। कोहली के अलावा दक्षिण अफ्रीका के फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज डेविड मिलर और जिम्बाब्वे के हरफनमौला सिकंदर रजा को भी इस सम्मान के लिए नामित किया गया है। कोहली को पहली बार आईसीसी प्लेयर आफ द मंथ अवार्डस में नामांकित किया गया है और अक्टूबर के कैलेंडर महीने में 205 रन दर्ज करते हुए, उन्होंने अपने बेहतरीन फॉर्म की झलक दिखाई। वह सिडनी में नीदरलैंड के खिलाफ नाबाद 62 रन बनाने में सहज दिखे, लेकिन अक्टूबर की क्रिकेटिंग हाइलाइट मेलबर्न में भारत ने चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान

के खिलाफ चार विकेट की प्रसिद्ध जीत दर्ज की। प्रतिष्ठित प्रदर्शन में कोहली ने अंतिम गेंद पर 160 के लक्ष्य का पीछा करने के लिए 53 गेंदों में नाबाद 82 रनों के अविस्मरणीय पारी खेली, जिसे टी-20 में अब तक देखी गई सर्वश्रेष्ठ पारियों में से एक के रूप में इंगित किया गया। कोहली की तरह, मिलर को भी पहली बार इस सम्मान के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है और उन्होंने भारत के खिलाफ द्विपक्षीय श्रृंखला में महीने की शुरूआत की, तीन एकदिवसीय मैचों में 117 रन बनाए और दो टी-20 मैच में 125 रन बनाए, जिसमें गुवाहाटी में 79 गेंदों में 106 रनों की नाबाद पारी भी शामिल है। इस धमाकेदार फॉर्म को टी-20 विश्व कप में जारी रखा, जहां महीने के दौरान उनका सबसे महत्वपूर्ण योगदान एक चुनौतीपूर्ण पिच पर उसी विरोधी के खिलाफ सफल रन चेज में आया। उनके नाबाद 59 रन, जल्दी विकेट गंवाने के बाद उनकी टीम संकट में थी और, दक्षिण अफ्रीका के लिए एक बड़े मैच खिलाड़ी के रूप में उनकी साख को रेखांकित करता है।

जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार के लिए नामांकित

इस बीच, रजा 2022 में शानदार प्रदर्शन से गुजर रहे हैं और तीन महीनों में दूसरी बार नामांकन अर्जित किया। प्रतिभाशाली ऑलराउंडर ने अगस्त में पुरस्कार का दावा किया और टी-20 विश्व कप के सुपर 12 चरणों के माध्यम से जिम्बाब्वे की क्वालीफाई करने में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी थे। रजा ने 145 रन बनाए और अपने छह टी-20 मैच से 14.66 के शानदार औसत से नौ विकेट लेते हुए, उन्होंने तीन प्लेयर आफ द मैच पुरस्कार जीते, जिसमें आयरलैंड के खिलाफ 31 रन की जीत (नाबाद 82) और पाकिस्तान के खिलाफ जीत (3/25) में चौंकाने वाली गेंदबाजी शामिल है। भारत के लिए महिला एशिया कप ट्रॉफी जीतने में उनके शानदार प्रदर्शन के बाद मध्यक्रम की बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स और ऑफ स्पिन आलराउंडर दीप्ति शर्मा को गुरुवार को आईसीसी महिला प्लेयर आफ द मंथ पुरस्कार के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया। इन दोनों के अलावा पाकिस्तान की निदा डार को भी सम्मान के लिए नामित किया गया है। जेमिमा को पहले राष्ट्रमंडल खेलों में उनके शानदार प्रदर्शन की बदौलत अगस्त में भी नामांकित किया गया था और एक बार फिर वह महिला एशिया कप की सफलता में भारत के लिए शानदार प्रदर्शन करनेवाली खिलाड़ी थीं। जब उनकी टीम ने फाइनल में श्रीलंका पर जीत का जश्न मनाया, तो जेमिमा टूर्नामेंट के लिए अग्रणी रन-स्कोरर थीं, जिन्होंने अपने आठ मैचों में 54.25 के औसत से 217 रन बनाए। टूर्नामेंट के इतिहास में सातवीं बार भारत के खिताब जीतने के लिए मंच तैयार किया। उनके शीर्ष प्रदर्शनों में 76 रन थे, जो उन्होंने शुरूआती मैच में श्रीलंका के खिलाफ बनाए थे। भारत की एक और स्टार खिलाड़ी दीप्ति ने महिला एशिया कप के दौरान एक शानदार महीने का आनंद लिया।

पाकिस्तान ने साउथ अफ्रीका को हराया

सिडनी (एजेंसी)। पाकिस्तान ने शादाब खान (52 रन, दो विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन और इफ्तिखार अहमद (51) के विस्फोटक अर्धशतक से गुरुवार को टी-20 विश्व कप के वर्षाबाधित सुपर-12 मैच में साउथ अफ्रीका को 33 रन से मात दी। पाकिस्तान ने ग्रुप-2 के मुकाबले में साउथ अफ्रीका को 20 ओवर में 186 रन का लक्ष्य दिया, जिसे बारिश के कारण घटाकर 14 ओवर में 142 रन कर दिया गया। साउथ अफ्रीका इसके जवाब में नौ विकेट के नुकसान पर 108 रन ही बना सकी। इसी के साथ पाकिस्तान ने सेमीफाइनल में जाने की उम्मीदें जिंदा रखीं। पाकिस्तान के अब चार मैचों में चार अंक हो चुके हैं। अब पाकिस्तान चाहेगा कि साउथ अफ्रीका अपना आखिरी मैच हार जाये, जो नीदरलैंड के खिलाफ होगा। वहीं, पाकिस्तान अपने आखिरी मैच में हर हाल में बांग्लादेश को हराने के इरादे से उतरेगा। इससे पहले शादाब खान की 22 गेंद में 52 रन की आक्रामक पारी की बदौलत पाकिस्तान ने 9 विकेट पर 185 रन का स्कोर खड़ा किया। शादाब के अलावा इफ्तिखार अहमद ने 35 गेंद में 51 रन बनाये और पारी को संभाला जब सातवें ओवर में पाकिस्तानी टीम चार विकेट पर 43 रन बनाकर जूझ रही थी। शादाब ने 20 गेंद में 50 रन पूरे किये जिसमें चार छक्के और तीन चौके जड़े थे। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तानी टीम मौजूदा टूर्नामेंट में फिर अच्छी शुरूआत करने में विफल रही जिसने पहले ही ओवर में मोहम्मद रिजवान का विकेट गंवा दिया जो वेन पार्नेल की गेंद पर बोल्ड हुए। चोटिल फखर जमां की जगह टीम में शामिल किये मोहम्मद हैरिस ने आते ही गेंद सीमारेखा के पार कराने की कोशिश शुरू कर दी। उन्होंने तीन छक्के और दो चौकों की मदद से 11 गेंद में 28 रन बनाये। लेकिन वह एनरिच नोर्किया की गेंद पर पगबाधा आउट हो गये। हैरिस ने रिव्यू लिया लेकिन फैसला नहीं बदला जिससे एक समय एक विकेट पर 38 रन के स्कोर से पाकिस्तान का स्कोर दो ओवर के अंदर चार विकेट पर 43 रन हो गया। फॉर्म में चल रहे इफ्तिखार ने मोहम्मद नवाज (22 गेंद में 28 रन) के साथ मिलकर पारी संभाली जिसमें इन दोनों के बीच पांचवें विकेट के लिये 52 रन की भागीदारी बनी।

हार से बावुमा निराश, कहा- बहुत सारे प्रश्न हमें खुद से पूछने होंगे

पाकिस्तान ने शादाब खान (52 रन और 2 विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन और इफ्तिखार अहमद (51) के विस्फोटक अर्धशतक से गुरुवार को टी-20 विश्व कप के वर्षा बाधित सुपर-12 मैच में दक्षिण अफ्रीका को 33 रन से मात दी। मैच के बाद दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा काफी निराश दिखाई दिये और उन्होंने कहा कि बहुत सारे प्रश्न हमें खुद से पूछने होंगे। बावुमा ने मैच के बाद प्रेस वार्ता में कहा कि जिस तरह से हमने अपना गेंदबाजी सत्र समाप्त किया उससे काफी निराशा हुई। उनके पांच विकेट जल्दी से गिरा देना और उन्हें एक शानदार स्कोर तक पहुंचने देना। बहुत सारे प्रश्न हमें खुद से पूछने होंगे। हम जानते थे कि मौसम थोड़ी समस्या पैदा करनेवाला है। मैं कोई गेंदबाज नहीं हूं लेकिन गेंदबाज इन परिस्थितियों के लिए अभ्यास करते हैं। विकेट खिसक रहा था, धीमी गेंद ग्रिप नहीं कर रही थी। हम शायद बड़े पक्ष का थोड़ा और इस्तेमाल कर सकते थे। अगला मैच निश्चित रूप से एडिलेड में नीदरलैंड के खिलाफ हमारे लिए बड़ा है।

कोहली पर फेक फिल्डिंग के आरोप पर भड़के भोगले, ट्वीटर पर दिया जवाब



एडीलेड (एजेंसी)। बुधवार को भारत ने टी-20 विश्व कप में बांग्लादेश को बेहद रोमांचक मैच में डकवर्थ लुईस नियम के अनुसार पांच रन से हरा दिया। हालांकि, मैच के बाद बांग्लादेशी बल्लेबाज नुरूल हसन को भारत की जीत पची नहीं और उन्होंने भारतीय दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली पर 'फेक फिल्डिंग' का आरोप लगाकर विवाद खड़ा कर दिया और कहा कि अगर अंपायरों ने इसके लिए भारतीय टीम पर पांच रन का जुर्माना लगाया होता तो परिणाम हमारे पक्ष में हो सकता था। इन आरोपों पर अब भारतीय कमेंटेटर हर्षा भोगले ने नुरूल को मुंहतोड़ जवाब देते हुए कहा कि अगर हम हार के बाद बहाने ढूंढते हैं तो हम कभी भी आगे नहीं बढ़ सकते। फेक फील्डिंग विवाद को तेज होते देख, अब भोगले ने कहा है कि अंपायरों पर सवाल उठाने और भारत को पांच रन के जुर्माने के आरोपों का आंकलन करना होगा और फिर तय करना होगा कि बांग्लादेशी टीम को दंडित करना है या नहीं। भोगले ने कहा कि नकली क्षेत्ररक्षण घटना पर, सच्चाई यह है कि किसी ने इसे नहीं देखा। अंपायरों ने नहीं देखा, बल्लेबाजों ने नहीं और हमने भी नहीं। कानून 41.5 नकली क्षेत्ररक्षण को दंडित करने का प्रावधान करता है, लेकिन जब इसे किसी ने नहीं देखा तो आपके आरोप झूठे हैं। उन्होंने आगे कहा कि इसलिए, बांग्लादेश के मेरे दोस्तों से मै कहना चाहता हूं कि कृपया नकली क्षेत्ररक्षण या गीले मैदान जैसी परिस्थितियों को हार के कारण के रूप में न देखें। अगर कोई बल्लेबाज अंत तक टिका होता तो बांग्लादेश जीत सकता था। अगर हम बहाने खोजते हैं, तो हम बढ़ते नहीं हैं। मुझे नहीं लगता कि कोई भी मैदान के गीले होने की शिकायत कर सकता है।

टी-20 वर्ल्ड कप : आरोन फिंच ने दिया संकेत -

अफगानिस्तान के खिलाफ मैच से हो सकते हैं बाहर

एडिलेड (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान आरोन फिंच ने गुरुवार को खुलासा किया कि उनके पास शुक्रवार को एडिलेड ओवल में पुरुष टी-20 विश्व कप में ग्रुप 1 के फाइनल में अफगानिस्तान के खिलाफ खेलने का 70 प्रतिशत मौका है। लेकिन साथ ही फिंच इस बात पर अड़े थे कि अगर उन्हें अपनी हैमस्ट्रिंग या उसके आसपास दर्द महसूस होता है, तो वह मैच में नहीं खेलेंगे। फिंच ने मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, शायद 70/30। लेकिन मैं यह सुनिश्चित करने के लिए शायद आज दोपहर इसका परीक्षण करूंगा कि मैं खेल में आगे बढ़ने में बाधा नहीं डाल रहा हूं, क्योंकि मुझे लगता है कि यह सबसे खराब स्थिति है कि आप लोगों को वहां

से बाहर छोड़ दें। एकदिवसीय मैचों से संन्यास लेने के बाद ऑस्ट्रेलिया के लिए संभावित रूप से अपना अंतिम टी-20 इंटरनेशनल मैच खेलने के संकेत के साथ फिंच ने शुक्रवार के मैच में खेलने का फैसला करने के लिए उस भावना को खारिज कर दिया। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान ने कहा, यह इसे थोड़ा कठिन नहीं बनाएगा। अगर मुझे लगता है कि यह 1 प्रतिशत भी प्रदर्शन से समझौता करने जैसा होगा तो मैं नहीं खेलूंगा। अगर मुझे अपनी हैमस्ट्रिंग में आत्मविश्वास महसूस नहीं होता है, तो मैं नहीं खेलूंगा। हो सकता है कि आज मैं जो पहला प्रयास कर रहा हूं, वह आखिरी प्रयास में हो सकता है। अगर मुझे कोई दर्द या ऐसा कुछ महसूस होता है, तो मैं नहीं खेलूंगा। फिंच और टिम डेविड दोनों ने आयरलैंड के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के सुपर 12 मैच में हैमस्ट्रिंग की चोट का सामना किया था और पारी के दूसरे भाग में क्षेत्ररक्षण से बचते नजर आए थे। फिंच ने पुष्टि की कि डेविड का नजरिया उनके जैसा ही है, फिटनेस टेस्ट शुक्रवार के मैच में भाग लेने के लिए फैसला करेगा। उन्होंने कहा, वह बिल्कुल उसी नाव पर है। वह आज काम करेगा, और हम प्रशिक्षण के दौरान और अधिक जानेंगे। मुझे लगता है कि हम दोनों के खेलने की संभावना एक समान है। आप एक लड़के को नीचे गिराकर टीम के प्रदर्शन से समझौता नहीं करना चाहते हैं।

बांग्लादेश के नुरूल ने कोहली पर फर्जी फील्डिंग का लगाया आरोप

एडीलेड (एजेंसी)। बांग्लादेश के विकेटकीपर बल्लेबाज नुरूल हसन ने भारत के चैम्पियन बल्लेबाज विराट कोहली पर फर्जी फील्डिंग का आरोप लगाया है, जिससे उनकी टीम को टी-20 विश्व कप के अहम मुकाबले में पांच संभावित पेनल्टी रनों से महरूम रहना पड़ा। बारिश के कारण जीत के लिए 16 ओवर में 151 रन के संशोधित लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश टीम पांच रन से हार गयी थी। कप्तान शाकिब अल हसन ने हार को स्वीकार किया, लेकिन आखिरी ओवर में अर्शदीप सिंह को एक छक्का और एक चौका जड़कर बांग्लादेश को मैच में बनाये रखनेवाले नुरूल ने मैदानी अंपायरों की आलोचना की। उन्होंने कहा कि आउटफील्ड गीली होने से काफी फर्क पड़ा। एक फर्जी थ्रो भी था, जिससे हमें पांच रन मिलने चाहिये थे, लेकिन मिले नहीं। नुरूल सातवें ओवर की घटना का जिक्र कर रहे थे। वीडियो रिकॉर्डिंग में दिखाया गया कि अर्शदीप ने डीप से गेंद फेंकी और नुरूल का कहना है कि प्वाइंट पर खड़े कोहली ने उसे पकड़कर रिले थ्रो से दूसरे छोर पर फेंकने का एक्शन किया। नुरूल के इस तर्क पर सवाल उठ रहे हैं, क्योंकि दोनों बल्लेबाजों लिटन दास और नजमुल हुसैन शांतो ने उस वक्त कोहली की तरफ देखा भी नहीं था। आईसीसी की खेलने की शर्तों के नियम 41.5 के अनुसार फील्डिंग करने वाली टीम बल्लेबाज को जानबूझकर बाधा नहीं पहुंचा सकती या उसका ध्यान नहीं भटका सकती। अगर अंपायर को ऐसा लगता है कि किसी खिलाड़ी ने नियम तोड़ा है तो वह डेड बॉल घोषित करके पेनल्टी के पांच रन दे सकते हैं। चूंकि शांतो और लिटन ने कोहली की तरफ देखा भी नहीं, तो उनका ध्यान भटकने का सवाल ही नहीं उठता। ऐसी संभावना है कि मैच अधिकारियों की आलोचना के कारण नुरूल को सजा मिल जाये।

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी : रोमांचक मुकाबले में हिमाचल ने पंजाब को हराया

कोलकाता (एजेंसी)। सुमित वर्मा के अर्धशतक के साथ ऋषि धवन के तीन विकेट की मदद से हिमाचल प्रदेश ने शानदार लय जारी रखते हुए गुरुवार को यहां पंजाब पर 13 रन की जीत से सैयद मुश्ताक अली ट्राफी के फाइनल में प्रवेश किया। बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर सुमित ने 25 गेंद में 51 रन की पारी के दौरान तीन चौके और इतने ही छक्के जमाये जबकि आकाश वशिष्ठ ने 24 गेंद में 43 रन की पारी खेली जिसमें चार चौके और दो छक्के शामिल थे। इससे हिमाचल प्रदेश की टीम ने सात विकेट पर 176 रन का स्कोर खड़ा किया। जवाब में शुभमन गिल ने शीर्ष क्रम में 32 गेंद में 45 रन बनाये जबकि अनमोल प्रीत सिंह (30 रन), मंदीप सिंह (29 रन) और रमनदीप सिंह (29 रन) ने अपनी टीम को लक्ष्य तक पहुंचाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन यह कोशिश काफी नहीं रही। इससे पंजाब की टीम 20 ओवर में सात विकेट पर 163 रन ही बना सकी। इसमें हिमाचल के लिए धवन की गेंदबाजी ने अहम भूमिका निभायी जिन्होंने 25 रन देकर सलामी बल्लेबाज

अभिषेक वर्मा (01), पुखराज मान (10) और रमनदीप के विकेट झटके। मयंक डागर (27 रन देकर दो विकेट), कंवर अभिनय सिंह (27 रन देकर एक विकेट) और आकाश वशिष्ठ (आठ रन देकर एक विकेट) ने भी विकेट चटकाये। 2021-22 विजय हजारे ट्राफी की विजेता हिमाचल प्रदेश ने पावरप्ले में 32 रन पर दो विकेट खो दिये थे। लेकिन सुमित और आकाश 23 गेंद में 45 रन बनाकर टीम को 100 रन के स्कोर तक ले गये। सुमित 13वें ओवर में सनवीर सिंह का शिकार बने जबकि आकाश ने जिम्मेदारी से खेलते हुए पंकज जायसवाल (27 रन, 16 गेंद, दो चौके, एक छक्का) के साथ 27 गेंद में 47 रन की भागीदारी निभायी और टीम को प्रतिस्पर्धी स्कोर तक पहुंचाया। पंजाब को गिल ने अच्छी शुरुआत करायी जिन्होंने अपनी पारी के दौरान सात चौके और एक छक्का लगाया। लेकिन उनके पवेलियन लौटने के बाद पंजाब ने 10वें ओवर में 61 रन पर तीन विकेट गंवा दिये थे।

पंजाब एफसी की टीम घोषित, वेलौर ऑफ पंजाब किट भी की रिलीज

मोहाली (एजेंसी)। राउंडग्लास पंजाब फुटबॉल क्लब ने आई-लीग 2022-23 के लिए टीम की घोषणा कर दी है। मुख्य कोच स्टाइकोस वर्गेटिस के साथ खिलाड़ी लुका मजसेन, बिकाश युमनाम, दीपक देवरानी और किरण कुमार लिम्बु ने प्रेस वार्ता में हिस्सा लेकर टीम की रणनीतियों पर बात की। पंजाब टीम पिछले एक महीने से ग्रीक कोच के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण ले रही है और अब तक सात मैत्री मैच खेल चुकी है। कोच स्टाइकोस ने कहा कि हमारा प्री-सीजन अभी तक अच्छा गया है और टीम के साथ अलग-अलग प्रकार की रणनीतियों का प्रयोग करने में सफल रहे हैं। टीम में अनुभवी और युवा खिलाड़ियों का अच्छा संतुलन है। अनुभवी खिलाड़ी आई-लीग के कई सत्रों में खेल चुके हैं। मुझे विश्वास है कि युवा खिलाड़ी अपनी क्षमता के अनुसार खेलेंगे। उन्होंने कहा कि एक क्लब के रूप में हम फुटबॉल का एक आक्रामक ब्रांड खेलने की कोशिश कर रहे हैं जो बच्चों को खेल के लिए उत्साहित और प्रेरित करता है।